दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 295 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, गुरूवार 20 नवम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# भजनलाल सरकार की कैबिनेट में कई बड़े फैसले, प्रवासी राजस्थानियों के लिए बनेगा अलग से विभाग

## ग्लोबल कैपेसिटी केंद्र की स्थापना तथा अक्षय ऊर्जा के लिए कंपनियों को जमीनों का आवंटन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की भजन लाल सरकार की कैबिनेट की बैठक बुधवार को आयोजित की । इस बैठक में प्रदेश के विकास को गति देने के लिए और प्रदेश में रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर पैदा करने के लिए कई बड़े फैसले लिए गए । इसके अलावा प्रदेश में औद्योगिक माहौल तैयार करने तथा बिजली उत्पादन में राजस्थान को पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनाने के लिए अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में दो कंपनियों को भूमि आवंटन का निर्णय भी लिया गया तथा बाड़मेर में बिजली पावर ग्रिड की स्थापना के लिए भी भूमि आवंटन का निर्णय लिया गया । बुधवार की बैठक में प्रवासी राजस्थानियों के लिए अलग से विभाग स्थापित करने का निर्णय लिया गया जो प्रवासी राजस्थानियों की हर समस्या का निवारण तो होगा ही इसके अलावा प्रवासी राजस्थानियों का नियमित रूप से राजस्थान सरकार से संपर्क होता रहेगा जो कहीं ना कहीं प्रदेश के विकास के लिए काफी फायदेमंद साबित होगा । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता



में बुधवार को आयोजित हुई या कैबिनेट की बैठक काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है इस बैठक में सबसे बड़ा निर्णय प्रवासी राजस्थानियों के लिए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी कार्य विभाग की स्थापना करना रहा इस विभाग के माध्यम से प्रवासी देश और विदेश में मौजूद सभी प्रवासी राजस्थानियों की सभी तरह की समस्याओं के निवारण के प्रयास किए। जाएंगे इस विभाग के माध्यम से जो प्रवासी राजस्थानी राजस्थान में निवेश करना चाहता है अपना उपक्रम खोलना चाहता है उनकी सहायता के लिए इस विभाग की स्थापना की गई है इस विभाग के माध्यम से प्रवासी राजस्थानी अपने सभी तरह के कार्य आसानी से संपादित कर सकेंगे प्रवासी राजस्थानी आर्थिक सामाजिक औद्योगिक और तमाम तरह की उनकी जो समस्याएं हैं इस विभाग के माध्यम से अब संपादित हो सकेंगे । अब देखने वाली बात यह है कि इस महत्वपूर्ण डिपार्टमेंट की जिम्मेदारी राज्य मंत्रिमंडल में किस नेता के हाथ में दी जाएगी फिलहाल प्रवासी राजस्थानियों के लिए अलग से विभाग की स्थापना करना प्रवासी राजस्थानियों के लिए तो अच्छी खबर है ही इसके अलावा इस निर्णय से प्रदेश की जनता और प्रदेश सरकार को भी काफी फायदा होगा कैबिनेट की बैठक में एक और बड़ा निर्णय प्रदेश में ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर खोलने का लिया गया है । इस केंद्र के माध्यम से प्रदेश में युवाओं को ज्यादा से ज्यादा आधुनिक टेक्नोलॉजी का प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि वह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में उन्हें कार्य करने का मौका ले और अच्छे वेतन पर कार्य कर सके इसके लिए प्रदेश सरकार की ओर से करीब 200 सेंटर वर्ष 2030 तक राजस्थान में स्थापित किए जाएंगे ताकि प्रदेश के युवा ज्यादा से ज्यादा इन सेंटर में आधुनिक टेक्नोलॉजी और अन्य जरूरी विषयों के बारे में पारंगत होकर कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में अपना करियर बना सके । संवाददाताओं को जानकारी देते हुए उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में नौकरी मिले और प्रदेश के युवाओं को राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी कंपनियों में नौकरी के लिए तैयार करने के लिए यह सेंटर काफी कारगर साबित होंगे जिनकी वजह से प्रदेश का युवा राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने हुनर को दिखा सकेगा। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान के समझौते धरातल पर आ रहे हैं तेजी से कार्य शुरू हो चुका है इसके लिए प्रदेश में बड़े स्तर पर कंपनियों की दस्तक होने वाली है ऐसे में इस केंद्र के माध्यम से युवाओं को हर तरह से तैयार करके उन्हें रोजगार के लिए बिल्कुल परफेक्ट तैयार किया जाएगा ताकि कंपनियों में उन्हें अच्छी सैलरी पर नौकरी मिल सके । संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि राजस्थान पूरे देश में अक्षय ऊर्जा के मामले में नंबर वन है इस क्षेत्र में राजस्थान सरकार के प्रयासों से बिजली उत्पादन का कार्य जोरदार तरीके से संपादित हो रहा है दुनिया भर की कंपनी इस सेक्टर में राजस्थान में निवेश के लिए आतुर है इसी क्रम में बुधवार को हुई बैठक में एक कंपनी को अक्षय ऊर्जा के लिए 161.45 हेक्टर और एक अन्य कंपनी को करीब 156 हेक्टर जमीन आवंटन करने का फैसला सरकार की ओर से लिया गया सरकार की ओर से संबंधित कंपनियों को शर्तों के आधार पर जमीन का आवंटन किया गया है जिसमें पेड़ों की कटाई लीज और निर्धारित अवधि में कार्य पूरा करने संबंधी कई और शर्त रखी गई है जिसके आधार पर कंपनियों को जमीन का आवंटन किया गया है । इसके अलावा बिजली पावर ग्रिड के लिए भी बाड़मेर के खोखरा में जमीन का आवंटन किया गया है पत्रकारों से बातचीत करते हुए संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि प्रदेश की भजनलाल सरकार किसानों को दिन में बिजली देने के लिए पूरे प्रयास कर रही है । इसके लिए सौर ऊर्जा के क्षेत्र में बिजली उत्पादन पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है जिसमें सफलता भी मिल रही है इसके अलावा घरेलू और उद्योगों को भी समुचित बिजली मिले इसलिए सौर ऊर्जा के क्षेत्र में सरकार गंभीरता से काम कर रही है जिसमें अच्छे नतीजे भी सामने आ रहे हैं । इसलिए आने वाले दिनों में राजस्थान बिजली उत्पादन में पूरे देश में अग्रणी रहेगा जिसकी वजह से बहुत जल्दी ही यहां प्रदेश के सभी किसानों को दिन में बिजली मिलना शुरू हो जाएगी पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए राज्यवर्धन सिंह ने कहा कि प्रदेश में ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर के लिए प्रदेश सरकार कंपनियों का पूरा सहयोग करेगी इसके लिए सब्सिडी और तमाम तरह की सुविधा सरकार की ओर से कंपनियों को उपलब्ध करवाई जाएगी इसके लिए जमीन भी सरकार उपलब्ध करवाएगी ताकि प्रदेश के लाखों युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कंपनियों में नौकरी के लिए पूरी तरह से आधुनिक टेक्नोलॉजी के माध्यम से परमगत किया जा सके एक अन्य सवाल के जवाब में राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि राजस्थान फाउंडेशन में अधिकारियों और स्टाफ की कमी है आगे इस बात को सुनिश्चित किया जाएगा कि किस तरह से राजस्थान फाउंडेशन और अब जो प्रवासी राजस्थानियों के लिए जो अलग विभाग बनाया जा रहा है इन दोनों में किस तरह से कार्य का बटवारा होगा यह आपस में चर्चा के बाद तय करेंगे ।

## विद्याधन नगर में ऐतिहासिक घूमर महोत्सव का आयोजन, दिया कुमारी ने भी किया शानदार नृत्य

### प्रदेश के सभी साथ संभाग में शानदार ढंग से आयोजित हुआ घूमर महोत्सव हजारों की तादाद में राजस्थानी वेशभूषा में हर आयु वर्ग की महिलाओं ने किया शानदार नृत्य



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर के विद्याधर नगर के फुटबॉल मैदान में बुधवार को हजारों की संख्या में हर आयु वर्ग की महिलाओं ने परंपरागत राजस्थानी वेशभूषा में शानदार और बेमिसाल सामूहिक नृत्य करके लोगों का दिल जीत लिया। इस कार्यक्रम को कवर करने के लिए भारत की मीडिया जगत के अलावा कई अंतरराष्ट्रीय यूट्यूब और विदेशी मीडिया के लोग भी मौजूद रहे। इसलिए इस आकर्षक मनमोहक कार्यक्रम ने दुनिया भर के लोगों का दिल जीत है वैश्विक स्तर पर इस बेजोड़ कार्यक्रम ने केवल राजस्थान की परंपरागत वेशभूषा कलर नृत्य संगीत और विरासत की शानदार छाप छोड़ी है बल्कि इस कार्यक्रम में प्रदेश और देश की युवा पीढ़ी का भी दिल जीत है। इस कार्यक्रम में कॉलेज और यूनिवर्सिटी के अलावा स्कूल की छात्राओं ने भी मनमोहक प्रस्तुति की द्य उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के प्रयासों से यह पूरा कार्यक्रम जयपुर और प्रदेश के सभी संभागों में ऐतिहासिक तरीके से सफलतापूर्वक संपादित हुआ जयपुर के विद्याधर नगर में दिया कुमारी पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में नजर आई उनका राजस्थानी पहनावा कार्यक्रम में मौजूद लोगों और महिलाओं में चर्चा का विषय बना रहा महिलाएं उन्हें काफी देर तक निहारती नजर आई इस मौके पर दिया कुमारी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश के विकास के साथ-साथ प्रदेश की पारंपरिक सभ्यताओं विरासत को संभाले रखना भी बहुत जरूरी है अगर हम हमारी पारंपरिक विरासत को नहीं संभालेंगे तो फिर युवा पीढ़ी हमारे पौराणिक इतिहास और पौराणिक विरासत को भूल सी जाएगी इसलिए प्रदेश और देश की युवा पीढ़ी को पारंपरिक विरासत से रूबरू करवाने के लिए राजस्थान में पहली बार इस घूमर महोत्सव का आयोजन किया गया । उन्होंने कहा कि वैसे तो राजस्थानी घूमर नृत्य देश और दुनिया में अलग पहचान बने हुए हैं लेकिन फिर भी इस घूमर नृत्य को वैश्विक स्तर पर और अधिक पहचान दिलाने के लिए हमारी सरकार सतत प्रयास कर रही है इसी प्रयास के फल स्वरुप प्रदेश के सभी संभागों में बुधवार को सामूहिक घूमर नृत्य का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया इस सामूहिक घूमर नृत्य में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भी महिलाओं के साथ नृत्य किया जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा दिया कुमारी पिछले कई दिनों से इस कार्यक्रम को लेकर काफी उत्सुक नजर आ रही थी और इस कार्यक्रम के शानदार संपादन के लिए उन्होंने बाकायदा पूरे प्रदेश भर में इस कार्यक्रम के लिए रजिस्ट्रेशन करवाने वाली महिलाओं को नृत्य की ट्रेनिंग तक दिलवाई थी ताकि वह आसानी से शानदार तरीके से परफॉर्मेंस कर सके जिसका नजर बुधवार को प्रदेश भर में देखने को भी मिला जब महिलाओं ने सामूहिक रूप से राजस्थानी लोकगीत पर सामूहिक घूमर डांस किया द्य इस कार्यक्रम की शुरुआत दिया कुमारी ने नगाड़ा बजाकर की इस मौके पर विधायक गोपाल शर्मा राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष और पर्यटन विभाग के तमाम बड़े अधिकारी मौजूद रहे इसके अलावा जयपुर के कोने-कोने से आए लोगों ने इस कार्यक्रम को बड़े चाव से देखा दिया कुमारी ने पत्रकारों से कहा कि अगर हम हमारे युवा पीढ़ी को हमारी विरासत से रूबरू नहीं करवाएंगे तो वह निश्चित रूप से हमारी पुरानी परंपरागत विरासत को भूलेंगे ही उन्होंने कहा कि राजस्थान पूरे दुनिया भर के लोगों में अपनी विरासत अपनी वेशभूषा लोक संगीत खानपान कलर नृत्य इत्यादि सबको लेकर अलग पहचान बनाए हुए हैं इसीलिए बड़ी संख्या में यहां दुनिया भर के देश और विदेश के लोग आते हैं इसलिए इस कार्यक्रम के माध्यम से पर्यटकों की संख्या में भी निश्चित रूप से आने वाले दिनों में बढ़ोतरी होगी जो प्रदेश के कारोबार को भी गति देगी और पर्यटकों के आने से प्रदेश के राजस्व में भी वृद्धि होगी

## राज्यपाल से मिलकर नीतीश कुमार ने दिया मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा, आज नई सरकार का शपथ ग्रहण

पटना



बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मिलकर नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया और साथ ही नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। इससे पहले, बिहार में एनडीए विधायक दल की बैठक में नीतीश कुमार को नेता चुना गया। कल 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के विधायक दल की बैठक में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को सर्वसम्मति से नेता चुना गया। विधानमंडल के सेंट्रल हाल में आयोजित बैठक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक दल के नेता सम्राट चौधरी ने नीतीश कुमार के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका अनुमोदन जदयू के वरिष्ठ नेता बिजेंद्र प्रसाद यादव और लोजपा (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी समेत सभी सहयोगी दलों के विधायकों ने किया। इसके साथ ही नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री बनने का रास्ता औपचारिक रूप से साफ हो गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह बृहस्पतिवार को आयोजित किया जाएगा, जिसमें 75 वर्षीय नीतीश कुमार 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे।इससे पहले राजग के प्रमुख घटक दलों ने बुधवार को अपने-अपने विधायक दल के नेताओं को चुना। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के विधायकों की बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विधायक दल का नेता चुना गया। वहीं, भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों ने वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता चुना। जदयू की बैठक पटना स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय परिसर के 'संवाद' में आयोजित की गई, जिसमें सभी नवनिर्वाचित विधायक और पार्टी से विधान परिषद के 22 सदस्य मौजूद थे। जदयू नेता एवं राज्य के निवर्तमान मंत्री श्रवण कुमार ने कहा, 'नवनिर्वाचित विधायकों ने नीतीश कुमार को जदयू विधायक दल का नेता चुना है।' उन्होंने बताया कि बैठक में जदयू नेता विजय चौधरी और उमेश कुशवाहा ने प्रस्ताव रखा, जिसका जदयू के वरिष्ठ नेता बिजेंद्र यादव ने समर्थन किया और बाद में इस प्रस्ताव का समर्थन जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह 'ललन' ने भी किया। विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद नीतीश कुमार ने उपस्थित नेताओं को संबोधित करते हुए राज्य के कल्याण के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया।

## मोदी ने जारी की किसान निधि की 21वीं किस्त, बोले- भारत जैविक खेती का वैश्विक केंद्र बनने की राह पर

कोयंबटूर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत जैविक खेती का वैश्विक केंद्र बनने की राह पर है और उन्होंने जोर देकर कहा कि यह देश की मूल और पारंपरिक संस्कृति है। बिहार में एनडीए की शानदार जीत के बाद मोदी ने अपने आगमन पर गमछा लहराते दर्शकों देखकर कहा कि ऐसा लग रहा था जैसे बिहार की हवाएं उनसे पहले तमिलनाडु पहुंच गई हों। किसानों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जब मैं यहां मंच पर आया, तो मैंने देखा कि कई किसान हवा में अपना गमछा लहरा रहे थे। मुझे ऐसा लगा जैसे बिहार की हवा मुझसे पहले ही यहां पहुंच गई हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, प्राकृतिक खेती मेरे दिल के बहुत करीब का विषय है। मैं तमिलनाडु के सभी किसानों को इस अद्भुत दक्षिण भारत प्राकृतिक खेती शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। मैं प्रदर्शनी देख रहा था। मुझे कई किसानों से बात करने का अवसर मिला। किसी ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग की है, पीएचडी की है और फिर खेती कर रहे हैं, कोई नासा छोड़कर खेती कर रहा है, वे कई युवाओं को तैयार कर रहे हैं और प्रशिक्षित कर रहे हैं। पीएम ने आगे कहा कि मैं सार्वजनिक रूप से स्वीकार करता हूं कि अगर मैं इस कार्यक्रम में नहीं आया होता, तो मैं अपने जीवन में बहुत कुछ खो देता। आज यहां आकर, मैंने बहुत कुछ सीखा है। मैं तमिलनाडु के किसानों के साहस को सलाम करता हूं

## राजस्थान में मोबाइल बांटने से रोक दिया, बिहार में वोटिंग से पहले पेंशन बढ़ने से क्यों नहीं रोक: गहलोत

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को जयपुर में संवाददाता सम्मेलन में चुनाव आयोग की भूमिका और निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठाए । उन्होंने सीधे तौर पर राजस्थान और बिहार की विधानसभा चुनाव में आयोग के फैसलों की तुलना करते हुए दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाया । उन्होंने कहा कि जब राजस्थान में चुनाव होने वाले थे तो उनकी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को तुरंत रोक दिया गया था जबकि बिहार में वोटिंग से ठीक पहले मतदाताओं को प्रभावित करने वाले बड़े आर्थिक लाभ दिए गए । जिस पर चुनाव आयोग ने प्रतिबंध नहीं लगाया गहलोत ने बताया कि उनकी सरकार ने मार्च 2022 की बजट घोषणा के तहत एक करोड़ 25 लाख महिलाओं को मोबाइल फोन बांटने की योजना शुरू की थी उन्होंने कहा कि 30 से 40 प्रतिशत महिलाओं को मोबाइल फोन वितरित कर सके । लेकिन चुनाव आते ही दिसंबर 2023 में मोबाइल बांटने पर रोक लगा दी गई इसके अलावा राजस्थान में बुजुर्गों महिलाओं और दिव्यांगों को दी जाने वाली पेंशन वितरण प्रक्रिया को भी चुनाव आते ही रोक दिया गया था । उन्होंने कहा कि बिहार में चुनाव के दौरान सरकार ने मतदाताओं को सीधे प्रभावित करने के लिए बड़े वित्तीय फैसले लिए जिस पर चुनाव आयोग मौन रहा गहलोत ने आरोप लगाया कि चुनाव प्रचार समाप्त हो चुका था और मतदान से ठीक 1 दिन पहले बिहार में पेंशन की राशि में भारी बढ़ोतरी की गई उन्होंने कहा कि जो 400 रुपए पेंशन थी उसे बढ़ाकर 1100 रुपए कर दिया गया। उन्होंने कहा कि बिहार में अन्य योजनाओं के तहत चलते चुनाव के बीच मतदाताओं को सीधे पैसा ट्रांसफर किया गया उन्होंने सवाल उठाया की महिलाओं को बिहार में महिलाओं को 10000 रुपए ट्रांसफर किए गए । बोटिंग कल है और आज मेरे खाते में 10000 रुपए आएंगे तो क्या होगा? गहलोत ने अपने आप को स्पष्ट करते हुए कहा कि एक राज्य में हमारी योजनाओं पर रोक लगा दी जाती है दूसरे राज्य में वोटिंग से और पहले पेंशन में बढ़ोतरी की जाती है और पैसा ट्रांसफर किया जाता है यह दौरा मापदंड क्यों? मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा कि मतदाता सूची शुद्धिकरण के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लंबित होने के बावजूद चुनाव आयोग ने 12 राज्यों में इसे लागू कर दी है गहलोत ने निष्कर्ष निकला कि यह तमाम घटनाएं डाउट पैदा करती है और आयोग का व्यवहार निष्पक्ष नहीं है।

## इंडिया गठबंधन से नाता तोड़ सकती है कांग्रेस, जल्द होगा फैसला

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन को मिली करारी हार के बाद कांग्रेस पार्टी के दिल्ली में बैठे सभी बड़े नेता काफी हैरान और अचरज में है दिल्ली में बैठे नेताओं को जो चुनाव नतीजे बिहार के आए इस तरह के नतीजा की बिल्कुल भी उम्मीद नहीं थी। कांग्रेस पार्टी के दिल्ली में बैठ बड़े नेताओं और बिहार में कांग्रेस पार्टी के नेताओं को अब यह महसूस हो रहा है कि कहीं ना कहीं तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री के रूप में प्रस्तुत कर देने की वजह से बिहार की जनता ने महागठबंधन और कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों को समर्थन और मत देने से पीछे हट गए इसलिए कांग्रेस पार्टी को करारी पराजय का सामना करना पड़ा अब गांधी परिवार और कांग्रेस पार्टी



के अन्य बड़े नेताओं को यह लग रहा है कि चाहे स्थिति कितनी ही कठिन और विपरीत हो कांग्रेस पार्टी को अपने स्तर पर चुनाव लड़ना चाहिए । कांग्रेस पार्टी के दिल्ली स्थित उच्च सदस्य सूत्रों के मुताबिक दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के बड़े नेता अब कांग्रेस पार्टी को चाहे विधानसभा चुनाव हो या फिर लोकसभा चुनाव अपने बूते पर चुनाव लड़ने के विषय पर एक मत नजर आ रहे हैं । कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय नेताओं और राहुल गांधी प्रियंका गांधी का भी मानना है कि अगर कांग्रेस पार्टी अपने बूते पर पार्टी के संगठन को निचले स्तर पर मजबूत करें और कांग्रेस पार्टी अपनी नीति नियम और सिद्धांतों को लेकर जनता के बीच मजबूती से जाए तो कांग्रेस पार्टी के प्रदर्शन में अच्छा सुधार हो सकता है कांग्रेस पार्टी के नेता बिहार में महागठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ने को बड़ी भूल मान रहे हैं जिसमें तेजस्वी यादव के साथ सीट बंटवारे को लेकर भी कही माथा पच्ची हुई इसलिए अब कांग्रेस पार्टी बिहार नहीं बल्कि अन्य प्रदेशों में भी अपने बूते पर ही चुनाव लड़ने की संभावना पर ज्यादा ध्यान दे रही है। कहा जा रहा है कि इस बाबत बहुत जल्दी ही कांग्रेस पार्टी इंडिया गठबंधन से अलग हो सकती है इसकी घोषणा जल्दी ही होने वाली है पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राहुल गांधी और सोनिया गांधी के अलावा कांग्रेस पार्टी के दिल्ली में बैठे-बैठे नेता यह मान रहे हैं कि गठबंधन में कई पार्टियों के शामिल होने की वजह से चुनाव के समय टिकट का बंटवारा ठीक तरह से नहीं होता जिसकी वजह से कांग्रेस पार्टी के जो दावेदार होते हैं जब उन्हें टिकट नहीं मिलता है तो उनके समर्थकों में पार्टी के प्रति नाराजगी होना लाजमी है ऐसे में अगर पार्टी अकेले अपने दम पर चुनाव लड़ेगी तो कार्यकर्ताओं का विश्वास पार्टी के प्रति बना रहेगा वैसे भी कांग्रेस पार्टी ने देश के कई राज्यों में और देश में लंबे समय तक शासन किया है इसलिए कांग्रेस पार्टी अब अगर अकेले अपने दम पर चुनाव लड़ेगी तो प्रदर्शन में निश्चित रूप से सुधार होगा। कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय नेताओं को एहसास हुआ है कि बिहार में तेजस्वी यादव के साथ दोस्ती करना कांग्रेस पार्टी के लिए ज्यादा नुकसानदायक रहा क्योंकि तेजस्वी यादव और उनके पिता तथा उनके परिवार के कई सदस्यों पर भ्रष्टाचार के गंभीर मामले लंबित चल रहे हैं ऐसे में एनडीए और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने भ्रष्टाचार को लेकर तेजस्वी यादव की पार्टी और उनके सहयोगी दलों को जोरदार निशाना बनाया जिसका खामियाजा महागठबंधन के साथ कांग्रेस पार्टी को भी उठाना पड़ा ।

# गैस रिसाव की परिस्थितियों से निपटने के लिए आयोजित किया गया मोक ड्रील प्रशिक्षण

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा आपदा प्रबंधन के तहत गैस रिसाव (केमिकल डिजास्टर) की परिस्थितियों से निपटने के लिए गुरूवार को एमआईए स्थित लॉर्ड्स क्लोरो अल्कली लिमिटेड में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ सहित राहत एवं बचाव से जुडे अन्य सुरक्षाकर्मियों का मोक ड्रील का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर एवं इंसीडेंट मजिस्ट्रेट बीना महावर के निर्देशन में मॉक ड्रील के तहत किए गए बचाव एवं राहत कार्य संपादित किए गए। अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर ने बताया कि जिला कलक्टर के मार्गदर्शन में आपातकालीन परिस्थितियों में गैस रिसाव की समस्या से निपटने के लिए मोक ड्रील का आयोजन किया गया जिसके तहत एमआईए स्थित लॉर्ड्स क्लोरो एलक्लीज कम्पनी लि. में क्लोरीन स्टोरेज टैंक से गैस के रिसाव की सूचना प्राप्त हुई जिसमें कम्पनी के 32 कार्मिक बेहोश हो गए। सूचना प्राप्त होते ही कंट्रोल रूम से संबंधित राहत दलों एवं अधिकारी को त्वरित सूचना प्रसारित की गई। जिसकी सूचना मिलने पर स्थानीय थाना पुलिस, अग्निशमन दल, चिकित्सा दल, सिविल डिफेन्स, स्काउट व गाइड, एसडीआरएफ एवं एनडीआरएफ के दलों ने तुरन्त मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य प्रारम्भ किया। गैस लीकेज के दौरान काम में आने वाले मास्क एवं विशेष ड्रेस पहनकर राहत एवं बचाव कार्य को अंजाम दिया गया। मोक ड्रील के दौरान एनडीआरएफ 6वीं बटालियन गुजरात से आए ऑफिसर इंचार्ज डॉ. परमिंदर सिंह ने गैस रिसाव से होने वाली क्षति के तहत आपातकालीन अलार्म का उपयोग, राहत कार्यों का प्रदर्शन एवं रखी जाने वाली विशेष सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि इस दौरान सीबीआरएन से बचाव संबंधित उपकरणों एवं भिन्न-भिन्न प्रकार के तरीकों एलसीएएल में फंस रहे लोगों को बचाने का प्रदर्शन किया गया जिसमें लीकेज अरेस्ट करने, रेस्क्यू करने विभिन्न तकनीक तथा उपकरणों आदि से निकलने की तकनीकी जानकारी दी गई। इस दौरान जिला परिषद के सीईओ सालुखे गौरव रवीन्द्र, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय काम्बले शरण गोपीनाथ, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, उपखण्ड अधिकारी अलवर माधव भारद्वाज, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. महेश बैरवा, जीएम डीआईसी एम.आर मीणा, पीडब्ल्यूडी की अधिशासी अभियन्ता अल्का व्यास, एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट संजय गुर्जर सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।





## बीएलए प्रशिक्षण एसआईआर प्रक्रिया पर मिली जिम्मेदारियां



जयपुर टाइम्स

**शाहपुरा(निसं.)** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बुधवार को शाहपुरा (जयपुर ग्रामीण) में वोट चोरी रोकने के महाअभियान के तहत बीएलए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। अमृतसर स्टैंड पर हुई बैठक में विधायक मनीष यादव, जिला प्रभारी आर.सी. चौधरी और विधानसभा प्रभारी माया सुवालका ने स्ढ्ढक्र प्रक्रिया व बूथ प्रबंधन पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में शाहपुरा विधानसभा के दोनों ब्लॉकों के बीएलए, ब्लॉक अध्यक्ष नाथूलाल सैनी, मुकेश गुर्जर, नगर अध्यक्ष मुकेश बुढ़ानिया, सुरेश मीणा, अलादीन, प्रवीण व्यास, यूथ जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, वरिष्ठ व पूर्व पदाधिकारी तथा महिला कांग्रेस सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एडीएम शहर ने ली नार्को कोर्डिनेशन समिति की समीक्षा बैठक



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर ने जिला स्तरीय नार्को कोर्डिनेशन समिति की समीक्षा बैठक लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर ने निर्देशित किया कि अंतर विभागीय समन्वय स्थापित कर जिले को नशामुक्त बनाने हेतु प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिए की भारत सरकार द्वारा तैयार किए गए मानस नारकोटिक्स कंट्रोल हेल्पलाइन-1933 का व्यापक स्तर प्रचार प्रसार किया जाए, जिससे किसी भी व्यक्ति को नारकोटिक्स से संबंधित शिकायत दर्ज कराने में असुविधा का सामना नहीं करना पडे। उन्होंने निर्देशित किया कि विद्यालय एवं महाविद्यालय परिसरों को नशामुक्त बनाने हेतु व्यापक स्तर पर जागरूकता गतिविधियों का संचालन करावे, ताकि युवा पीढी नशे से दूर रह सके। उन्होंने औषधि नियंत्रक को निर्देश दिए कि मेडिकल स्टोर का नियमित तौर पर निरीक्षण किया जाए। उन्होंने एनडीपीएस के तहत की गई कार्यवाही के बारे में वस्तु स्थिति जानकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय काम्बले शरण गोपीनाथ, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह, सहायक वन संरक्षक अलवर काव्या बी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पेट्रोल पंपों का बकाया भुगतान लंबित, जिला पेट्रोल पंप एसोसिएशन ने दिया प्रशासन को ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**बांसवाड़ा(निसं.)।** जिला पेट्रोल पंप एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश चंद्र कलाल के नेतृत्व में जिला प्रशासन को विगत सितंबर माह में मुख्यमंत्री की यात्रा अक्टूबर माह में प्रधानमंत्री की यात्रा एवं नवंबर माह में डूंगरपुर में मुख्यमंत्री की यात्रा में कार्यकर्ताओं एवं जनता को कार्यक्रम स्थल तक ले जाने हेतु भेजे गए वाहनों में जिला रसद अधिकारी के द्वारा जारी किए गए कूपन के आधार पर जिले के पेट्रोल पंप व्यापारियों ने वाहनों में पेट्रोल एवं डीजल दिया गया। पिछले काफी समय से बकाया है बकाया राशि का भुगतान पेट्रोल पंप व्यवसाययों को नहीं होने से पेट्रोल पंप व्यवसायी आर्थिक परेशानी का सामना कर रहे हैं। इस हेतु जिला पेट्रोल पंप एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र कलाल, संरक्षक संजय गांधी, सैफुद्दीन कलीम भाई, रमेश नायक, शिखर जैन एवं कई पंप व्यवसायियो के साथ मिल कर जिला कलेक्टर, जिला रसद अधिकारी एवं जिला परिषद् अधिकारी को ज्ञापन देते हुए समस्या से अवगत कराते हुए बकाया राशि के शीघ्र भुगतान की मांग की गई।

## बीएलओ दिनेश कुमार सैनी सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)** राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ दिनेश कुमार सैनी को भाग संख्या 68 में शत-प्रतिशत कार्य (1353 वोटर) 17 नवंबर 2025 तक पूरा करने पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सीमा मीना द्वारा बुधवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया इस दौरान कार्यलय के कर्मचारी मौजूद रहे ।

## भारत रत्न इंदिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भारत रत्न एवं देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती पर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी अलवर द्वारा अम्बेडकर नगर, 200 फीट बाईपास स्थित जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने की। जिलाध्यक्ष मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि इंदिरा गांधी का जन्म 19 नवंबर 1917 को इलाहाबाद में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के घर हुआ था। वे भारतीय राजनीति की सबसे सशक्त और दूरदर्शी नेताओं में से एक थीं, जिन्होंने अपने दृढ़ संकल्प और नेतृत्व क्षमता से भारत को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि 'इंदिरा गांधी का योगदान भारतीय लोकतंत्र, राष्ट्रीय एकता और देश की प्रगति के लिए अविस्मरणीय है। उनका जीवन देश सेवा और संघर्ष की प्रेरणादायी कहानी है।'

इन्दिरा ने देश की कामयाबी के लिए पांच सूत्र दिए

1.एक ही जादू।
2. कड़ी मेहनत।
3. दूर दृष्टि ।
4. पक्का इरादा ।
5. कठोर अनुशासन ।

इन्दिरा ने बैंकों का राष्ट्रीय करण किया, सन 1974 में परमाणु परीक्षण कर राष्ट्र को परमाणु संपन्न राष्ट्रों की श्रेणी में लाकर खड़ा किया। इन्दिरा को हम सबकी सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके बताए मार्ग पर चलकर देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखते हुए आपसी भाईचारे से रहे। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों द्वारा इंदिरा गांधी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर योगेश मिश्रा, गफूर खान, हिरेंद्र शर्मा, जमशेद सरपंच, राकेश बैरवा, पंकज शर्मा, राजेश कृष्ण सिद्ध, डॉ संदीप सैनी, जयदीप आर्यन, राजेश विरमानी, बलबीर चौधरी, रामप्रकाश शर्मा, रामकिशन बैरवा, कृष्ण खंडेलवाल, विशाल बौद्ध, अशोक नंदा, सोनू गोपालिया, एवं पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किश्त हस्तांतरण का जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त हस्तानांतरण का जिला स्तरीय कार्यक्रम कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुआ, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय कार्यक्रम कोयंबत्तुर, तमिलनाडु से 'पीएम-किसान उत्सव दिवस' के अवसर पर पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किश्त लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित की। इस अवसर पर राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया। जिले के 1 लाख 50 हजार से अधिक किसानों के खातों में 30 करोड़ से अधिक राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। कार्यक्रम के तहत पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से राज्य के 66 लाख 62 हजार किसानों को 1 हजार 332 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की गई तथा अलवर जिले के 1 लाख 50 हजार से अधिक किसानों को खातों में 30 करोड़ से अधिक राशि हस्तांतरित की गई। उल्लेखनीय है कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये की राशि तीन समान किश्तों में प्रदान की जाती है। राजस्थान में किसानों को अतिरिक्त राहत प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना लागू है, जिसके अंतर्गत पीएम किसान सम्मान निधि योजना के सभी पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 3 हजार रुपये की अतिरिक्त राशि दी जा रही है। इ स अवसर पर उपखण्ड अधिकारी अलवर माधव भारद्वाज, पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, दी अलवर सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के प्रबंध निदेशक कृष्णा नंद शर्मा, सहकारिता के उप रजिस्टार गुलाबचंद मीणा सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## प्याज की स्थिति का आंकलन करने के लिए केंद्रीय दल के अधिकारियों ने किया खैरथल-तिजारा जिले का दौरा



### किसानों से बातचीत कर स्पष्ट किया कि प्याज निर्यात पर कोई प्रतिबंध नहीं है

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के विभिन्न विभागों के केंद्रीय दल ने बुधवार को खैरथल-तिजारा जिले में खरीफ प्याज की स्थिति का आंकलन करने हेतु भ्रमण किया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट एवं केंद्रीय दल के अधिकारियों ने कृषि उपज मंडी सभागार में अधिकारियों, प्याज विपणन से जुड़े व्यापारियों की बैठक ली। इस केन्द्रीय दल में उप कृषि विपणन सलाहकार विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय बी. के पृष्टि, उप निदेशक उद्यान तकनीकी प्रभाग डॉ. बी.डी निगम, उप निदेशक समन्वित कीट प्रबंधन अर्जुनाल बैरवा, वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी मूल्य निगरानी प्रभाग चिराग भाटिया, वरिष्ठ उद्यान अधिकारी ए. के सिंह शामिल रहे। केंद्रीय दल के अधिकारियों ने जिले में खरीफ प्याज के उत्पादन, वर्तमान भाव, भण्डारण इत्यादि की विस्तृत समीक्षा की तथा व्यापारियों एवं प्याचा कृषकों से खरीफ प्याज के भण्डारण एवं भाव सुधार के संबंध में फीडबैक लिया। साथ ही, प्याज के भाव सुधार एवं परिवहन हेतु केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इसके उपरान्त केंद्रीय दल के अधिकारियों द्वारा जिले के प्याज उत्पादक कृषकों के खेतों का अवलोकन कर प्याज उत्पादन से संबंधित विभिन्न समस्याओं के संबंध में चर्चा कर कृषकों को प्याज उत्पादन से संबंधित नवीन तकनीकों को अपनाने का सुझाव दिया गया। साथ ही, कृषकों को प्याज उत्पादन से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु एनपीएसएस एप डाउनलोड करवाया गया। उन्होंने कृषकों को जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार द्वारा प्याज के निर्यात पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है, प्याज का निर्यात लगातार जारी है। इस दौरान संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार विजय सिंह, उपनिदेशक उद्यान गोपाल लाल मीना, सहायक निदेशक उद्यान सुभाष चन्द्र, मंडी सचिव राजेश कर्दम कृषि अधिकारी मनीष अग्रवाल उपस्थित रहे।

## राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना के तहत जिला स्तरीय छानबीन समिति की बैठक हुई संपन्न



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा।** राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना की जिला स्तरीय छानबीन समिति बैठक का आयोजन अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में जिला सचिवालय खैरथल में किया गया। महाप्रबंधक जि.उ.एवं.वा.केन्द्र, भिवाड़ी (सदस्य सचिव) सी एम गुप्ता द्वारा राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना के 15 इकाईयों के प्रकरण पर विद्युत कर छूट, निवेश एवं रोजगार सजृन अनुदान एवं ब्याज अनुदान हेतु समिति के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत किए गए। जिला स्तरीय छानबीन समिति के द्वारा 12 इकाईयों के प्रकरण अनुमोदित किए गए। अनुमोदित प्रकरणों में उद्यमियों को विद्युत कर में 100' छूट, निवेश अनुदान में 75' अनुदान, रोजगार सृजन अनुदान में 50' अनुदान का लाभ आगामी 07 वर्ष से 10वर्ष तक लाभ योजनानुसार देय होगा। अनुमोदित किए गए प्रकरणों में लगभग 97 करोड़ का निवेश किया गया है। जिसमें 545 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार दिया जा रहा है। जिला स्तरीय छानबीन समिति की बैठक में 12 औद्योगिक इकाइयों को लाभ दिया गया। अति. जिला कलक्टर द्वारा राजस्थान निवेश प्रोत्साहन 2019 योजनाओं के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कराने हेतु प्रतिमाह जिला स्तरीय छानबीन समिति की बैठक आयोजित कराने एवं आवश्यकता होने पर इकाईयो के मौका निरीक्षण कराने के निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त स्त्रस्ञ्ज निशी रानी, वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक रीको द्वितीय भिवाड़ी अखिल कुमार अग्रवाल, रीको प्रथम भिवाड़ी कलिका सिंह, आरएफसी से प्रसन्ना कुमार, AEN बिजली विभाग भीम सिंह, जिला उद्योग अधिकारी दिलखुश मीणा एवं अभिनेंद्र सैनी सहित विभागीय कार्मिक सदस्य उपस्थित रहे।

## सैन समाज सम्मेलन में भाजपा नेता डॉ मोहित जसवंत यादव, का समर्थन

### सैन समाज की हर सकारात्मक पहल में साथ हूँ' - भाजपा नेता डॉ मोहित जसवंत यादव ने बैठक में रखा अपना संकल्प

### एकता यात्रा की तैयारियो की समीक्षा

जयपुर टाइम्स



**बहरोड़(निसं.)।** भाजपा के नेता डॉ. मोहित जसवंत यादव सैन समाज सम्राट समिति द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मलेन की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जहाँ उन्होंने समाज के पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में उपस्थित सदस्यों से संवाद करते हुए समाज की प्रगति और एकता के लिए पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सैन समाज सालों से मेहनत, सेवा, पारिवारिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ रहा है और उनका योगदान केवल सेवा कार्यों तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक सद्भाव और परंपराओं को आगे बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण है। मोहित यादव ने कहा कि 'सैन समाज का महत्व हमारे जन जीवन में अतुलनीय है और आपकी हर अच्छी पहल पर हम आपके साथ खड़े हैं, क्योंकि आपकी तरक्की में क्षेत्र की तरक्की है और आपकी एकता में ही हमारी शक्ति निहित है।' बैठक के बाद उन्होंने बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में पहुँचकर लोगों से मुलाकात की, उनकी आवश्यकताओं पर चर्चा की और युवाओं, ग्रामवासियों व वरिष्ठ नागरिकों से संवाद किया। इसी क्रम में उन्होंने होने वाली 'सरदार पटेल एकता यात्रा' की तैयारियों की भी समीक्षा की, जिसमें मार्ग निर्धारण, सभा स्थल की व्यवस्थाएँ, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियाँ, सुरक्षा और यातायात प्रबंधन जैसे प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की और टीम को समयबद्ध रूप से सभी तैयारियाँ पूरी करने के निर्देश दिए। मोहित यादव ने कहा कि एकता यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि क्षेत्र की भावनात्मक शक्ति और सांस्कृतिक एकजुटता का प्रतीक है, और उन्होंने लोगों से इसमें बढ़-चढ़कर शामिल होने की अपील की। इस अवसर पर उनके साथ पार्टी कार्यकर्ता एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# पिता की विरासत को बखूबी से संभाल रहे जगत सिंह

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के गृह क्षेत्र नदबई के नए विकास पुरुष के रूप में को किया स्थापित

# मौके पर जाकर विकास कार्यों का खुद ले रहे जायजा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** विदेश नीति के उच्च कोटि के जानकार और एक जमाने में इंदिरा गांधी राजीव गांधी और सोनिया गांधी के काफी विश्वासपात्र और भरोसेमंद नेता रहे दिवंगत कुंवर नटवर सिंह के बेटे जगत सिंह अपने पिता की विरासत को बखूबी से संभाल रहे हैं । हालांकि अपने पिता की तरह बनने के लिए उन्हें अभी काफी लंबा सफर तय करना पड़ेगा और काफी दौड़ धूप मेहनत भी करनी पड़ेगी लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं जिस समर्पण भाव से उन्होंने अब तक विधायक के रूप में अपने निर्वाचन क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और क्षेत्र के लोगों के जनकल्याण के लिए निरंतर सतत रूप से कार्य कर रहे हैं उससे स्वर्ग में बैठे उनके पिता की आत्मा को भी काफी संतुष्टि मिल रही होगी क्योंकि भले ही जगत सिंह ने कभी कांग्रेस कभी बसपा और कभी बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़े हो लेकिन जहां से भी उन्होंने चुनाव लड़ा लोगों ने उन्हें भरपूर प्यार और समर्थन दिया यह जगत सिंह की अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि कहीं जा सकती है क्योंकि वे अब तक एक बात कांग्रेस और दो बार भारतीय जनता पार्टी से अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने जा चुके हैं हालांकि एक बार उन्हें 2018 के विधानसभा चुनाव में बसपा से चुनाव लड़ने के दौरान पराजय का सामना भी करना पड़ा लेकिन इस चुनाव में भी उन्होंने काफी अच्छा समर्थन लोगों का मिला था वर्तमान में जगत सिंह नदबई विधानसभा क्षेत्र से भाजपा से विधायक हैं। विधायक बनने से पहले भरतपुर के जिला प्रमुख पद पर नियुक्त थे । लेकिन भाजपा के रणनीतिकारों ने जगत सिंह की लोकप्रियता और हर जाति और बिरादरी के लोगों में उनकी और उनके परिवार की अच्छी राजनीतिक रेपुटेशन को देखते हुए इन्हें वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में नदबई से भाजपा का टिकट दिया । जिसमें इन्होंने बसपा से कांग्रेस में आए मौजूदा विधायक जोगेंद्र सिंह अवाना को करीब 15000 से ज्यादा वोटो के अंतर से हराकर दमदार तरीके से भारतीय जनता पार्टी में अपनी दूसरी पारी का उन्होंने आगाज किया । नदबई से विधायक चुने जाना जगत सिंह के लिए एक प्लस पॉइंट यह भी है कि इसी निर्वाचन क्षेत्र के अटारी गांव के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मूल रूप से रहने वाले हैं उन्हें लोगों की समस्याओं और क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए ज्यादा चक्कर काटने नहीं पड़ते अधिकारी जानते हैं कि यह मुख्यमंत्री का गृह इलाका है । इसके अलावा जगत सिंह को अपनी हाई प्रोफाइल पॉलीटिकल पृष्ठभूमि और खुद की छवि का भी यहां फायदा मिल जाता है जिसकी वजह से वे नदबई विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं इतना ही नहीं खुद मौके पर जाकर विकास कार्यों का जायजा भी लेते हैं विकास कार्य पूरी ईमानदारी और गुणात्मक कसौटी पर खरे उतरे इन विषयों पर वे नजर बनाए रखते हैं इसमें कहीं कोई संदेह नहीं नदबई के विधायक के रूप में जगत सिंह ने पिछले करीब 2 साल में अपनी कठिन मेहनत लगन से हर जाति और बिरादरी के लोगों के बीच जाकर उन्होंने जो छवि बनाई है उसे लोग उन्हें नदबई के नए विकास पुरुष के नाम से संबोधित करने लगे हैं ।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ बहुत ही अच्छा तालमेल है जगत सिंह का

नदबई विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए यह सौभाग्य की बात है कि यहां के विधायक और मुख्यमंत्री दोनों ही भरतपुर जिले के रहने वाले हैं जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का अटारी गांव टू नदबई विधानसभा क्षेत्र में ही आता है तो दूसरी तरफ जगत सिंह के पिता नटवर सिंह को पूरा देश और दुनिया जानती है जो भरतपुर के दो बार सांसद रहे केंद्र में विदेश मंत्री रहे 31 साल तक विदेश सेवा की नौकरी की इसलिए जगत सिंह और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दोनों एक दूसरे से पहले से ही काफी परिचित हैं और दोनों ही नदबई विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को भी अच्छी तरह से जानते हैं और दोनों ही अपनी-अपनी जिम्मेदारी को भी अच्छी तरह से समझते हैं इसीलिए पिछले 2 साल में नदबई में बड़े पैमाने पर विकास कार्य हुए इसका सबसे बड़ा कारण यही है कि जगत सिंह और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के बीच बहुत ही शानदार तालमेल बना हुआ है दोनों एक दूसरे का खूब आदर और सम्मान करते हैं दोनों एक दूसरे के दिलों की बात को भी जल्दी ही समझ जाते हैं इसलिए दोनों के बीच बहुत ही अच्छी अंडरस्टैंडिंग है जिसका फायदा नदबई विधानसभा क्षेत्र के लोगों को बखूबी से मिल रहा है जगत सिंह नियमित रूप से मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें क्षेत्र के विकास कार्यों और क्षेत्र की समस्याओं के बारे में जानकारी देते रहते हैं मुख्यमंत्री शर्मा की उनकी हर बात को गंभीरता से लेते हैं और जहां निर्णय लेने की जरूरत होती है वहां निर्णय भी लेते हैं





### मुंह में सोने की चम्मच लिए पैदा होने वाले जगत सिंह सड़कों पर बहा रहे पसीना

जगत सिंह का जन्म काफी हाई प्रोफाइल फैमिली में हुआ इनका ननिहाल पटियाला राज परिवार रहा है । जगत सिंह के पिता नटवर सिंह का 1953 में भारतीय विदेश सेवा में सलेक्शन हुआ था अपनी 31 साल की इस विदेश सेवा की नौकरी में उन्होंने दुनिया के कई मुल्कों में राजदूत और अन्य बड़ी भूमिकाओं में भारत सरकार की ओर से नियुक्ति हासिल की । उन्होंने चीन, अमेरिका ,यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राष्ट्र संघ इत्यादि जगह पर भारत का प्रतिनिधित्व किया । इस विदेश सेवा की नौकरी के दौरान ही नटवर सिंह के यहां जगत सिंह का जन्म हुआ इसलिए इनकी बचपन से ही हाई प्रोफाइल लाइफस्टाइल रही स्कूल कॉलेज और यूनिवर्सिटी सारी पढ़ाई विदेश में हुई । इन्होंने यूके की प्रतिष्ठित बकिंघम यूनिवर्सिटी से स्नातक किया बाद में नटवर सिंह के विदेश सेवा की नौकरी छोड़ने के बाद नटवर सिंह दो बार भरतपुर से कांग्रेस से सांसद रहे और फिर राजीव गांधी सरकार में राज्य मंत्री रहे तथा मनमोहन सिंह के प्रथम कार्यकाल के शासन में भी विदेश मंत्री रहे । इस तरह से जगत सिंह लग्जरी लाइफ़स्टाइल रही लेकिन जब उन्होंने अपनी इस लग्जरी लाइफ़स्टाइल में अपने पिता को कड़ी मेहनत करते हुए नजदीकी से देखा उनकी व्यस्त जिंदगी और लोगों के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने से प्रेरित होकर जगत सिंह ने भी राजनीति में कदम रखा लेकिन वह यह जानते थे कि अगर राजनीति में आगे बढ़ाना है तो कहीं ना कहीं आरामदायक जिंदगी को तो कम से कम छोड़ना ही होगा और जितना जनता के बीच रहेंगे उतना ही लोगों का उनके प्रति जुड़ाव पैदा होगा । शुरू में जगत सिंह अपने पिता की विरासत को संभालने के लिए कांग्रेस पार्टी से जुड़े 1998 में कांग्रेस पार्टी से जुड़ने के बाद 2003 में लक्ष्मणगढ़ विधानसभा सीट से कांग्रेस पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा और चुनाव जीते भी । इसके बाद से जगत सिंह ने खुद की अपनी एक अलग लोकप्रियता और पहचान बनाने की दिशा में तेजी से कार्य करना शुरू किया इसमें कोई संदेह नहीं 2003 में जो उन्होंने चुनाव जीत तो निश्चित रूप से अपने पिता के लोकप्रियता और छवि के आधार पर लोगों ने उन्हें विधानसभा में पहुंचाया । लेकिन विधायक चुने जाने के बाद उन्होंने राजनीति में खुद की अपनी एक अलग पहचान बनाने की दिशा में कार्य करना शुरू किया । आरामदायक जिंदगी को छोड़कर ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच में रहना और ज्यादा से ज्यादा लोगों की तकलीफ सुनकर उनकी तकलीफों को दूर करना लोगों के सुख-दुख में शामिल होना हर जाति और बिरादरी के लोगों के कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दिखाना इन सब कार्यों में जगत सिंह अपने पिता से भी काफी आगे निकल गए । नटवर सिंह अपने जमाने के कांग्रेस पार्टी के काफी सीनियर नेता माने जाते थे इंदिरा गांधी के कहने पर ही उन्होंने विदेश सेवा की नौकरी छोड़कर कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की राजीव गांधी की सरकार में केंद्रीय राज्य मंत्री बने कई बड़े डिपार्मेंट उन्हें दिए गए इसके बाद मनमोहन सिंह की सरकार में भी उन्हें विदेश मंत्री बनाया गया हालांकि 2008 में उन्होंने कांग्रेस पार्टी को छोड़ दिया लेकिन जब तक कांग्रेस पार्टी में रहे पार्टी की केंद्रीय नेताओं में उनकी अलग पहचान थी इसलिए भरतपुर में उनका नाम तो काफी था और लोग उनके नाम से उन्हें वोट और समर्थन भी देते थे लेकिन जहां तक लोगों से व्यक्तिगत मुलाकात करने की बात है उसमें जगत सिंह अपने पिता से काफी आगे हैं । क्योंकि नटवर सिंह दिल्ली में काफी बिजी रहते थे इसलिए चाहते हुए भी अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों से फेस टू फेस ज्यादा समय नहीं दे पाते थे लेकिन जगत सिंह तीसरी बार विधायक चुने गए हैं अलग-अलग इलाकों से विधायक चुने गए हैं लेकिन पब्लिक के बीच में उनकी जो पकड़ है उनका जो जुड़ाव है उसी की वजह से उन्होंने जहां से भी चुनाव लड़ा वहां से जीत हासिल की इसका एक ही कारण है कि वे अपनी लाइफ का अधिकांश समय गांव के पटेल सरपंच वार्ड पंच इत्यादि के साथ बिताते हैं नदबई से उनकी जीत का भी यही बड़ा कारण रहा कुल मिलाकर जगत सिंह की सबसे बड़ी खासियत यह है कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों से नियमित रूप से मिलते रहते हैं जिसकी वजह से लोगों के प्रति उनका जुड़ाव और आकर्षक बढ़ता रहता है ।

### विधायक आपके द्वार कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपादित कर रहे हैं जगत सिंह

जानकार लोगों का कहना है कि भरतपुर जिला प्रमुख पद पर रहते हुए भी जगत सिंह ने भरतपुर के हर ग्राम पंचायत के विकास कार्यों को गति देने का प्रयास किया । हालांकि उनके जिला प्रमुख पद पर रहने के दौरान प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार थी इसलिए उनके लिए जिला प्रमुख के जिम्मेदारी को संभालना बड़ी चुनौती थी लेकिन अपनी चतुराई और राजनीतिक अनुभव के आधार पर उन्होंने अपने जिले के ग्राम पंचायत में ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य करवाने की ओर अपना पूरा फोकस रखा जिले के सरपंच, पंच ,वार्ड पंच, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य सभी के साथ नियमित रूप से मीटिंग का आयोजन करके ग्रामीण इलाकों का विकास समुचित तरीके से हो इसके लिए रोड मैप तैयार करते रहे गहलोत सरकार पर दबाव बनाते रहे और लड झगड़कर सरकार से बजट मंजूर करवातेरहे अपनी इस संघर्ष की गाथा से जगत सिंह अपने पिता की तरह भरतपुर की हर जाति और बिरादरी के लोगों में अच्छी पहचान और पकड़ बनाने में सफल हुए जो बाद में नदबई में उनकी जीत का बड़ा कारण भी बना, जिला प्रमुख पद पर रहने के दौरान भी उन्होंने हर ग्राम पंचायत के विकास कार्यों और लोगों की समस्याओं पर पूरा फोकस रखा समस्याएं चाहे दूर हो या नहीं लेकिन उन्होंने लोगों की समस्याओं को बहुत ही दमदार तरीके से तत्कालीन गहलोत सरकार के समक्ष रखा बाद में नदबई से विधायक चुने जाने के बाद भी उनके व्यवहार और उनकी वर्किंग शैली में कोई बदलाव नहीं आया है प्रदेश में खुद की पार्टी की सरकार बनने के बाद नदबई क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए विधायक चुने जाने के पहले दिन से ही जगत सिंह हमेशा सड़कों पर नजर आ रहे हैं । हालांकि विधानसभा क्षेत्र मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का गृह क्षेत्र है इसलिए मुख्यमंत्री के नाम से ही यहां छोटी-मोटी समस्याओं का समाधान तो हो ही जाता है लेकिन इसके बावजूद भी जगत सिंह नियमित रूप से अपने निर्वाचन क्षेत्र की हर ग्राम पंचायत में जाते हैं लोगों से मुलाकात करते हैं उनकी समस्याओं को सुनते हैं और अब तो उनकी समस्याओं का निवारण भी हो रहा है क्योंकि उनकी पार्टी की सरकार है और मुख्यमंत्री भी इसी इलाके के रहने वाले हैं लेकिन इसके बावजूद भी जगत सिंह की कोशिश यही रहती है कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र के हर घर तक पहुंचे और हर घर के मुखिया से मिलकर उसके सुख दुख को जाने इसलिए विधायक आपके द्वार कार्यक्रम को भी जगत सिंह ने काफी गंभीरता से लिया वैसे जगत सिंह विधायक चुने जाने के पहले दिन से ही अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों से लगातार मिलते रहे हैं और चुनाव प्रचार के दौरान हरगांव की जो समस्या उन्हें देखने को मिली उनके निवारण के लिए अब युद्ध स्तर पर प्रयास भी कर रहे हैं

### नदबई के कांग्रेस के मौजूदा विधायक जोगिंदर सिंह अवाना को हराना आसान नहीं था

पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के तौर पर जगत सिंह ने कांग्रेस प्रत्याशी जोगेंद्र सिंह अवाना को करीब 15000 से ज्यादा वोटो के अंतर से हराया था। जगत सिंह की यह जीत अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही थी क्योंकि अवाना ने 2018 की विधानसभा चुनाव में पूर्व महाराजा दिवंगत मानसिंह की बेटी और पूर्व मंत्री कृष्णा कौर दीपा को बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ते हुए हराया था और फिर पूरे 5 साल तक अवाना मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के काफी विश्वासपात्र और भरोसेमंद नेता बन रहे । इसीलिए गहलोत ने उन्हें देवनारायण बोर्ड का अध्यक्ष भी बनाया हालांकि अवाना ने 2018 का विधानसभा चुनाव बसपा की टिकट पर लड़ा था लेकिन बाद में चुनाव जीतने के बाद बसपा के अन्य विधायकों के साथ जोगिंदर सिंह अवाना भी कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए थे । 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने फिर से उन्हें टिकट दिया चुनाव प्रचार के दौरान जोगेंद्र अवाना दावा करते थे कि उन्होंने नदबई के अब तक के चुनावी इतिहास में सबसे ज्यादा विकास कार्य करवाए हैं अवाना की सभा में बड़ी संख्या में लोग भी उपस्थिति दर्ज करवा रहे थे। अशोक गहलोत की भी यहां पर बड़ी सभा का आयोजन हुआ था अवाना का काफी अच्छा माहौल यहां पर बताया जा रहा था उनके पुत्र उज्जैन पंचायत समिति के प्रधान पद पर थे इसलिए इस पंचायत समिति के ज्यादातर सरपंच भी अवाना के पक्ष के बताए जा रहे थे। इस बेल्ट में अनुसूचित जाति के मतदाता भी बड़ी संख्या में थे 2018 के चुनाव में बसपा के टिकट पर इन्हीं मतदाताओं के दम पर उन्होंने पूर्व मंत्री और पूर्व महाराजा मानसिंह की बेटी कृष्ण इंद्र कौर दीपा को हराया था । उस समय अवाना की इस जीत को राजनीति के जानकार लोग धमाकेदार बता रहे थे फिर पूरे 5 साल तक अपने विधायक पद के कार्यकाल में हुए कामों का जिक्र करके अवाना खुद को विकास पुरुष के नाम से प्रचारित कर रहे थे। अवाना के समर्थक भी उन्हें इसी तरह की उपाधि दे रहे थे जातिगत समीकरण का बैलेंस बनाने में भी अवाना अपना पूरा दिमाग लगा रहे थे इसलिए 2023 के विधानसभा चुनाव में राजनीति की परख रखने वाले लोग भी यह सोच रहे थे कि अवाना यह चुनाव दोबारा से जीत लेंगे क्योंकि जगत सिंह के लिए यह नया निर्वाचन क्षेत्र था हालांकि उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि उनके लिए यहां सहायक जरूर बनी रही क्योंकि उनके पिता नटवर सिंह दो बार भरतपुर से सांसद रह चुके थे इसके अलावा इस निर्वाचन क्षेत्र में जाट मतदाताओं की भी संख्या काफी अच्छी है । इस क्षेत्र के जाट मतदाताओं का रुझान जगत सिंह की तरफ रहा। जगत सिंह वैसे भी भरतपुर की रॉयल फैमिली से ताल्लुक रखते हैं इसके अलावा भरतपुर के जिला प्रमुख पद पर रहते हुए उन्होंने अपनी अच्छी पकड़ ग्रामीण इलाकों में बना ली थी ग्रामीण अंचल के विभिन्न पंचायत समितियां के पंच सरपंच और वार्ड पंचों से उनके व्यक्तिगत तालुका बहुत अच्छे बन गए थे जिसकी वजह से कहा जा रहा है कि जो सरपंच जोगिंदर सिंह अवाना से जुड़े हुए थे वह सभी चुनाव प्रचार के दौरान जगत सिंह के पर्सनालिटी से प्रभावित होकर उनसे जुड़ गए । इसके अलावा नदबई विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2018 से 2023 के कांग्रेस के शासनकाल में हर विभाग में भ्रष्टाचार की शिकायतों का मामला पूरे 5 साल तक नदबई के राजनीतिक गलियारों में गूंजता रहा । इस विषय को जगत सिंह ने भी चुनाव प्रचार के दौरान खूब उठाया जगत सिंह ने तुष्टिकरण की राजनीति जातिगत राजनीति और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को अपना बड़ा हथियार बनाया जिसकी वजह से जो लोग अवाना के साथ जुड़े हुए थे उन लोगों ने भी अवाना से नाता तोड़कर जगत सिंह से नाता जोड़ लिया जो जगत सिंह की जीत का बड़ा कारण रहा जगत सिंह के भरतपुर की रॉयल फैमिली से जुड़े होने का फायदा भी उन्हें मिला बड़ी बात यह रही की जिला प्रमुख पद पर रहते हुए उन्होंने भरतपुर जिले के अधिकांश ग्राम पंचायत में अपनी पकड़ काफी मजबूत कर ली थी जो उनकी जीत का बड़ा कारण रही इसीलिए जोगेंद्र सिंह अवाना जैसे राजनेता को हराने में उन्हें सफलता मिली।

### नदबई में पिछले 2 साल में व्यापक तौर पर कई सड़कों का हुआ निर्माण, चिकित्सा शिक्षा पानी बिजली हर क्षेत्र में हो रहा तेजी से विकास कार्य

जानकार लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पिछले 2 साल में कई बार भरतपुर का दौरा कर चुके हैं और उनके हर भरतपुर दौरे के कार्यक्रम में भरतपुर जिले में सभी जगह पर हो रहे विकास कार्यों को लेकर भी निरंतर पार्टी की विधायकों जिला प्रभारी मंत्री से तो फीडबैक लेते ही हैं । इसके अलावा संबंधित विभाग के अधिकारियों से विकास कार्यों को लेकर नियमित रूप से फीडबैक लेते रहते हैं जगत सिंह खुद मुख्यमंत्री के नियमित संपर्क में रहते हैं और नदबई क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के बारे में बताते रहते हैं पिछले दो साल में जगत सिंह नदबई विधानसभा क्षेत्र की हर गांव पंचायत तक पहुंचे हैं और हर पंचायत की समस्याओं का उन्हें ठीक तरह से आभास है क्षेत्र में चाहे हाईवे से जुड़ी समस्या हो या फिर लिंक रोड से जुड़ी कोई बात हो या फिर स्वास्थ्य केंद्र या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की बात हो या फिर स्कूल कॉलेज खोलने की बात हो पूरे निर्वाचन क्षेत्र के विकास का रोड मैप की तस्वीर जगत सिंह के दिल और दिमाग में सेट है । उन्होंने पिछले 2 साल में गांव-गांव भ्रमण किया जिसकी वजह से उन्हें पूरे निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की डिमांड का अच्छी तरह से आभास है लोग भले ही उन्हें डिमांड करना भूल जाए लेकिन लोगों के कहे बिना ही उन्हें इस बात की अच्छी तरह से जानकारी है कि अमुक काम में अमुक समस्या है इसलिए जब भी मुख्यमंत्री से मिलते हैं उन्हें क्षेत्र की समस्याओं को बताते रहते हैं जिनके समाधान के लिए मुख्यमंत्री सतत प्रयास भी कर रहे हैं बजट में भी नदबई विधानसभा क्षेत्र को सड़क शिक्षा चिकित्सा पानी बिजली पुलिसिंग कानून व्यवस्था इत्यादि सभी में समुचित स्थान मिला है बताया गया है कि पिछले 2 साल में दो दर्जन से ज्यादा नई सड़कों का निर्माण नदबई विधानसभा क्षेत्र में हो चुका है इसलिए चिकित्सा के क्षेत्र में भी कई नए स्वास्थ्य केंद्र खोले गए हैं इसी तरह से शिक्षा और बिजली के क्षेत्र में भी यहां 2 साल में व्यापक तौर पर कार्य हुआ है ।

### अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के लिए नियमित रूप से जनसुनवाई कार्यक्रम का करते हैं आयोजन

जगत सिंह नदबई से पहले लक्ष्मणगढ़ और एक अन्य विधानसभा सीट से विधायक रह चुके हैं इसलिए वह अच्छी तरह से जानते हैं कि वर्तमान दौर में नियमित रूप से पब्लिक के बीच बने रहने से ही पॉलीटिकल करियर निरंतर आगे बढ़ता रहता है जगत सिंह की यह खासियत है कि विधायक चुने जाने के बाद वे लगातार जनता के बीच बने रहते हैं । वर्ष 2003 में जगत सिंह कांग्रेस के टिकट पर लक्ष्मणगढ़ से विधायक चुने गए थे लेकिन वहां के जनता अब भी जगत सिंह को याद करती है क्योंकि लक्ष्मणगढ़ में विधायक रहने के दौरान उन्होंने लोगों से सतत मुलाकात की प्रक्रिया जारी रखी थी लोगों के सुख-दुख में शामिल होते थे इसलिए आज भी वहां के लोग इन्हें याद करते हैं इसी तरह से वर्ष 2013 में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर जगत सिंह ने कामा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा और चुनाव जीते वहां की जनता भी इन्हें इनके व्यवहार उनकी कार्यशैली और इनके पब्लिक जुड़ाव को अब तक नहीं भूली है वजह यह है कि जहां भी विधायक रहे वहां बाकायदा लोगों की समस्याओं के निवारण के लिए नियमित रूप से जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन करते हैं लोगों की समस्याएं सुनते हैं और उनका निवारण भी सरकारी स्तर पर करवाने का हर संभव प्रयास करते हैं नदबई में भी विधायक चुने जाने के बाद जगत सिंह नियमित रूप से जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन करते हैं अगर किसी कारणवश वे भरतपुर और नदबई से बाहर रहते हैं तो इनका निजी स्टाफ लोगों की समस्याओं का संकलन करता है और हर समस्या के निवारण का प्रयास किया जाता है

## तुष्टिकरण और जातिगत राजनीति के खिलाफ है जगत सिंह

विधायक जगत सिंह का कहना है कि वर्ष 2018 से 2023 के बीच नदबई विधानसभा क्षेत्र में तुष्टिकरण और जातिगत राजनीति को बढ़ावा देने से इस इलाके के लोगों में आपस में नफरत की भावना पैदा हो गई थी और जातिगत संघर्ष की स्थिति यहां पर चरम सीमा पर पहुंच गई थी जिसकी वजह से यहां कई इलाकों में आतंक का सा माहौल नजर आने लगा था उन्होंने कहा कि भरतपुर जिले की राजनीति आजादी से पहले और आजादी के बाद एक अलग तरह की यहां पर राजनीति रही है यह महाराजा सूरजमल की धरती है जहां पर हर जाति और बिरादरी के लोगों को समान नजर से देखा गया । यहां से विदेशी आक्रांता और मुगल शासको के प्रति ही यहां के राजाओं ने और यहां की प्रजा ने नफरत की भावना दिखाई अन्यथा भरतपुर में सभी जाति और बिरादरी के लोग आपस में मिलकर रहा करते थे लेकिन वर्ष 2018 से 2023 के बीच विधानसभा क्षेत्र में जो माहौल यहां के जनप्रतिनिधि की ओर से तैयार किया गया उसकी वजह से इस पूरे इलाके में तुष्टिकरण की राजनीति और अलग-अलग जाति और धर्म के लोग एक दूसरे से नफरत करने लगे थे इसलिए उन्होंने सबसे पहले चुनाव प्रचार के दौरान ही यह संकल्प ले लिया था कि चाहे वह विधायक चुने जाएं या नहीं लेकिन उनकी यह भरपूर कोशिश रहेगी कि नदबई विधानसभा क्षेत्र के लोग ही नहीं बल्कि पूरे भरतपुर जिले के लोग आपस में मिलजुल कर रहे। खासतौर से नदबई में विभिन्न जाति और धर्म के बीच आपस में जो जहर बोला गया उसको दूर करने के लिए उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान ही पूरा मन बना लिया था जिसमें उन्हें सफलता भी मिली चुनाव प्रचार के दौरान ही विभिन्न जाति और धर्म के लोगों को अपनी गलती का एहसास भी हो गया था इसलिए चुनाव प्रचार के दौरान ही हर जाति और बिरादरी के लोगों का उन्हें समर्थन मिलने लग गया था। इसके अलावा विधायक चुने जाने के बाद उनकी कोशिश हमेशा यही रहती है कि सभी जाति और धर्म के लोग आपस में मिलकर रहें एक दूसरे के सुख-दुख के भागीदार बने इसी तरह की राजनीति में भी ज्यादा विश्वास करते हैं इसमें उन्हें काफी सफलता भी मिली है अब नदबई विधानसभा क्षेत्र में कहीं पर भी जातिवाद संघर्ष की स्थिति बनी हुई नहीं है तुष्टिकरण की स्थिति भी यहां पर अभी नहीं है किसी भी तरह की कोई जाति का आतंक यहां पर नहीं है उन्होंने कहा कि भरतपुर राजघराना भले ही जाट बिरादरी से ताल्लुक रखता हो लेकिन यह राजघराना शुरू से ही हर जाति और बिरादरी के लोगों को समान अवसर और समान प्यार करता आया है लेकिन 2018 से 2023 के बीच बाहर के राज्यों से आए लोगों ने यहां पर जो राजनीति की उसकी वजह से यहां का माहौल खराब हुआ था जिसे अब उन्होंने काफी हद तक सुधार दिया है यहां पर सभी लोग आपस में मिलजुल कर क्षेत्र के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं यह अच्छी बात है।

# जलवायु संकट बढ़ाते विकसित देश

*अमेरिका की टैरिफ नीति पहले ही वैश्विक विश्वास पर आघात कर रही हैं। जलवायु कूटनीति अब व्यापार एवं भू-राजनीति के साथ टकरा रही है। विकसित देशों के दोहरे रवैये और भू-राजनीतिक अस्थिरता के वर्तमान परिदृश्य में भारत गंभीर, न्यायसंगत और सिद्धांत आधारित राह दिखा रहा है। इस कड़ी में पहला बिंदु है समानता और जलवायु न्याय पर जोर देना। भारत ने दुनिया को स्मरण कराया कि पेरिस समझौते के स्वरूप को एकाएक नहीं बदला जा सकता। भारत ने दोहराया कि विकसित और विकासशील देशों में विकास के स्तर पर जमीन-आसमान का अंतर है और इस लिहाज से साझा उत्तरदायित्व के प्रयास को कमजोर करना भरोसे को कुंद करने का काम करेगा। इस दिशा में मांग एकदम सरल है कि जो देश पहले से और भारी मात्रा प्रदूषण करते हैं, उन्हें उत्सर्जन में कटौती के साथ ही विकासशील देशों का अपेक्षित समर्थन भी करना चाहिए। भारत ने जोर दिया है कि विकसित देशों को 2050 से बहुत पहले ही नेट जीरो यानी शून्य उत्सर्जन के स्तर तक पहुंच जाना चाहिए, ताकि विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए उचित आधार तैयार हो*



ब्राजील के बेलम में आयोजित काप 30 सम्मेलन ने जलवायु परिवर्तन पर विकसित देशों की गहरी असंवेदनशीलता को ही उजागर किया है। जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए वैश्विक प्रयासों को करीब तीन दशक हो चले हैं। इस कड़ी में संयुक्त राष्ट्र की पहल पर आयोजित होने वाले काप सम्मेलन अपनी भूमिका पर खरे नहीं उतर पा रहे। ये वार्षिक सम्मेलन विरोधाभासों का मंच बनकर रह गए हैं। ऐतिहासिक रूप से दुनिया के सबसे बड़े प्रदूषक रहे विकसित देश स्थितियों को सुधारने के लिए शेष विश्व से अपेक्षाएं तो बहुत कर रहे हैं, लेकिन उन अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की तत्परता नहीं दिखा रहे। विकासशील देशों का कहना है कि उन्हें वार्षिक 1.3 ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर की आवश्यकता है। जबकि विकसित देशों ने 2035 तक केवल 300 अरब डालर का ही वादा किया है। इसमें भी अधिकांश राशि ऋण के रूप में दी जाएगी। स्वाभाविक है कि इससे गतिरोध की स्थिति और गहराएगी। बेलम सम्मेलन ने दर्शाया कि संयुक्त राष्ट्र प्रणाली उन प्रक्रियाओं और सहमति नियमों के बोझ तले दब रही है, जो कुछ देशों को मनमानी की गुंजाइश देती है। यूरोपीय संघ को ही देखें तो उसने जलवायु परिवर्तन से जुड़े वादों और उनकी पूर्ति में भारी अंतर पर विमर्श के बजाय अपने कार्बन सीमा समायोजन तंत्र यानी सीबैम को वाजिब ठहराने पर ही अधिक जोर दिया। सीबैम विकासशील देशों के लिए ग्रीन टैरिफ की तरह है, जो मुख्य रूप से यूरोपीय उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा से बचाने के लिए तैयार किया गया है। सभी प्रमुख निर्यातकों ने चेतावनी दी है कि एकतरफा उपाय पूरी प्रणाली को नुकसान पहुंचाएंगे। इसके बावजूद यूरोपीय संघ संरक्षणवाद को प्राथमिकता देने में लगा है। अमेरिका की टैरिफ नीति पहले ही वैश्विक विश्वास पर आघात कर रही हैं। जलवायु कूटनीति अब व्यापार एवं भू-राजनीति के साथ टकरा रही है। विकसित देशों के दोहरे रवैये और भू-राजनीतिक अस्थिरता के वर्तमान परिदृश्य में भारत गंभीर, न्यायसंगत और सिद्धांत आधारित राह दिखा रहा है। इस कड़ी में पहला बिंदु है समानता और जलवायु न्याय पर जोर देना। भारत ने दुनिया को स्मरण कराया कि पेरिस समझौते के स्वरूप को एकाएक नहीं बदला जा सकता। भारत ने दोहराया कि विकसित और विकासशील देशों में विकास के स्तर पर जमीन-आसमान का अंतर है और इस लिहाज से साझा उत्तरदायित्व के प्रयास को कमजोर करना भरोसे को कुंद करने का काम करेगा। इस दिशा में मांग एकदम सरल है कि जो देश पहले से और भारी मात्रा प्रदूषण करते हैं, उन्हें उत्सर्जन में कटौती के साथ ही विकासशील देशों का अपेक्षित समर्थन भी करना चाहिए। भारत ने जोर दिया है कि विकसित देशों को 2050 से बहुत पहले ही नेट जीरो यानी शून्य उत्सर्जन के स्तर तक पहुंच जाना चाहिए, ताकि विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए उचित आधार तैयार हो सके। इसके अभाव में वैश्विक जलवायु ढांचा असमानता बढ़ाने का एक माध्यम ही बनकर रह जाता है। भारत ने स्पष्ट रूप से कहा है कि उपलब्ध कराए जा रहे वित्तीय संसाधन खैरात न होकर अनुच्छेद 9.1 के तहत एक कानूनी दायित्व है। उसने जलवायु वित्त की एक सार्वभौमिक रूप से सहमति प्राप्त परिभाषा, अनुकूलन वित्त में 15 गुना वृद्धि और पूर्वानुमानित रियायती संसाधन प्रवाह की मांग की है। इसमें अरबों नहीं खरबों डालर चाहिए होंगे। इस क्रम में भारत ने निजी वित्त या ऋण एवं भारी पैकेजों पर निर्भर रहने की भ्रांति को भी उजागर किया है। ऐसे उपाय ऋण संकट को ही बढ़ाते हैं। इसलिए वास्तविक अनुदान को वरीयता दी जानी चाहिए। दुनिया विकासशील देशों से केवल यही उम्मीद नहीं कर सकती कि वे अपनी ऊर्जा प्रणालियों को बदलें और कृषि को लचीला बनाएं। इस सबके फेर में हो यह रहा है कि विकासशील देश महंगे कर्जों का ऊंचा ब्याज चुकाने में लगे हैं। भारत का दृष्टिकोण है कि प्रौद्योगिकी उपलब्धता एक अधिकार होना चाहिए न कि सौदेबाजी का जरिया। जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए जिन प्रौद्योगिकी की आवश्यकता है, वे बौद्धिक संपदा अधिकारों की आड़ में विकासशील देशों के लिए पहुंच से बाहर हो जाती हैं। इसलिए बौद्धिक संपदा और बाजार बाधाओं को दूर किया जाए। यह तो वही स्थिति हुई कि समाधान पहले से मौजूद है, लेकिन उसकी उपलब्धता में अवरोध से समस्या को ही बढ़ाया जा रहा है। यह किसी लापरवाही से कम नहीं। भारत ने सीबैम जैसे एकतरफा जलवायु टैरिफों की ओर भी ध्यान आकर्षित कराया कि ये न केवल अनुच्छेद 3.5 का उल्लंघन करते हैं, बल्कि जलवायु नीति को संरक्षणवाद के हाथों का खिलौना भी बना देते हैं। भारत ने स्पष्ट रूप से चेताया कि ऐसे उपायों से बहुपक्षीयता की भावना को चोट पहुंचती है। इनके जरिये उन देशों को निशाना बनाया जाता है, जिन्हें सतत विकास के लिए नीतिगत उपायों की आवश्यकता होती है। जलवायु परिवर्तन की विकराल होती समस्या के समाधान में भारत की कथनी एवं करनी में भी भेद नहीं है। उसकी उपलब्धियां उसके प्रति भरोसे का निर्माण करती हैं।


## सम्पादकीय

### कब सस्ते होंगे हवाई टिकट? किराये में उछाल पर सुप्रीम कोर्ट ने खड़ा किया बड़ा सवाल




विमानन कंपनियों के विस्तार और उड़ान योजना के लागू होने से उम्मीद जगी थी कि हवाई सेवाएं किफायती होंगी और आम आदमी भी जरूरत पड़ने पर विमान यात्रा कर सकेगा। मगर किराया निर्धारण में कोई नियामकीय व्यवस्था न होना और निजी विमानन कंपनियों को खुली छूट आम लोगों की उम्मीदों पर भारी पड़ रही है। मांग और आपूर्ति के बीच असंतुलन की आड़ में किराये में अक्सर की जाने वाली वृद्धि के कारण हवाई सेवाओं की पहुंच आर्थिक रूप से सक्षम वर्ग तक ही सिमटती प्रतीत हो रही है। यही वजह है कि अब शीर्ष अदालत ने निजी विमानन कंपनियों की ओर से लागू हवाई किराये और अन्य शुल्कों में अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव को लेकर केंद्र सरकार, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय और भारतीय विमानपत्तन आर्थिक नियामक प्राधिकरण को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इससे संबंधित याचिका में नागरिक उड्डयन क्षेत्र में पारदर्शिता, किराया नियंत्रण और यात्री सुरक्षा के लिए एक स्वतंत्र नियामक स्थापित करने की मांग की गई है। गौरतलब है कि त्योहारों और छुट्टियों के दौरान तथा उड़ान के अंतिम समय में ज्यादातर विमानन कंपनियां मनमाने तरीके से किराये में बढ़ोतरी कर देती हैं। जबकि कई बार कुछ लोग आपात स्थिति या मजबूरी के कारण आखिर में विमान यात्रा का विकल्प चुनते हैं। मगर सरकार की ओर से इस संबंध में न तो कोई हस्तक्षेप किया जाता है और न ही किसी तरह के दिशा-निर्देश जारी किए जाते हैं। साफ है कि विमानन कंपनियों के इस तरह मुनाफा कमाने पर कोई लगाम नहीं है। इस मसले पर शीर्ष अदालत में दायर याचिका में दावा किया गया है कि निजी विमानन कंपनियों ने बिना किसी ठोस कारण के इकोनामी श्रेणी के यात्रियों के लिए मुफ्त 'चेक-इन बैगेज' भत्ते को 25 किलोग्राम से घटाकर 15 किलोग्राम कर दिया है। यानी पहले टिकट सेवा का हिस्सा रहे सामान को अब राजस्व के एक नए स्रोत में बदल दिया गया है। सच यह है कि वर्तमान में किसी भी प्राधिकरण के पास हवाई किराये या सहायक शुल्कों को सीमित करने का अधिकार नहीं है। उम्मीद है कि शीर्ष अदालत के दखल से हवाई किराये को नियंत्रित करने के लिए नियामक सुरक्षा उपाय लागू होंगे और आम आदमी को राहत मिलेगी।

## आतंक के खिलाफ कठिन हुई लड़ाई



जिहादी डाक्टरों के फरीदाबाद आतंकी माड्यूल का भंडाफोड़ हो जाने के बाद भी जिस तरह वह कई लोगों की जान लेने में समर्थ रहा, उसके बाद इस पर बहस होना स्वाभाविक है कि पुलिस और खुफिया एजेंसियों से कहां क्या चूक हुई? इस चूक के चलते दिल्ली में लाल किले के निकट कार धमाके में 15 लोग मारे गए और श्रीनगर के एक थाने में नौ लोग। दोनों जगह उसी विस्फोटक ने अलग-अलग कारणों से कहर ढाया, जिसे इस आतंकी माड्यूल ने फरीदाबाद में जमा किया था। यह आतंकी माड्यूल और अधिक कहर बरपा सकता था, यदि श्रीनगर पुलिस ने शहर में जैश-ए-मोहम्मद के समर्थकों की ओर से लगाए पोस्टरों को गंभीरता से नहीं लिया होता। इन पोस्टरों के जरिये कश्मीर के लोगों को सुरक्षा एजेंसियों की मदद करने के खिलाफ चेतावनी दी गई थी। कश्मीर में ऐसे पोस्टर लगना आम बात रही है, लेकिन श्रीनगर के नौगाम थाने की पुलिस ने उन्हें गंभीरता से लिया। पहले उसकी पकड़ में आतंकियों के समर्थक कुछ पत्थरबाज आए। उनके जरिये पुलिस जिहाद का पाठ पढ़ा रहे एक मौलवी तक पहुंची। उससे पूछताछ के बाद ही फरीदाबाद के आतंकी माड्यूल का भंडाफोड़ हुआ। इस माड्यूल के आतंकियों के पास से विस्फोटक और घातक हथियार बरामद किए गए। यदि श्रीनगर पुलिस ने अपने इलाके में लगे पोस्टरों को गंभीरता से नहीं लिया होता तो संभवत: जिहादी डाक्टर अपनी उस साजिश को भी अंजाम देने में सफल हो गए होते, जिसके तहत एक साथ कई ठिकानों पर बड़े पैमाने पर हमले किए जाने थे। उनके इरादे कितने खूंखार थे, इसका पता लाल किले के निकट कार में धमाका करने वाले मजहबी उन्माद से भरे आतंकी उमर के उस वीडियो से मिलता है, जिसमें वह आत्मघाती हमलों को जायज ठहराते सुना जा सकता है। लाल किला आतंकी हमला एक बार फिर यह बता रहा है कि ऐसे हमले तब संभव हो पाते हैं, जब आतंकियों को स्थानीय स्तर पर शरण और समर्थन मिलता है। इसका उदाहरण पहलगाम का आतंकी हमला भी था। यहां पाकिस्तान से आए आतंकी कहर बरपाने में इसलिए सफल रहे थे, क्योंकि उन्हें कुछ स्थानीय लोगों ने शरण दी थी। अब इसमें कोई संदेह नहीं कि डाक्टर आतंकियों को फरीदाबाद में एक मौलवी और अन्य अनेक की ओर से जो संरक्षण और सहयोग मिला, उसी कारण वे घातक विस्फोटक जमा करने में समर्थ रहे। यदि फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी जिहादी तत्वों की शरणगाह के रूप में देखी जा रही है तो इसके लिए वह अपने अलावा अन्य किसी को दोष नहीं दे सकती। इस यूनिवर्सिटी के जो डाक्टर आतंकी निकले, उनमें से दो पहले जहां कार्यरत थे, वहां से बर्खास्त किए जा चुके थे। एक तो आतंकवाद को खुला समर्थन देने के गंभीर आरोप में और दूसरी लंबे समय तक बिना बताए अनुपस्थित रहने के कारण। यह अल फलाह यूनिवर्सिटी ही बता सकती है कि उसने ऐसे संदिग्ध अतीत वाले डाक्टरों को अपने यहां नियुक्ति क्यों दी? यदि डाक्टर आतंकी बन जाएं और वे आसानी से एक यूनिवर्सिटी को अपना अड्डा बना लें तो इसका मतलब है कि जिहादी आतंक को खाद-पानी देने वाले तंत्र ने अपनी जड़ें बहुत गहरे तक जमा ली हैं। अल फलाह यूनिवर्सिटी के संदेह से घिरने के बाद यह भी पता चल रहा है कि उसके संस्थापक वाइस-चांसलर का भी आपराधिक रिकार्ड रहा है और वह धोखाधड़ी में तीन साल जेल में गुजार चुका है। इस यूनिवर्सिटी में कश्मीरी डाक्टरों की बड़ी संख्या में नियुक्ति भी सवाल खड़े करती है। आखिर यह कोई नामी यूनिवर्सिटी नहीं। यह नहीं कहा जा सकता कि कश्मीरी डाक्टरों को अन्य कहीं नौकरी नहीं मिल रही थी, इसलिए अल फलाह की ओर रुख करना उनकी मजबूरी बन गई थी। बहुत संभव है कि अल फलाह जिहादी इरादों वाले डाक्टरों की पसंदीदा यूनिवर्सिटी इसलिए बन गई हो, क्योंकि यहां उन्हें अपनी गतिविधियां चलाना आसान दिखा हो।इस यूनिवर्सिटी के इरादों के प्रति संदेह का एक आधार उसकी ओर से यह फर्जी दावा करना भी है कि उसे राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद यानी नैक की मान्यता प्राप्त है। साफ है कि अल फलाह यूनिवर्सिटी का संचालन तय नियम-कानूनों के अनुरूप हो, इसकी निगरानी ढंग से नहीं हो रही थी। अब यदि निगरानी के अभाव में उच्च शिक्षा संस्थान आतंकियों के ठिकाने बन जाएंगे तो फिर यह समझ लिया जाना चाहिए कि जिहादी आतंक के खिलाफ लड़ाई और कठिन होने वाली है। यह लड़ाई पहले से ही इसलिए कठिन दिखने लगी है, क्योंकि डाक्टरों के एक समूह ने जिहादी बनना पसंद किया। क्या आतंक की राह पर चलने को तैयार डाक्टरों या ऐसे ही अन्य उच्च शिक्षित युवाओं को डी-रेडिकलाइज करना संभव है? फरीदाबाद आतंकी माड्यूल में दो मौलवी भी शामिल पाए गए हैं। यदि दीन-ईमान की शिक्षा देने वाले ही जिहादी आतंक का पाठ पढ़ाने लगें तो फिर आतंकवाद के खिलाफ लड़ी जाने वाली कठिनाई को और अच्छे से समझा जा सकता है।

## आतंक की पैरवी, देश के लिए घातक

**आतंकी डाक्टर उमर के सनसनीखेज वीडियो ने उन इस्लामी संगठनों और मजहबी विद्वानों की चुनौती बढ़ा दी है, जो इस्लामी मान्यताओं का हवाला देकर आतंकवाद के खिलाफ फतवे जारी करने के साथ मुस्लिम युवाओं को मजहबी कट्टरता से बचाने के जतन करते रहे हैं। अब उनका काम और कठिन होगा, लेकिन यह कठिनाई केवल उनके सामने ही नहीं। सरकारों और सुरक्षा एजेंसियों के सामने भी यही कठिनाई खड़ी हो गई है। सरकारें और उनका तंत्र एक बार को उन मुस्लिम युवाओं को तो मजहबी कट्टरता..**



फरीदाबाद के आतंकी माड्यूल में शामिल और दिल्ली में लाल किले के निकट कार में धमाका कर 15 लोगों की जान लेने वाले आतंकी उमर का जो सनसनीखेज वीडियो सामने आया, वह इसकी ही पुष्टि कर रहा है कि वह एक ऐसा आत्मघाती हमलावर बन गया था, जो मजहबी कट्टरता से बुरी तरह ग्रस्त था। इस वीडियो में वह केवल आत्मघाती हमले को जायज ही नहीं ठहरा रहा है, बल्कि इस पर भी जोर दे रहा है कि इस्लाम की उस मान्यता को सही से नहीं समझा जा रहा, जिसके तहत आत्मघाती हमलों को गैर इस्लामी कृत्य कहा जाता है। उमर आत्मघाती हमलों को जायज बताने वाला पहला आतंकी नहीं। दुनिया भर के आतंकी संगठन आत्मघाती हमलों को जायज बताने के साथ उसे जिहाद यानी एक तरह के मजहबी कृत्य की संज्ञा देते रहते हैं। वास्तव में इसी कारण उनके आत्मघाती हमले थम नहीं रहे हैं। आतंकी डाक्टर उमर के सनसनीखेज वीडियो ने उन इस्लामी संगठनों और मजहबी विद्वानों की चुनौती बढ़ा दी है, जो इस्लामी मान्यताओं का हवाला देकर आतंकवाद के खिलाफ फतवे जारी करने के साथ मुस्लिम युवाओं को मजहबी कट्टरता से बचाने के जतन करते रहे हैं। अब उनका काम और कठिन होगा, लेकिन यह कठिनाई केवल उनके सामने ही नहीं। सरकारों और सुरक्षा एजेंसियों के सामने भी यही कठिनाई खड़ी हो गई है। सरकारें और उनका तंत्र एक बार को उन मुस्लिम युवाओं को तो मजहबी कट्टरता का शिकार होने से बचा सकता है, जो अशिक्षित हैं, लेकिन उमर जैसे उच्च शिक्षित युवाओं को सही राह पर लाना एक टेढ़ी खीर है, क्योंकि वे इस्लामी मान्यताओं की अपनी तरह से व्याख्या करने के साथ उसे ही सही बताने पर बल दे रहे हैं। यह सहज ही समझा जा सकता है कि उमर जैसी कट्टरता से उसके साथी भी ग्रस्त होंगे। यह कोई नई-अनोखी बात नहीं कि जिहादी आतंक एक कट्टर विचारधारा की उपज है। ऐसे आतंक का सामना केवल पुलिस और खुफिया एजेंसी नहीं कर सकतीं। सच तो यह है कि विश्व में कहीं पर कर भी नहीं पा रही हैं। इसका कारण यह है कि जिहादी आतंक से निपटने के तौर-तरीकों पर आम राय नहीं। दुर्भाग्य से भारत में भी ऐसा ही है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि फरीदाबाद आतंकी माड्यूल का भंडाफोड़ होने के बाद से कई ऐसे बयान सामने आ चुके हैं, जो इस माड्यूल में शामिल डाक्टरों के आतंकी बनने के लिए सरकार और सुरक्षा एजेंसियों को जिम्मेदार ठहराते दिखे। ऐसे गैर जिम्मेदारना बयान केवल सुरक्षा एजेंसियों की समस्या बढ़ाने वाले ही नहीं, बल्कि आतंक की राह पर चलने वालों का दुस्साहस बढ़ाने वाले भी हैं।

# लोकतंत्र की मूल भावना और अधिक मजबूत बने, कोई पात्र मतदाता नामांकन से वंचित न रहे- हरिशंकर मेवाड़ा

### कांग्रेस गुंदोज मंडल की बैठक में कार्यकर्ताओं को निरक्षर, असहाय और बुजुर्ग मतदाताओं के फॉर्म स्वयं भरने का कहा

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस.)।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2025 के तहत बुधवार को सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के गुंदोज मंडल की बैठक कांग्रेस प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा, विधानसभा प्रभारी मकसूद अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष गणेशराम चौधरी, नेहपाल सिंह पावा, शोभा सोलंकी और मोहन हटेला की मौजूदगी में आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा ने बीजेपी सरकार पर सीधा हमला बोला। मेवाड़ा ने कहा कि वर्तमान में चोर व भ्रष्ट बीजेपी सरकार SIR प्रक्रिया का दुरुपयोग कर लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। मतदाता सूची में गड़बड़ियां करवा कर जनता की आवाज दबाने की साजिश चल रही है। मेवाड़ा ने कहा मुझे विश्वास हैं लोकतंत्र की मजबूती के लिए बूथ लेवल अभिकर्ता (बीएलए) सक्रिय भूमिका निभा रहें हैं। उन्होंने कहा बीएलए अपने बूथ पर निष्ठा से स्ह्रू प्रक्रिया में काम कर रहे है जिससे देश को स्वच्छ व स्वस्थ लोकतंत्र मिलेगा। बीजेपी लोकतंत्र की जड़ों में फूट डालने का प्रयास कर रही है, लेकिन हमारी एकजुटता उनके हर गलत प्रयास को विफल करेगी। उन्होंने बीएलए से अपील की कि वे किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटने न दें और हर व्यक्ति तक पहुंचकर फॉर्म भरवाएं। मेवाड़ा ने कहा कि कांग्रेस जनता के हक की लड़ाई लड़ रही है और स्ह्रू अभियान को निष्पक्ष व पारदर्शी बनाने के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है। विधानसभा प्रभारी मकसूद अहमद ने फॉर्म भरने की तकनीकी प्रक्रिया समझाते हुए बताया कि 2002 की मतदाता सूची से ऑनलाइन रिकॉर्ड निकालकर बहू-बेटियों के नाम कैसे जोड़े जा सकते हैं। ब्लॉक अध्यक्ष नेहपाल सिंह व गणेशराम चौधरी ने कहा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में सभी को बीएलओं के साथ समन्वय स्थापित कर मतदाताओं की सहायता करनी होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने-अपने बूथों पर सक्रिय भूमिका निभाते हुए अभियान को पूर्ण पारदर्शिता, निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ संपन्न कराने का आह्वान किया। कार्यकर्ताओं ने अब तक की प्रगति, चुनौतियों और सुधारात्मक सुझावों पर विस्तार से चर्चा की और बताया कि कुछ क्षेत्रों में अभी तक मतदाता फॉर्म नहीं पहुंचे, जिससे काम प्रभावित हो रहा है। इस पर निर्णय लिया गया कि बीएलओं व प्रभारी अधिकारी से मिलकर समस्या का तुरंत समाधान करवाया जाएगा। इस अवसर पर इंद्रसिंह निम्बाड़ा, महेश जोशी, मंडल अध्यक्ष हरीश मीणा, जेठूसिंह राजपुरोहित, मुकेश बारोलिया, दुर्गाराम, प्रभु मीणा,राणाराम गुर्जर सहित ब्लॉक, मंडल व बूथ स्तर के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## भामाशाहों ने 60 जरूरतमंद बच्चों को बांटे स्वेटर: बच्चों को खिले चेहरे



जयपुर टाईम्स

**सांगानेर(निस.)।** सर्दी की शुरुआत के साथ ही भामाशाहों ने जरूरतमंद विद्यार्थियों को गर्म कपड़े उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय काग्या में 60 बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। यह वितरण कार्यक्रम विद्यालय में आयोजित किया गया। इसमें भामाशाह भास्करानन्द मनेठिया और विनोद कुमार शर्मा ने पहली से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को स्वेटर दिए। प्रधानाध्यापिका ओमलता शर्मा ने बताया कि सर्दी के मौसम को देखते हुए बच्चों को गर्म कपड़ों की आवश्यकता थी। उन्होंने भामाशाहों के इस सहयोग की सराहना की। शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के माधोराजपुरा ब्लॉक अध्यक्ष बनवारी मीणा ने कार्यक्रम में उपस्थित भामाशाहों को सम्मानित किया। उन्होंने समाजसेवा के इस कार्य को अनुकरणीय बताया। इस अवसर पर ज्योति जैन, सुनिता चौधरी, ज्योति यादव और सोनू खान सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## अखिल राजस्थान अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता में सत्येंद्र योगी ने बढ़ाया सीकर जिले का गौरव

जयपुर टाइम्स



**सीकर (निस.)**कटराथल अखिल राजस्थान अन्तर महाविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का सफल आयोजन गिन्नीदेवी सत्यनारायण सेखसरिया गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, चिड़ावा में किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने उत्साह एवं ऊर्जा के साथ भाग लेकर अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया। सीकर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए सत्येंद्र योगी ने प्रतियोगिता में अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने निर्धारित विषय– 'पारंपरिक शिक्षा विधियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता संचालित शिक्षा के साथ पूरक किया जाना चाहिए के पक्ष में अपने विचार अत्यंत तार्किक, शोधपरक एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। योगी के सशक्त वक्तव्य ने न केवल उपस्थित विद्यार्थियों व शिक्षकों को नई दृष्टि प्रदान की, बल्कि निर्णायक मंडल पर भी सकारात्मक एवं उल्लेखनीय प्रभाव छोड़ा। अपने अभिभाषण में उन्होंने ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था में तकनीकी सुधार,ह्व की उपयोगिता तथा विकसित भारत के भविष्य में इसकी संभावनाओं को विशेष रूप से रेखांकित किया।

## कुंड में गिरने से 42 वर्षीय अधेड़ की मौत

जयपुर टाइम्स

**तारानगर (निस.)** तारानगर के निकटवर्ती गाँव करणपूरा की रोही में कुंड से पानी निकालते समय 42 वर्षीय व्यक्ति की मृत्यु हो गयी। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार करणपूरा गाँव के बुधराम पुत्र सेडुराम प्रजापत जो अपने खेत में कुंड से पानी निकाल रहा था, अचानक पैर फिसल गया जिससे बुधराम पानी से भरे कुंड में गिर गया। खेत में ही काम कर रहे रघुवीर, नारसिंह फुलाराम आदि ने बुधराम को कुंड से बाहर निकाला एवं तारानगर के सरकारी अस्पताल लेकर आये जहाँ चिकित्सकों ने बुधराम को मृत घोषित कर दिया। उधर सूचना पाकर थाने के एएसआई भगवानसिँह अस्पताल पहुंचे, शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। मृतक के भाई रघुवीरसिँह की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरु की।

## न्याय आपके द्वार अभियान शुरू



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के न्याय आपके द्वार अभियान के तहत सुजानगढ़ में डोर टू डोर जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया गया। तालुका विधिक सेवा समिति, सुजानगढ़ के निर्देश अनुसार पी एल वी अशोक तिवाडी, मयंक त्रिवेदी, सरिता गोयल व विजय पाल श्योराण द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थाई लोक अदालत, चूरू के द्वारा जन उपयोगी सेवाओं तथा समस्याओं के समाधान के बारे में जागरूक किया गया। भोजलाई बास, सांड चौक, प्रगति नगर, नाथो तालाब, मांडेता रोड़ पर न्याय आपके द्वार अभियान चलाया गया। लोगों को अभियान हेतु संपर्क नंबर 9119365734 की भी जानकारी भी दी गई। पैरा लीगल वौलंटीयर मयंक त्रिवेदी ने बताया कि यह अभियान प्रदेश भर में 3 महीने तक चलेगा।

## गोपालपुरा रोड़ पर पेयजल की व्यवस्था करने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** कॉमरेड जगदीश नाथ ने एक ज्ञापन जलदाय विभाग के सहायक अभियंता को सौंपकर गोपालपुरा रोड़ स्थित करणी माता मंदिर स्थित कॉलोनी में जल जीवन मिशन के तहत लोगों के लिए पेयजल की व्यवस्था किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि यहां पर पक्के घरों की कॉलोनी बसी हुई है और पेयजल सप्लाई की सुविधा नहीं होने के कारण लोगों को पेयजल के टेंकर 15 सौ रूपए खर्च करके डलवाने पड़ते हैं। इसी प्रकार पशुधन, भोजन, स्नान आदि के लिए काफी पानी की आवश्यकता पड़ती है। इसलिए इस क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल पहुंचाने की व्यवस्था की जावे। ज्ञापन एडीएम कार्यालय में भी दिया गया है।

## निजी विद्यालय संचालकों की मनमानी, बच्चों की जान जोखिम में, स्कूल वाहनों में सुरक्षा व्यवस्था नदारद

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस.)** जिले के बसेड़ी। कस्बे में निजी विद्यालय संचालकों की मनमानी लगातार बढ़ती जा रही है। स्कूल वाहन बच्चों की सुरक्षा से खुलेआम खिलवाड़ करते नजर आ रहे हैं। कई स्कूल वैन व ऑटो में क्षमता से कई गुना अधिक बच्चों को ठूंसकर ले जाया जाता है, जिससे बच्चों की जान हर रोज़ खतरे में पड़ रही है। हालात इतने गंभीर हैं कि बच्चे पशुओं की तरह ठूंस-ठूंसकर बैठाए जाते हैं, जबकि शिक्षा विभाग और परिवहन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह खामोश नज़र आ रहे हैं। ओवरलोडिंग बनी खतरे की घंटी सुबह और दोपहर के समय बसेड़ी कस्बे की मुख्य सड़कों पर दौड़ते इन स्कूल वाहनों में सुरक्षा मानकों की कोई पालना नहीं की जा रही है। कई ऑटो में 15-18 तक बच्चे बैठाए जाते हैं, जबकि क्षमता केवल 6-8 की होती है। तेज रफ्तार, ओवरलोडिंग और बिना सीट बेल्ट या सुरक्षा गार्ड के यात्रा कर रहे छोटे-छोटे बच्चों के लिए यह स्थिति किसी बड़े हादसे को निमंत्रण दे रही है। कई वाहनों के रजिस्ट्रेशन तक नहीं जांच में यह बात भी सामने आई है कि कुछ निजी विद्यालय ऐसे वाहनों का उपयोग कर रहे हैं जिनके रजिस्ट्रेशन तक पूरे नहीं हैं। कई ऑटो व वैन फिटनेस प्रमाण पत्र, प्रदूषण प्रमाण पत्र और वाणिज्यिक परमिट के बिना ही सड़क पर दौड़ रहे हैं। नियमों की अनदेखी कर विद्यालय प्रबंधन भारी आर्थिक लाभ तो ले रहा है, लेकिन बच्चों की सुरक्षा को सर्वथा नजरअंदाज किया जा रहा है। अधिकारियों की चुप्पी पर सवाल अभिभावको ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिया और उचित कार्रवाई की मांग की अभिभावक चिंतित, कार्रवाई की मांग अभिभावकों का कहना है कि निजी स्कूलों द्वारा निर्धारित फीस तो समय पर ली जाती है, लेकिन बच्चों की सुरक्षा पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। उन्होंने जिले के प्रशासन से मांग की है कि स्कूल वाहनों की सख्त जांच की जाए, ओवरलोडिंग पर तुरंत रोक लगाई जाए और बिना रजिस्ट्रेशन व अनुमति के चल रहे वाहनों को जब्त कर संबंधित विद्यालय प्रबंधन पर कड़ी कार्रवाई की जाए। और आज अभिभावकों ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के नाम ज्ञापन दिया विद्यालयों पर सख्त कार्रवाई की मांग की

## रूडसिको बोर्ड की 61 वीं बैठक में शहरी विकास को गति देने के लिए हुए कई निर्णय

### आमजन का आवास का सपना पूरा करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध - नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन मंत्री

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास.)** नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा की अध्यक्षता में बुधवार को स्वायत्त शासन भवन में रूडसिको बोर्ड की 61वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य में शहरी विकास, आवासीय योजनाओं और आधारभूत संरचना को मजबूती देने से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मंत्री खर्रा ने मुख्यमंत्री जन आवास योजना में आ रही चुनौतियों का गंभीरता से अध्ययन कर प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार आमजन के आवास के सपने को शीघ्रातिशीघ्र पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता, गति और पारदर्शिता के साथ योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में निदेशक मंडल की पिछली बैठक तथा सीएसआर समिति बैठक के स्वीकृत प्रस्तावों की पुष्टि की गई। बोर्ड में निदेशकों की नियुक्ति एवं पदत्याग से संबंधित औपचारिकताओं के साथ कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय में आवश्यक ई-फॉर्म्स दाखिल करने की स्वीकृति दी गई। वित्त वर्ष 2024-25 की 21वीं वार्षिक सामान्य बैठक के समय-विस्तार प्रस्ताव को भी बोर्ड ने अनुमोदित किया। बैठक में फंडिंग प्रावधानों पर महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए एएमआरयूटी 2.0 के तहत राज्य एवं नगरीय निकायों के लिए आरयूडीएफ-द्वितीय में 2 हजार करोड़ तथा बजट घोषणाओं 2024-25 एवं 2025-26 के अंतर्गत कार्यान्वयन हेतु 1 हजार 106 करोड़ रूपये के प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। आरयूआईडीपी से संबंधित प्रस्तावों के अंतर्गत बांसवाड़ा नगर के लिए संशोधित एएंडएफ स्वीकृति, नवलगढ़ नगर के लिए अनुबंध पुरस्कार, वित्त वर्ष 2025-26 हेतु आंतरिक लेखा परीक्षक की नियुक्ति तथा अंतिम खातों की तैयारी के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म की सेवाएँ लेने का अनुमोदन दिया गया। बैठक में रूडसिको (यूआई एवं एच) तथा आरयूआईडीपी द्वारा क्रियान्वित सभी प्रमुख परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव रवि जैन, निदेशक एवं विशिष्ट सचिव जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर, रूडसिको कार्यकारी निदेशक हरिमोहन मीणा, मुख्य अभियंता अरुण व्यास, प्रदीप गर्ग सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## पूर्व प्रत्याशी रामावत ने गायों को हरा चारा गुड खिलाया

### अमावस्या पर रामावत ने दान स्वरूप 11 हजार रुपए किए भेट

### गौ माता की सेवा सर्वोपरि,इनसे बढ़कर कोई सेवा नहींज़्रंजू रामावत।



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस.)** अमावस्या पर भामाशाहो के तत्वावधान में बुधवार को श्री राम गौशाला कोलीवाडा रोड स्थित गौशाला में गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाया गया। इस अवसर पर सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र से रही पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी रंजू रामावत धर्मपत्नी सुनील कुमार एवं भरत भाई सोनी परिवार की ओर से एक एक ट्रॉली हरा चारा व गुड वितरण किया गया। पूर्व प्रत्याशी रंजू रामावत व सुनील कुमार रामावत ने गौशाला पहुंचकर गौशाला सेवा समिति सदस्यों के साथ गायों को चारा व गुड़ खिलाकर श्रद्धा पूर्वक जीवन में खुशियों की कामना की। इस अवसर पर रंजू रामावत ने बताया कि गौ माता की सेवा सर्वोपरि है, उनकी सेवा करने से कई प्रकार के लाभ प्राप्त होते हैं। उन्होंने अमावस्या पर सभी गौ भक्तों को आव्हान किया कि हर प्रसंग कार्यक्रम के तहत गौ माता जैसे पुण्य कार्य करने चाहिए,जिससे कई धर्म के रास्ते, मोक्ष स्थान प्राप्त हो सकते हैं। उन्होंने गौशाला का भ्रमण किया और गायों को चारा गुड़ खिलाकर सेवा कार्य किया। इस मौके पर उन्होंने दान स्वरूप 11000 गौशाला को भेट किए। उन्होंने गौशाला में व्यवस्थाओं की सहारना की। कार्यक्रम के तत्पश्चात गौशाला सेवा समिति अध्यक्ष धीरज सांखला सांखला,उपाध्यक्ष चत्रभुज शर्मा कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पुरोहित आदि सदस्यों ने दानदाताओं का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर गौशाला समिति सदस्य अमर सिंह कोलीवाडा, शिवलाल माली, पदम सिंह जाखोड़ा,नरेंद्र कुमार कोलीवाडा,गौरी शंकर कोलीवाडा, खीमाराम कुमावत, शिवलाल देवासी, मोहनदास वैष्णव, व्यवस्थापक पुखराज कुमावत आदि गौ भक्त उपस्थित रहे।

### भामाशाहों की सूची

श्री राम गौशाला की व्यवस्थाओं को देखकर हर कोई गौ भक्त अपनी सेवा देने के लिए आगे आ रहे हैं। इस धार्मिक कार्य से हर कोई आतुर है और हर रोज भामाशाह गौ माता की सेवा के लिए आगे आ रहे हैं।

इसी कड़ी में अमावस्या के पावन अवसर पर गौशाला समिति वरिष्ठ उपाध्यक्ष तखतसिंह राठौड़ व उनकी धर्मपत्नी द्वारा गौ सेवा के लिए 11000 रु.दान स्वरूप सप्रेम भेंट किये। गौ माता के हित में नेक कार्य को लेकर गौ शाला परिवार ने सभी भक्तों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## लायंस क्लब द्वारा अस्पताल में रोगियों को किए फल वितरित



जयपुर टाइम्स

**चूरू (निस.)**लायंस क्लब की ओर से क्लब के बालकिशन राजगढ़िया के सुपुत्र हर्षित राजगढिया के जन्मदिन पर मातृ-शिशु भारतीय अस्पताल में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलकित राजगढ़िया, हर्षित राजगढ़िया व तारानगर पंचायत समिति के प्रधान लायन संजय कस्वां आदि मौजूद रहे। लायंस क्लब चूरू के अध्यक्ष लायन राजीव शर्मा ने कहा कि क्लब सदस्य शुभ अवसरों पर सेवा गतिविधियां करते हैं, तो यह समाज में प्रेरणा का कार्य करती हैं। व्यक्तिगत खुशी को समाज सेवा के साथ जोड़ना लायंस क्लब की सच्ची पहचान है। ऐसे आयोजन मानवता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत बनाते हैं। प्रधान लायन संजय कस्वां ने कहा कि लायंस क्लब की ओर से हर अवसर पर सेवा कार्यों को प्राथमिकता देना वास्तव में अनुकरणीय है।समाज सेवा के माध्यम से मनाने की यह परंपरा समाज को सकारात्मक दिशा देती है। कार्यक्रम में ज़ोन चेयरमैन चंद्रप्रकाश खत्री, कार्यक्रम संयोजक ताराचंद प्रजापत, दीनदयाल सैनी, एमजेएफ अनुराग शर्मा, शंकरलाल सैनी, कमल जांगिड़, अशोक जांगिड़, राजीव चाहर, सुनील टकणेत, महेंद्र धानुका, आबिद खान सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## बजरी परिवहन कराने वाले चार ट्रैक्टरों के मालिकों को किया गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस.)** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान आईपीएस के द्वारा जिले में अवैध बजरी खनन के खिलाफ लगातार चलाये जा रहे अभियान के तहत एवं वृताधिकारी वृत शहर धौलपुर कृष्णराज जांगिड आरपीएस के नेतृत्व में सदर थानाधिकारी महेश मीना उप निरीक्षक मय थाना सदर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए बजरी परिवहन में लिप्त ट्रैक्टरों के मालिक रामब्रज पुत्र माधों सिंह जाति गुर्जर उम्र 28 साल निवासी तिघरा थाना सदर धौलपुर जिला धौलपुर, मलखान सिंह पुत्र नारायण सिंह जाति गुर्जर उम्र 52 साल निवासी रजईकला थाना बसई डांग जिला धौलपुर, नागेन्द्र उर्फ भोलू पुत्र ब्रदीप्रसाद जाति गुर्जर उम्र 28 साल निवासी भमरौली थाना सदर धौलपुर व सुनील कुमार पुत्र पंजाब सिंह जाति गुर्जर 32 साल निवासी पचोखरा थाना सरायछौला जिला मुरैना मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया गया गया। उक्त आरोपी प्रकरण धारा बीएनएस व वन्य जीव संरक्षण अधिनियम व फोरेस्ट एक्ट में फरार चल रहे थे। घटना दिनांक 18 अक्टूबर 2025 को समय 11-23 पर हेड कांस्टेबल हरीशचंद मय कांस्टेबल होरीलाल द्वारा डीएसटी प्रभारी प्रेमसिंह चौधरी सहायक उप निरीक्षक की सूचना पर सात ट्रैक्टर चम्बल नदी घाट भमरौली से बजरी भरकर निकले है। जो रीको एरिया में खाली करने जा रहे है। जिस पर सदर चौराहे ह्॥-44 पर डिवायडर लगाकर पकड़ लिया। जिनका विवरण एक ट्रैक्टर स्वराज 735 एफई बिना नंबरी मय ट्रॉली अवैध चम्बल बजरी से भरा हुआ है। जिसके चालक ने अपना नाम पता भानूप्रताप पुत्र भददी जाति गुर्जर उम्र 16 साल निवासी तिघरा थाना सदर धौलपुर, दूसरा ट्रैक्टर स्वराज 735 एफई बिना नंबरी मय ट्रॉली अवैध चम्बल बजरी से भरा हुआ है। जिसके चालक ने अपना नाम पता पवन कुमार पुत्र हेमसिंह जाति गुर्जर उम्र 32 साल निवासी भमरौली थाना सदर धौलपुर तीसरा ट्रैक्टर स्वराज 735 एफई बिना नंबरी मय ट्रॉली अवैध चम्बल बजरी से भरा हुआ है। जिसके चालक ने अपना नाम पता अनिल पुत्र रामख्तयार उम्र 22 साल जाति गुर्जर निवासी भमरौली थाना सदर धौलपुर चौथा ट्रैक्टर स्वराज 735 एफई बिना नंबरी मय ट्रॉली अवैध चम्बल बजरी से भरा हुआ है। जिसके चालक ने अपना नाम पता आकाश पुत्र मलखान जाति गुर्जर उम्र 19 साल निवासी भमरौली थाना सदर धौलपुर पांचवां ट्रैक्टर स्वराज 735 एफई बिना नंबरी मय ट्रॉली अवैध चम्बल बजरी से भरा हुआ है। जिसके चालक ने अपना नाम पता प्रदीप पुत्र मलखान जाति गुर्जर उम्र 21 साल निवासी डोयलेन का पुरा थाना बसई डांग जिला धौलपुर छटवां ट्रैक्टर स्वराज 735 एफई बिना नंबरी मय ट्रॉली अवैध चम्बल बजरी से भरा हुआ है। जिसके चालक ने अपना नाम पता करतार पुत्र बलवीर जाति गुर्जर उम्र 38 साल निवासी भमरौली थाना सदर धौलपुर सातवां ट्रैक्टर स्वराज 735 एफई बिना नंबरी मय ट्रॉली अवैध चम्बल बजरी से भरा हुआ है। जिसके चालक ने अपना नाम पता परिमाल पुत्र शंकर सिंह जाति गुर्जर उम्र 42 साल निवासी भमरौली थाना सदर धौलपुर को गिरफ्तार किया गया। इस पर मुकदमा धारा बीएनएस व वन्य जीव संरक्षण अधिनियम व फोरेस्ट एक्ट में दर्ज कर वाहन मालिकों की तलाश जारी थी। जिनको गिरफ्तार किया गया है।



## 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' के क्लाइमैक्स सीन को लेकर मोना सिंह ने किया बड़ा खुलासा

आर्यन खान द्वारा निर्देशित पहली सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड ने दर्शकों को आकर्षित करने का काम किया था। अब इस सीरीज में काम कर चुकीं एक्ट्रेस मोना सिंह ने बताया कि उन्होंने और बॉबी देओल ने इस सीरीज से जुड़े राज को कई साल तक छुपा कर रखा था।

### दो साल तक उस राज को छुपाए रखा

अभिनेत्री मोना सिंह ने कहा, 'सिर्फ बॉबी देओल और मुझे ही क्लाइमेक्स के बारे में पता था, सिर्फ हम दोनों को। आर्यन यह बात किसी और को नही बताना चाहता थे। यहां तक कि शो का शीर्षक भी, बॉबी सर और मुझे ही पता था। मैं चुप रही और उस बोझ को ढोती रही, दो साल तक उस राज को छुपाए रखा, जो मेरे लिए नामुमकिन है। लेकिन यह सब सार्थक रहा। मुझे बहुत मजा आया। मैं इसका हिस्सा बनकर खुद को खुशकिस्मत मानती हूं। मैं सचमुच बहुत खुश हूं।'

### जब मोना सिंह को आया आर्यन खान का फोन

आगे बातचीत में अभिनेत्री ने बताया, 'मैं पंजाब में किसी और चीज की शूटिंग कर रही थी और उन्होंने (आर्यन खान) ने मुझे जनवरी के महीने में फोन किया। उन्होंने कहा, हमें सभी रिकॉर्डिंग देने हैं, इसलिए हमें अभी इस गाने की शूटिंग करनी है और आपका समय आ गया है।' मैंने कहा कि ठीक है। इसलिए, मैं एक दिन के लिए बॉम्बे आई और फिर आर्यन ने मुझे सब बताया।'

### द बैड्स ऑफ बॉलीवुड के बारे में

द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में लक्ष्य लालवानी, सहर बाम्बा, बॉबी देओल, राघव जुयाल, आन्या सिंह, मनीष चौधरी, मोना सिंह, विजयंत कोहली, मनोज पाहवा, गौतमी कपूर और रजत बेदी जैसे कलाकार नजर आए हैं। कहानी आसमान सिंह (लक्ष्य) नाम के एक ऐसे नौजवान की है जो फिल्मों की दुनिया में बड़ा नाम कमाने का सपना लेकर आता है। उसके साथ उसका दोस्त परवेज (राघव जुयाल) और मैनेजर सान्या (आन्या सिंह) उसका साथ देते हैं। यह कहानी न सिर्फ ग्लैमर की दुनिया की चमक दिखाती है बल्कि उसके पीछे की अंधेरी सच्चाइयों को भी उजागर करती है।



## इंग्लिश हॉरर फिल्म लिली रोज में दिखेंगी टिया बाजपेयी

**मल्टी-टैलेंटेड सिंगर और एक्ट्रेस टिया बाजपेयी बॉलीवुड और ग्लोबल म्यूजिक में अपनी अलग पहचान रखती हैं। 'सारेगामापा से करियर की शुरुआत करने वाली टिया ने '1920' और 'हॉन्टेड' जैसी हॉरर फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। एक खास बातचीत में उन्होंने अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स, ग्लोबल विजन समेत कई बातों पर चर्चा की...**

**इन दिनों आप किस प्रोजेक्ट में बिजी हैं। आगामी प्रोजेक्ट्स क्या हैं?**
मेरा सबसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट एक इंग्लिश हॉरर फिल्म है जिसका नाम 'लिली रोज है। साथ ही, एक प्रॉपर म्यूजिक एलबम भी जल्द ही रिलीज होने वाला है।

**इन प्रोजेक्ट्स में आपकी एक्टिंग और सिंगिंग दोनों देखने को मिलेगी?**
हां, दोनों देखने को मिलेंगी। मैं अपनी फिल्मों में भी गाने गाती हूं। हॉरर फिल्म इसलिए चुनी क्योंकि दर्शक चाहते थे कि मैं हॉरर करूं।

**बतौर सिंगर और सॉन्ग राइटर आपका ग्लोबल विजन क्या है?**
मैं चाहती हूं कि मेरी कला पूरी दुनिया तक पहुंचे। मैं खुद को एक कलाकार (आर्टिस्ट) के तौर पर देखती हूं और चाहती हूं कि लोग मेरी कला की इज्जत करें। अच्छी आवाज ऊपर वाले का गिफ्ट है और मैं चाहती हूं कि यह मेहनत पूरी दुनिया तक पहुंचे।

**इंडस्ट्री के दिग्गजों के साथ काम करने का अनुभव और सीख क्या रही है?**
सबसे अहम सीख है टेम्परमेंट (स्वभाव) बनाए रखना, खासकर दबाव में। दूसरा, सेट पर अपनी ज़िम्मेदारी समझना और काम को पूरा करना (जैसे '1920 की शूटिंग में बर्फीले पानी में काम करना)। सह-कलाकारों के साथ काम करना अच्छा रहा, खासकर उनके सहयोग और अपनी लाइन्स को समय पर खुद देने की आदत के कारण।

**क्या कभी एक्टिंग या सिंगिंग में से किसी एक पर फोकस करने का विचार आया?**
नहीं, क्योंकि दोनों ही मेरे लिए समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। सिंगिंग बचपन से कर रही हूं लेकिन एक्टिंग ने मुझे खुद चुना। दोनों कला के रूप हैं। मैं दोनों में से किसी को भी चुनने की ज़रूरत महसूस नहीं करती, जैसे आप लेफ्ट या राइट हैंड में से किसी एक को नहीं चुनते।

**'सारेगामापा से शुरू हुई आपकी अब तक की जर्नी कैसी रही है?**
मैं खुद को बहुत किस्मतवाली समझती हूं कि इतनी कम उम्र में इतना कुछ देखा और किया। यह जर्नी बहुत खूबसूरत रही है। इसमें उतार-चढ़ाव आए लेकिन मेरे प्रशंसक हमेशा साथ रहे, जो मेरे लिए सबसे बड़ी चीज़ है। स्ट्रगल हर फील्ड में है क्योंकि कंपटीशन बहुत ज्यादा है। यह इंडस्ट्री एक बहुत बड़ा बिजनेस भी है, जिसमें अरबों का पैसा लगता है। सिर्फ अच्छा गाना या दिखना काफी नहीं है। आपको ऑडियंस को समझना, लुक, किस तरह के गाने गाने हैं। ये सब मिलाकर एक कंप्लीट पैकेज बनना पड़ता है। परदे के पीछे की बिजनेस स्टोरी समझना भी बहुत जरूरी है।

### बतौर एक्ट्रेस आगे आप किस तरह के रोल करना चाहती हैं?

इतने सालों के काम से मुझमें ठहराव आ गया है और मैं चूजी हो गई हूं। अब मेरा फोकस क्वालिटी पर है, न कि क्वांटिटी पर। मैं अब ऐसे परफॉर्मेंस-ओरिएंटेड और अच्छे रोल करना चाहती हूं जो एक लेगेसी छोड़कर जाएं, सिर्फ पैसे के लिए फिल्में नहीं करनी हैं।

## फिल्म दुनियादारी से बड़े परदे पर दमदार वापसी करेंगे गोविंदा

**अभिनेता गोविंदा एक बार फिर सुर्खियों में हैं। वजह है उनकी सेहत। अचानक तबीयत खराब होने के बाद उन्हें मुंबई के जुहू स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक्टर को अब छुट्टी मिल गई है। उनका कहना है कि वे अब ठीक हैं। इस बीच चीची की सेहत को लेकर चिंतित फैंस को एक खुशखबरी भी मिली है। गोविंदा बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं।**

### एक्टर ने फिल्म को लेकर दिया यह अपडेट


गोविंदा ने फिल्म पर अपडेट देते हुए कहा, मैं अभी जो फिल्म शुरू कर रहा हूं, उसका नाम दुनियादारी है। मैं चाहता हूं कि लोग, खासकर मेरे फैंस, मुझे गोविंदा के बेस्ट फॉर्म में देखें। ठीक वैसे ही, जैसे उन्होंने मुझे पहले देखा है। मैं कहना चाहता हूं कि जब कोई व्यक्ति वफादार और ईमानदार होने के बावजूद विश्वासघात का सामना करता है, तभी उसे दुनिया के तौर-तरीके सही मायने में समझ आते हैं।

अभिनेता गोविंदा दुनियादारी नाम की फिल्म के साथ बड़े परदे पर वापसी कर रहे हैं। इसमें उन्हें गोविंदा का अब तक का बेस्ट अवतार देखने को मिलेगा। बातचीत में गोविंदा ने कहा कि वे चाहते हैं कि उनके प्रशंसक उन्हें इस फिल्म के जरिए एक बार फिर उनके बेस्ट फॉर्म में देखें। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म किस बारे में होगी और दर्शक इससे क्या उम्मीद कर सकते हैं। लंबे अरसे बाद गोविंदा को परदे पर देखना फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं होगा।



### कॉमेडी, डांस और गाना, फिल्म में होगा सबकुछ

गोविंदा ने आगे कहा, मेरी फिल्मों में कॉमेडी, गाने और डांस जैसी वो सारी चीजें होंगी, जो लोगों को पसंद हैं, लेकिन मैं चाहता हूं कि भारत और विदेश में लोग दुनियादारी देखें और समझें कि हमारा देश असल में क्या है। जब लोग यह फिल्म देखेंगे, तो वे मुझे मेरे बेस्ट फॉर्म में देखेंगे। फिल्म को बेहतर बनाने की मैं अपनी तरफ से पूरी कोशिश करूंगा।




## सैयारा ने येलोस्टोन फिल्म फेस्टिवल में जीता अवॉर्ड

मशहूर फिल्ममेकर मोहित सूरी के लिए साल 2025 किसी सपने के सच होने जैसा बन गया है। उनकी फिल्म सैयारा देश-विदेश में अपनी सफलता का परचम लहरा रही है। इस बीच फिल्म ने येलोस्टोन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 (वाईआईएफएफ) में पॉपुलर चॉइस अवॉर्ड जीता। इस मौके पर निर्देशक मोहित सूरी ने कहा कि इस फिल्म की सफलता के पीछे की ताकत यश राज फिल्म्स की ओर से दी जाने वाली आजादी रही है। शुक्रवार को मुंबई में आयोजित वाईआईएफएफ के इवेंट में यश राज फिल्म्स के सीईओ अक्षय विधानी और निर्देशक मोहित सूरी ने फिल्म सैयारा के लिए अवॉर्ड ग्रहण किया। अवॉर्ड मिलने के बाद मोहित सूरी ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए बेहद भावुक करने वाला है। वे पिछले बीस सालों से इंडस्ट्री का हिस्सा हैं, लेकिन यह उनकी पहली ट्रॉफी है। उन्होंने कहा, इस फिल्म में सब कुछ जैसे पहली बार हुआ, जैसे फिल्म में एक्टर्स पहली बार बड़े पर्दे पर उतरे, वे पहली बार यश राज फिल्म्स के साथ काम कर रहे थे, और अक्षय पहली बार किसी फिल्म का निर्माण कर रहे थे। ये सब पहली बार के अनुभव मेरे लिए यादगार बन गए। मोहित सूरी ने अपने बचपन की उन यादों को भी साझा किया, जब वह थिएटर में दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे देखने गए थे। उन्होंने बताया, उसी पल मैंने सोच लिया था कि मुझे फिल्मों से जुड़ना है। यही सपना धीरे-धीरे बढ़ा और आज मेरी फिल्म को अंतरराष्टीय मंच पर सम्मान मिला।

फिल्म के निर्माता आदित्य चोपड़ा का धन्यवाद करते हुए मोहित ने बताया कि आज के समय में जब बहुत लोग मानते हैं कि रोमांटिक फिल्मों का दौर खत्म हो चुका है, तब आदित्य चोपड़ा ने कहानी पर भरोसा किया। उन्होंने कहा, जहां बाकी इंडस्ट्री एक्शन और बड़े-बड़े स्टंट्स में बिजी है, वहीं आदित्य ने मुझे एक सरल प्रेम कहानी बनाने की पूरी आजादी दी। यह भरोसा किसी भी निर्देशक के लिए सबसे कीमती चीज है। यह अवॉर्ड जितना मेरा है, उतना यशराज फिल्म्स का भी है। पहली फिल्म में सुरक्षित रास्ता चुनना आसान होता है, खासकर तब जब आपके पास बड़े नामों को लेने का अवसर हो, लेकिन अक्षय विधानी ने दो नए कलाकारों, अहान पांडे और अनीत पड्डा, पर भरोसा किया, जिसने फिल्म को नया रूप दिया। मोहित ने आगे बताया, जब मैंने फिल्म की स्क्रिप्ट आदित्य चोपड़ा और अक्षय विधानी को दी, तो दोनों ने तुरंत दिलचस्पी दिखाई। उन्होंने उस वक्त मुझे सिर्फ एक ही बात कही, कि वे चाहते हैं कि मैं अपनी जिंदगी की सबसे अच्छी फिल्म बनाऊं। उन्होंने कभी भी मुझसे ये नहीं कहा कि फिल्म को हिट होना चाहिए या बॉक्स ऑफिस पर धमाका करना चाहिए। उन्होंने सिर्फ फिल्म की आत्मा और संगीत पर ध्यान देने को कहा। इस भरोसे की वजह से मुझे रचनात्मक आजादी मिली, जिसकी हर फिल्ममेकर चाहत रखता है। यही आजादी ही सैयारा की बड़ी ताकत रही।





## यशराज की फिल्म में ग्रे किरदार में नजर आएंगे बॉबी, अगले साल शुरू होगा शूट

**बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल अपनी दूसरी पारी में लगातार नए-नए किरदार निभा रहे हैं। अब वे यशराज फिल्म्स की एक और बड़ी एक्शन फिल्म में अहान पांडे और शरवरी वाघ के साथ नजर आने वाले हैं। बॉबी ऑलरेडी यशराज की एक और फिल्म अल्फा भी कर ही रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ आलिया भट्ट भी लीड रोल में नजर आएंगी। वहीं शरवरी भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।**

### इस फिल्म में अहान पांडे के पिता का किरदार प्ले करेंगे बॉबी

फिल्म इंडस्ट्री में इन दिनों एक नए तरह की कास्टिंग देखने को मिल रही है, जहां जेन-जी को पसंद आने वाले युवा कलाकारों को अनुभवी सितारों के साथ जोड़ा जा रहा है। इसी सिलसिले में यशराज फिल्म्स की आगामी एक्शन ड्रामा में अहान पांडे के पिता के रूप में बॉबी देओल नजर आएंगे। रिपोर्ट में बताया गया है कि अली अब्बास और निर्माता आदित्य चोपड़ा पहले से स्पष्ट थे कि फिल्म में बॉबी का किरदार, उनके पिछले सभी किरदारों से अलग रखा जाएगा। निर्देशक ने इस बात को ध्यान में रखते हुए अभिनेता के किरदार को तैयार किया है, जो फिल्म में दमदार छाप छोड़ेगा। खबर है कि बॉबी ने एक हफ्ते पहले ही अली अब्बास के आगामी प्रोजेक्ट में काम करना शुरू किया है। इस फिल्म के अलावा बॉबी जल्द ही थलापति विजय की तमिल फिल्म जन नायगन में भी नजर आएंगे। यह विजय की आखिरी फिल्म भी हो सकती है।

### इंग्लैंड में लोकेशंस की रेकी करेंगे डायरेक्टर अली अब्बास जफर

सूत्रों के अनुसार... अली अब्बास जफर इस बड़े बजट की एक्शन ड्रामा फिल्म की शूटिंग अगले साल यानी 2026 की पहली तिमाही (मार्च) से शुरू करेंगे। निर्देशक और टीम जल्द ही इंग्लैंड जाकर शूटिंग लोकेशंस की रेकी करने वाले हैं। फिल्म में बॉबी का किरदार एक अथॉरिटेटिव पोजिशन यानी अधिकारपूर्ण पद पर होगा। उनका रोल पूरी तरह खलनायक नहीं होगा, बल्कि इसमें ग्रे शेड्स होंगे, यानी चरित्र में नकारात्मक और सकारात्मक दोनों पहलू होंगे। कहानी में यह किरदार नायक अहान पांडे से टकराव भी रखेगा और भावनात्मक जुड़ाव भी। बॉबी की कास्टिंग हाल ही में फाइनल हुई है और फिल्म का निर्माण बड़े स्तर पर किया जा रहा है।

### अल्फा है वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की छठी फिल्म

अल्फा यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की छठी और पहली महिला-केंद्रित फिल्म है। इसमें आलिया भट्ट और शरवरी वाघ दो महिला जासूसों की भूमिका निभा रही हैं, जबकि बॉबी उनके सामने एक सशक्त रोधी किरदार में होंगे। पहले इसकी रिलीज दिसंबर 2025 तय की गई थी, लेकिन विजुअल इफेक्ट्स और पोस्ट-प्रोडक्शन को बेहतर बनाने के कारण अब यह 17 अप्रैल 2026 को रिलीज होगी।

### अनुराग कश्यप की बंदर में भी दिखेंगे बॉबी

बॉबी की हालिया सफल फिल्मों और वेब सीरीज ने उनके करियर को नई ऊंचाई और स्थिरता दी है। 2023 में एनिमल और वेब सीरीज आश्रम में उनकी नकारात्मक भूमिकाएं लंबे समय तक चर्चा में रहीं। 2024 की फिल्म कंगुवा में भी उन्होंने अपने दमदार अभिनय और स्क्रीन प्रेजेंस से दर्शकों को प्रभावित किया। 2026 में उनकी बड़ी रिलीज फिल्म अपने 2 होगी। इसके अलावा वे निर्देशक-निर्माता अनुराग कश्यप की क्राइम थ्रिलर बंदर में भी दिखाई देंगे।



# कांग्रेस विधानसभा प्रभारी द्वारा खारिया फोर्ट में एस आर आई संबंधी बैठक का आयोजन किया गया

जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निस.)** विधानसभा प्रभारी द्वारा खारिया फोर्ट में एस आर आई संबंधी बैठक का आयोजन किया गया। नगर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कुचामन नावा की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। मीटिंग का मूल उद्देश्य एस आर आई संबंधी सभी जानकारी को बुथ एजेन्ट एवं कार्यकर्ताओं को विस्तार से बताया। बैठक को संबोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी देवेंद्र सिंह बुटाटी ने कहा कि पूर्ण निरीक्षण मतदाता सूची में किसी भी मतदाता का नामांकन नहीं छुटना चाहिए तथा इस कार्यक्रम के लिए अपने बुथ एजेन्ट के साथ मिलाकर प्रत्येक घर पर उपस्थिति देकर इसको मजबूती प्रदान कराये। इस कार्य के लिए बुथ एजेंट एवं बूथ स्तरीय जनप्रतिनिधियों या पार्षद गणों को अपने क्षेत्र में मतदाताओं को अच्छी तरह से समझा कर तथा परिपत्र में मांगी गई संपूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। तथा जो मतदाता प्रवासी है या जीवको उपार्जन के लिए बाहर गए हैं उनका भी नामांकन संबंधित रिश्तेदार द्वारा करवाया जा सकता है। उपलब्ध फार्म पर संबंधित बीएलओ के हस्ताक्षर करवा कर अपने पास सुरक्षित करवाने का आह्वान किया ताकि जब मतदाता सूचियां का प्रकाशन हो उस समय किसी भी मतदाता का नाम मतदाता सूची से वंचित न रह जाए तथा उसको कानूनी मदद मिल सके। उपस्थित कार्यकर्ताओं को उन्होंने कहा कि यह कार्य आगामी स्थानीय निकाय एवं पंचायत के चुनाव में किसी भी मतदाता का नाम मतदाता सूची में न रह जाए यह हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में नावां विधानसभा प्रभारी देवेंद्र सिंह बुटाटी, जिला उपाध्यक्ष शेर खान, जिला महासचिव बुद्धाराम चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष कुचामन भंवर अली खान, ब्लॉक अध्यक्ष नावां उदय सिंह खारिया, जिला सचिव ईश्वर राम सोहू, नगर अध्यक्ष सुतेद्र सारस्वत, पार्षद जवाना राम मोहनपुरिया, अयूब सोलंकी, मोहम्मद फारूक टांक, ब्लॉक उपाध्यक्ष मुन्ना राम महला, कमलकांत डोडवाडिया, परसराम बुगालिया, हिरानी सरपंच मदनलाल कुमावत, युवा कांग्रेसी गजेंद्र कांसोटिया, भागुराम बुगालिया, इमरान लीलगर, पार्षद प्रतिनिधि मोहम्मद नासिर ,वरिष्ठ कांग्रेसी दुर्गा राम चौधरी, मुकेश सेन सहित कार्यकर्ताओ ने भाग लिया।



## कर्मचारियों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं पर रोक की मांग



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस.)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ द्वारा प्रदेश के कर्मचारियों द्वारा प्रशासनिक एवं मानसिक प्रताड़ना से तनावग्रस्त होकर की जा रही आत्महत्याओं को लेकरमुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को तहसील अध्यक्ष उदयलाल कोली के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में प्रदेश के कर्मचारियों द्वारा प्रशासनिक एवं मानसिक प्रताड़ना से तनावग्रस्त होकर की जा रही आत्महत्या जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने और घटना के दोषियों की सजा सुनिश्चित करने की मांग की गई ।ग्राम विकास अधिकारी संघ तहसील अध्यक्ष सुरेश चंद्र शर्मा, कृषि पर्यवेक्षक संघ के ललित कुमार धाकड़ ,राधेश्याम बलाई , हिमांशु कोली व शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं अनेक बीएलओ उपस्थित रहे।

## विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन




जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस.)।** तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देश पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन राणाजी का गुढ़ा नरेगा स्थल में किया गया।पीएलवी रामबाबू माथुर ने महिलाओं को कानूनी जानकारी दी। इस कैम्प का मुख्य उद्देश्य मातृ स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों,घरेलू हिंसा तथा जबरन श्रम के दुष्प्रभावों आदि की जानकारी देना था।

## रेजांगला के अहीर वीर शहीदों को किया नमन



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस.)।** 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान रेजांगला में शहीद हुए अहीर वीर जवानों को तिलस्वां में श्रद्धांजलि अर्पित की गई और भारतीय सेना में चल रही अहीर रेजिमेंट की मांग को बुलंद किया गया।श्यामलाल अहीर ने बताया कि भारतीय सेना की चार्ली कंपनी के 120 वीर अहीर जवानों ने चीन के 3 हजार सैनिकों को मार गिराया था और चुशूल लद्दाख को बचाया था। ये लड़ाई विश्व की 10 महानतम लड़ाइयों में से एक थी। 18 नवंबर को हुए इस युद्ध के उन सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## राजाखेड़ा में दिन पर दिन बढ़ती जा रही है यूरिया खाद की किल्लत किसान परेशान थाने में लगाकर लगाकर कटे टोकन मिला एक-एक बैग

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)** राजाखेड़ा,, किसानों को रवि की फसल गेहूं आलू सरसों में यूरिया खाद डालने के लिए दर दर की ठोकरे खानी पड़ रही हैं इसके बावजूद भी किसानों को यूरिया खाद उपलब्ध नहीं हो रहा है मात्रा के डीलर पर 300तीनसौ बैग आते हैं और वह 1 घंटे के अंदर ही सभा हो जाते हैं गत दिवस बायपास रोड पर जाम लगने के कारण भारी भी इकट्ठी हो गई थी एवं बाहनौ की लंबी कितार लगी थी जिसके ध्यान में रखते हुए स्थानीय प्रशासन के द्वारा कृषि विभाग के स्थानीय अधिकारी कर्मचारियों को यूरिया खाद वितरण करने के लिए थाने में बिठाया गया एवं किसानौ की लाइन लगवाई गई आधार कार्ड के माध्यम से फिंगरप्रिंट लेकर एक व्यक्ति एक बैग के टोकन काटे गए इसके बाद में वह व्यक्ति टौकन लेकर कद विक्रेता की दुकान पर पहुंचा वहां से उसने एक बैग प्राप्त कर अपने गंतव्य को रवाना हुआ यदि यही हालत यूरिया खाद की रही तो किसानों को खेती में लगाई हुई पैसे की राशियों की भरपाई करना भी मुश्किल होगा क्योंकि बिना खाद के फसल होती नहीं के कारण खेतों की मिट्टी पर इतना असर पड़ चुका है जिसके बिना खेतों में फसल ही नहीं होती है क्या जिला प्रशासन स्थानिक खाद विक्रेताओं को खाद उपलब्ध कराकर किसानों को हो रही परेशानी से निजात दिला पाएगा



### आम सूचना

मैने अपना नाम शंकर लाल यादम से बदल कर शंकर लाल सैनी रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नए नाम शंकर लाल सैनी के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जावे।
शंकर लाल सैनी पुत्र नानू राम सैनी निवासी सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान

## जिला कलक्टर ने परबतसर के बिठवालिया व कुण्डरी और कुचामन के आनंदपुरा व पलाडा में ग्राम सेवा सहकारी समिति के लिए प्रदान किये पट्टे

जयपुर टाइम्स



**डीडवाना-कुचामन,(निस.)** जिला कलक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय कार्यालयों एवं विभिन्न विभागों को पट्टे जारी करने का कार्य लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला कलक्टर डॉ खड़गावत ने बुधवार जिले में परबतसर के बिठवालिया व कुण्डरी में तथा कुचामन के आनंदपुरा व पलाडा में ग्राम सेवा सहकारी समिति के लिए पट्टे प्रदान किये है। अतिरिक्त जिला कलक्टर मोहन लाल खटनावलिया ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ खड़गावत के निर्देश पर परबतसर तहसील के ग्राम बिठवालिया में 0.1500 हैक्टेयर व ग्राम कुण्डरी के लिए मौजा मिण्डकिया में 0.0700 हैक्टेयर, इसी प्रकार से कुचामन तहसील के ग्राम आनंदपुरा में 0.1250 हैक्टेयर तथा ग्राम पलाडा में 0.1500 हैक्टेयर भूमि का आवंटन ग्राम सेवा सहकारी समिति के गोदाम व कार्यालय निर्माण के लिए भूमि आवंटन किया गया था। इसी क्रम में जिला कलक्टर डॉ खड़गावत के निर्देशन में त्वरित कार्यवाही कर उक्त कार्यालयों के पट्टे जारी किये गए हैं।

## उपखंड अधिकारी राजाखेड़ा कोशिक्षक संघ राष्ट्रीय ने सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर** राजाखेड़ा राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की उपशाखा राजाखेड़ा के द्वारा झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र निवासी एक शिक्षक बीएलओ मुकेश जांगिड़ के आत्महत्या वाले मामले में मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान के नाम एक ज्ञापन उपखंडाधिकारी राजाखेड़ा को सौंपा। उपशाखा के अध्यक्ष उमेश चंद शर्मा ने बताया कि झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ मुकेश जांगिड़ द्वारा एस आई आर कार्यक्रम में उच्चाधिकारियों के अनावश्यक दवाब के चलते ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली थी जिसके चलते शिक्षक समुदाय में अत्यंत रोष व निराशा व्याप्त है इसी संबंध में उपखंडाधिकारी राजाखेड़ा को मुख्य निर्वाचन अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा गया है जिसमें आत्महत्या के मामले के उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई, मुकेश जांगिड़ के परिवार को 50 लाख रुपए मुआवजा और किसी एक परिजन को सरकारी नौकरी और एस आई आर कार्यक्रम से जुड़े कर्मचारियों पर अनावश्यक और अनुचित दवाब न बनाये जाने की मांग शामिल है। इस अवसर पर वीरेंद्र सिंह जाट, राजेश सिंह,नेत्रपाल सिंह, राकेश उदैनियां ,अंकेश कुमार शर्मा,भागीरथ चौधरी,संजीव कुमार,रामकुमार पचौरी,भागीरथ पीटीआई, हरिओम सिंह,संजय कुमार अवस्थी, राहुल शर्मा, जितेंद्र शर्मा, दिनेश शर्मा, अशोक भंडारी,सुप्रवीन गिरि समेत अनेक बीएल सुपरवाइजर एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे

## केरली से उड़ा हेलीकॉप्टर, भाइयों के आँगन में उतरी बहन- भात न्यौतने का अनोखा जज्बा

जयपुर टाइम्स



**विराटनगर(निस.)।** उपखंड क्षेत्र के केरली गाँव ने बुधवार को एक ऐसी अनूठी परंपरा देखी, जिसने पूरे इलाके में चर्चा का माहौल बना दिया। यहाँ रहने वाले प्रधानाचार्य जयसिंह यादव की पत्नी अपने परिवार के साथ हेलीकॉप्टर में बैठकर नारायणपुर पहुँची और अपने भाइयों को भात न्यौतने का निमंत्रण दिया।जैसे ही हेलीकॉप्टर केरली से उड़ा, आसपास के गाँवों में मानो उत्सव सा माहौल बन गया। सैकड़ों ग्रामीण सिर्फ हेलीकॉप्टर देखने के लिए मौके पर उमड़ पड़े–भात न्यौतने का ऐसा नज़ारा इलाके में पहली बार देखने को मिला।

### भावनात्मक कारण से जुड़ा यह भव्य आयोजन

दूल्हे कृष्ण यादव के पिता जयसिंह यादव ने बताया कि वर्ष 1986 में उनकी शादी के समय अफवाह उड़ी थी कि वे हेलीकॉप्टर से बारात लाएंगे, जबकि उस समय परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर थी।इस अफवाह ने उनके माता-पिता को शर्मिंदगी का सामना करवाया था।अब सक्षम होने पर, उन्होंने अपने माता-पिता की वो कसक मिटाने के लिए यह सपना सच किया और भव्य आयोजन को हकीकत में बदला। सूत्रों के अनुसार लगभग 9 लाख रुपये में बुक यह हेलीकॉप्टर तीन कार्यक्रमों में हिस्सा लेगा जिसमें भात न्यौतना,दुल्हे की बारात,दुल्हन की हेलीकॉप्टर विदाई शामिल है।वही यह कार्यक्रम केरली का मान-सम्मान बढ़ाने वाला आयोजन रहा। स्थानीय मान्यता है कि भात न्यौता जितना अनोखा और सम्मानजनक होता है, उतना ही शुभ माना जाता है। केरली से उड़कर भाइयों के घर पहुँची यह भव्य भात न्योतने की रस्म अब पूरे क्षेत्र में यादगार मिसाल बन गई है।

## अनधिकृत शुल्क वसूली करने पर ई- मित्र संचालक पर सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने की कार्रवाई

### लाडनूं व डीडवाना के ई- मित्र संचालकों पर लगाया जुर्माना

जयपुर टाइम्स

**डीडवाना-कुचामन(निस.)** ई- मित्र द्वारा अधिक राशि लेने से संबंधित राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायत एवं जिला कलक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत के निर्देश पर जिला कार्यालय, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा तत्काल प्रभाव से तथ्यात्मक जाँच कर लाडनूं व डीडवाना के ई- मित्र संचालक पर जुर्माना लगाया है। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के उपनिदेशक शिवराज सोनी ने बताया कि जांच करने पर पाया गया कि संबंधित ईमित्र केंद्र संचालक द्वारा विभागीय निर्देशों का उल्लंघन करते हुए सामाजिक सुरक्षा पेंशन का वार्षिक सत्यापन करवाने के नाम पर अनधिकृत शुल्क वसूली की जा रही थी। यह कार्य पूर्णतः नियमविरुद्ध, उपभोक्ता शोषण की श्रेणी में आता है तथा राज्य सरकार की जनहितकारी सेवाओं की छवि को नुकसान पहुँचाता है। उन्होंने बताया कि इस पर सख्त संज्ञान लेते हुए विभाग द्वारा लाडनूं के ग्राम खामियाद के कियोस्क संचालक पर राशि ?5,000 (पाँच हजार रुपये) का स्पॉट पेनल्टी चालान जारी किया गया है और उसे भविष्य में किसी भी प्रकार की अवैध वसूली न करने के कड़े निर्देश प्रदान किए गए हैं। साथ ही डीडवाना के एक कियोस्क की जांच में दस्तावेजों के साथ छेडछाड करना एवं फर्जी सील साईन करना पाया गया जिसके उपरान्त कियोस्क पर राशि ?5,000 (पाँच हजार रुपये) का स्पॉट पेनल्टी चालान जारी किया गया है और कियोस्क को स्थायी रूप से बन्द किया गया। जिला सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग आम जनता को आश्वस्त करता है कि ई- मित्र सेवाएँ पूरी तरह नियत शुल्क पर उपलब्ध हैं और किसी भी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क लेना नियम के विरुद्ध है। यदि किसी संचालक द्वारा अनियमितता की जाती है तो उसके विरुद्ध तत्काल एवं कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, समस्त नागरिकों से अपील है कि वे किसी भी सेवा के बदले में अतिरिक्त धनराशि देने से इंकार करें और ऐसी घटना होने पर तुरंत साक्ष्य सहित 181 पर शिकायत दर्ज करवाएँ।

## श्रीमती इंदिरा गांधी का राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान - पंडित साकेत बिहारी शर्मा

### श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)** आज जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी की जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंडित साकेत बिहारी शर्मा ने की इस अवसर पर पंडित साकेत बिहारी शर्मा ने कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी का राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा और उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी गरीबों किसानों की हितेषी थी उन्होंने राष्ट्र का मान व सम्मान पूरी देश दुनिया में बढ़ाया वे लोकतांत्रिक मूल्यों की सजग प्रहरी और धर्मनिरपेक्षता की प्रतिमूर्ति थी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंडित साकेत बिहारी शर्मा ने आगे कहा कि आज हम सबको उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी देश की निडर आयरन लेडी थी उन्होंने पूरी दुनिया में देश का मान सम्मान बढ़ाया बे महान देशभक्त थे इस अवसर पर पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव श्यामू पंडित , जिला महासचिव आवश्यक सक्सेना, अल्पसंख्यक विभाग सीकर प्रभारी, सेवा दल भरतपुर प्रभारी,मदरसा बोर्ड धौलपुर के संयोजक सुलेमान फारुकी ,वरिष्ठ कांग्रेस नेता सदस्य मदरसा बोर्ड के मुन्ना अब्बासी, नगर अध्यक्ष बनवारी लाल जाटव, लोकेंद्र कंडेरा, संजय बघेल, राजेश प्रजापति, मानवेंद्र सिंह, पार्षद जीतू कंसाना,सहित वरिष्ठ कांग्रेस जन कार्यकर्ता मौजूद हे



### अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना में 31 दिसम्बर तक करें आवेदन

**जयपुर** कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, अल्पसंख्यक मामलात विभाग, जयपुर द्वारा अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना में ऑनलाईन आवेदन लिए जा रहे है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्ध ने बताया कि जिला मुख्यालय पर संचालित स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के राजकीय महाविद्यालयों के शैक्षिक पाठ्यक्रमों (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय हेतु) में अध्ययनरत अल्पसंख्यक समुदाय (मुस्लिम, सिक्ख, जैन, ईसाई, बौद्ध, पारसी) के वे छात्र (केवल बालक) जो घर से दूर रहकर (जो जयपुर जिला मुख्यालय/नगर परिषद् सीमा से बाहर के निवासरत हो)

### कार्यालय नगरपरिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान

क्रमांक : – न.प.सु./भूमि शाखा/2025/8156 दिनांक 18–11–2025

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे अंकित निम्नलिखित व्यक्ति द्वारा 69ए के अन्तर्गत पट्टा नियमन हेतु आवेदन किया हुआ है। उक्त के सम्बंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो आपत्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत करे। बाद मियाद गुजरने पश्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और इकतरफा कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | कस्बा | पता | क्षेत्रफल वर्गमीटर | आवासीय/व्यावसायिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | श्रीमती मंजू माली पत्नी श्री रामकृष्ण सैनी | सुजानगढ़ | आर्य समाज के सामने, वार्ड न. 50, सुजानगढ़ | 17.18 | व्यावसायिक |

आयुक्त
नगरपरिषद, सुजानगढ़

### आम सूचना

मैं सुरिन्द्र पचार पत्नी स्व0 श्री विकास बलवदा जाति जाट निवासी वार्ड न0-14, चौधरी कॉलोनी, चिडावा तहसील चिडावा जिला झुझुनू राजस्थान सर्व साधारण को सूचित करती हूँ कि मेरे पति विकास स्कार्पियो न.- RJ18B0106 रजिस्टर्ड है जिनका देहान्त दिनांक 20-12-2024 को हो चुका है। वाहन का चेसिस न0- MA2TA2SJXF2J42601 ईजन न0-SJF4F24315 मेरे पति विकास बलवदा के देहान्त बाद बतौर वारिसान मैं ही उक्त वाहन की वैध मालिक / उत्तराधिकारी हूँ।
मैं अब मेरे पति विकास बलवदा के नाम से रजिस्टर्ड उक्त वाहन को मेरे नाम से दर्ज करवाना चाहती हूँ। मेरे द्वारा दिया गया विवरण सही एवं सत्य है। यदि इस बाबत किसी प्रकार का कोई विवाद होता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी रहेगी।

### न्यायालय अपर जिला सेशन न्यायाधीश महोदय, श्रीमाधोपुर, जिला सीकर राजस्थान

रणवीर सिंह बनाम सोनी देवी वगै.
दीवानी दावा संख्या 17 / 24
टी.आई प्रार्थना पत्र संख्या 19 / 2024

**दावा बाबत विधिक तकारमा व स्थायी निषेधाज्ञा व आवेदन अस्थायी निषेधाज्ञा**

**सूचनार्थ**

सूचित किया जाता है कि रणवीर सिंह पुत्र प्यारे लाल उम्र 40 वर्ष निवासी 111, रजनी विहार, हीरापुरा, अजमेर रोड जयुपर राजस्थान द्वारा उपरोक्त वादपत्र मय टीआई प्रार्थन- पत्र न्यायालय में पेश किया गया है जिसमें प्रतिवादी / अप्रार्थी संख्या 7 सुण्डाराम पुत्र श्री हरबक्स, निवासी वार्ड नं. 11, खण्डेला, जिला सीकर राजस्थान, 8. श्रीमति विद्या देवी पत्नि ओमप्रकाश निवासी वार्ड नं. 11, खण्डेला, जिला सीकर राजस्थान, 9. निरंजन पुत्र स्व. श्री ओमप्रकाश निवासी वार्ड नं. 11, खण्डेला, जिला सीकर राजस्थानए 10. रेखा देवी पुत्री स्व. श्री ओमप्रकाश निवासी वार्ड नं. 11, खण्डेला, जिला सीकर राजस्थान 11. इन्द्रा देवी पुत्री स्व. श्री ओमप्रकाश निवासी वार्ड नं. 11, खण्डेला, जिला सीकर राजस्थान 12 हीराराम पुत्र श्री नोलाराम निवासी बृसिंहपुरा रोड़ खण्डेला, तहसील खण्डेला, जिला सीकर राजस्थानए 20. विक्रम सिंह पुत्र श्री किशन सिंह, निवासी ग्राम बृसिंहपुरा, तहसील खण्डेला, जिला सीकर राजस्थान, 21. कमला देवी पत्नि सीताराम गुर्जर, निवासी मेहरों की ढाणी, तहसील खण्डेला, जिला सीकर राजस्थान, 22. मेवा देवी पत्नि राजवीर गुर्जर निवासी मेहरों की ढाणी, खण्डेला, जिला सीकर राजस्थान, 25 भवानी सिंह पुत्र डालूराम जाट निवासी नेहरों की ढाणी, तहसील खण्डेला, जिला सीकर, राजस्थान 27 विवेक आर्य पुत्र स्व. श्री रामचन्द्र पौत्र श्री हनुमान सिंह आर्य, निवासी ग्राम बृसिंहपुरा, तहसील खण्डेला, जिला सीकर राजस्थान, 28. अंकित आर्य पुत्र स्व. श्री रामचन्द्र पौत्र स्व. हनुमान सिंह आर्य, निवासी ग्राम बृसिंहपुरा, तहसील खण्डेला, जिला सीकर राजस्थान, 30 बिमला देवी पुत्री स्व. हनुमान सिंह आर्य निवासी ग्राम बृसिंहपुरा, तहसील खण्डेला, जिला सीकर राजस्थान 31. संतोष देवी पुत्री स्व. हनुमान सिंह आर्य, निवासी ग्राम बृसिंहपुरा, तहसील खण्डेला, जिला सीकर राजस्थान 32. मनोज कुमार पुत्र स्व. श्री बाबूलाल ब्राहमण, निवासी ग्राम बृसिंहपुरा, तहसील खण्डेला, जिला सीकर राजस्थान, को पक्षकार संयोजित किया गया है जिनको सुचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण के संबंध में इस न्यायालय में दिनांक 22/11/2025 को स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है अगर उक्त तारीख पर कोई उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है अगर उक्त तारीख पर कोई उपस्थित होकर अपना हित नही रखे तो उक्त बाद में सुनवाई कर निस्तारण कर दिया जायेगा।
आज दिनांक 18/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

वरिष्ठ रिडर
जिला सेशन न्यायाधीश
श्रीमाधोपुर, जिला सीकर राजस्थान

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
20 नवम्बर, 2025

## गांधीनगर थाने में महिला सब इंस्पेक्टर को सवा लाख रुपए की रिश्वत लेते दबोचा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक विरोध की टीम ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई को अंजाम करते हुए राजधानी जयपुर के गांधीनगर थाने में पोस्टेड महिला सब इंस्पेक्टर राजकुमारी को सवा लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारी इस बात की भी जांच कर रहे हैं कि बरामद की गई रिश्वत की रकम में किस अन्य पुलिस अधिकारी का हिस्सा तो तय नहीं है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार महिला सब इंस्पेक्टर राजकुमारी है जो गांधीनगर थाने में नियुक्त है जिसने परिवादी से पुलिस में दर्ज एक मामले को रफा दफा करने के बदले खुद की रकम मांगी थी जिसकी शिकायत परिवादी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कार्यालय में दर्ज करवाई भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद ब्यूरो के अधिकारियों ने आरोपी सब इंस्पेक्टर राजकुमारी को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक कार्य योजना तैयार की इसी कार्य योजना के तहत बुधवार को जैसे ही परिवादी ने राजकुमारी को रिश्वत के सवा लाख रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से तैयार बैठे ब्यूरो के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ राजकुमारी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया एंटी करप्शन ब्यूरो की ओर से राजकुमारी के ठिकानों पर भी सर्च अभियान की कार्रवाई को संपादित किया जा रहा है इसके अलावा राजकुमारी की ओर से हाल ही में जो मामले निपटाए गए हैं उनके बारे में भी एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम जांच पड़ताल कर रही है क्योंकि ब्यूरो के अधिकारियों को संदेह है कि जिस तरह से राजकुमारी ने बड़ी रकम मामले के रफा-दफा करने के बदले मांगी उसे देखते भी ऐसा लगता है की राजकुमारी बिना पैसा लिए दिए कोई सरकारी काम नहीं निपटाती थी ।

## प्रदेश के नर्सेज एसोसिएशन ने अपनी मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री को प्रस्तुत किया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन का एक प्रतिनधिमण्डल प्रदेश अध्यक्ष प्यारेलाल चौधरी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री के नाम से नर्सेज की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर ज्ञापन दिया ।एसोसिएशन प्रदेश महासचिव जे पी कस्वां ने बताया कि प्रदेश में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत नर्सेज की बिभिन समस्याओं नर्सेज निदेशालय बनाये जाने और नर्सिंग कैडर का पुनर्घटन करते हुए केंद्र के समान वेतनमान भत्ते देने , नर्सेज को चिकित्सकों की भाँति 6,12,18,24 वर्ष की सेवा पर समयबद्ध पदोन्नति देने ,संविदा के आधार पर पिछले 15 वर्षों से कार्यरत नर्सेज को संविदा नियम 2022 के तहत नियमित करने, नर्सेज की संविदा भर्ती पर रोक लगाते हुए नियमित भर्ती करने, प्रदेश में सरकारी प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे ए एंन एम और जी एंन एम प्रशिक्षणार्थियों के स्टाइपेंड में बढ़ोत्तरी करनेनर्सेज को चिकित्सकों की अनुपस्थिति में दबाई लिखने का अधिकार देने और ग्रामीण व दुर्मम क्षेत्रों में कार्यरत नर्सेज को ग्रामीण भत्ता देने ए एं एम एलएचबी का पदनाम परिवर्तित करने,राजमेस द्वारा संचालित नर्सिंग कॉलेजों में आई एंन सी के मापदंडों के अनुसार नर्सिंग फेकल्टी के नियमित पद सृजित करने जनबरी 2004 के बाद नियुक्त नर्सेज की पी एफ आर डी ए में जमा राशि उनके जी पी एफ खातों में जमा कराने, उच्च शिक्षा हेतु नर्सेज को अधिक अवसर प्रदान करते हुए उच्च प्रशिक्षित नर्सेज को पूर्व की भांति अतरिक्त वेतन वृद्धि देने की मांगों को लेकर बुधवार को ज्ञापन दिया गया है । प्रतिनधिमण्डल में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह शेखावत, मालती शर्मा,सहित एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गुरुवार को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम स्थगित

### जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक भी स्थगित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य प्रगति पर है। इस महत्वपूर्ण कार्य में प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की व्यापक स्तर पर तैनाती व निरंतर व्यस्तता को ध्यान में रखते हुए गुरुवार 20 नवंबर को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम स्थगित किया गया है। साथ ही गुरुवार को प्रस्तावित जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक को भी स्थगित कर दी गई है ताकि निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य निरंतर जारी रह सके।

## आंकड़े संग्रहित करवाने की अपील

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं और उनके परिवार जनों के आंकड़े भारतीय सेना की पश्चिमी कमान द्वारा एकत्रित किए जा रहे हैं। पूर्व सैनिक श्यामलाल गोयल ने बताया कि सैनिकों का सर्विस और पारिवारिक डाटा संग्रहित करने वाले लोगों का हमें सहयोग करना है, ताकि उनका डाटा कलेक्शन का कार्य पूरा हो सके। भारतीय सेना के जवानों के हित में इस कार्य को प्राथमिकता दिया जाना आवश्यक है और यह सुजानगढ़ और बीदासर के ग्रुप में भेजा जा सकता है।

## एसआईआर को लेकर बीएलए की बैठक



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** एसआईआर को लेकर जय निवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रभारी दिनेश कस्वा ने उपस्थित बीएलए से कहा कि सतर्कता के साथ एसआईआर का कार्य कम्पलीट करवाने का आह्वान किया। बैठक के दौरान विधायक मनोज मेघवाल, विद्याधर बेनीवाल, नरेंद्र बेनीवाल, रामेश्वर दुसाद आदि ने विचार प्रकट किए। बैठक में रामकरण जाखड़, अन्नाराम मेघवाल, रामनारायण, विकास सारण, मनसुख गोदारा, रूपाराम कस्वा, विक्रमसिंह, छेलूसिंह, आनंदसिंह, चैनानाथ सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### जिला कलक्टर के निर्देश पर ऑपरेशन प्रवर्तन के तहत बड़ी कार्रवाई

# जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम ने अवैध गैस रिफिलिंग नेटवर्क का किया भंडाफोड़

### 480 सिलेंडर, 6 पिकअप, रिफिलिंग मशीनें की जब्त, 9 आरोपी गिरफ्तार

### जिला रसद कार्यालय की तीन टीमों ने अलग अलग स्थानों पर कार्रवाई को दिया अंजाम

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम ने जिला कलक्टर डॉ जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देश पर ऑपरेशन प्रवर्तन के तहत बुधवार को बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम प्रियव्रत सिंह चारण ने बताया कि तीन विशेष सतर्कता दलों ने जयपुर के अलग अलग स्थानों पर कार्रवाई को अंजाम दिया। तीनों कार्रवाई में टीमों ने 480 सिलेंडर, 6 पिकअप, रिफिलिंग मशीनें की जब्त की वहीं, 9 आरोपी गिरफ्तार किए हैं। उन्होंने बताया कि दल 'ए' में कींति शर्मा एवं सरिता, दल 'बी' में योगेश मिश्रा एवं सुनीता चौधरी तथा दल 'सी' में कविता शर्मा, पूजा शर्मा, प्रिया गंगवानी एवं सरोज मीना को सम्मिलित करते हुए अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी गई। चारण के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान सर्वप्रथम प्रातः 04:30 बजे दल 'ए' द्वारा प्रताप नगर सेक्टर 16-17 नाले की पुलिया पर अवैध गैस रिफिलिंग की गतिविधि पाए जाने पर दबिश दी गई, जहां कुल 107 गैस सिलेंडर, 1 पिकअप, 4 रिफिलिंग मशीन, 1 इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 1 रजिस्टर तथा 1 पेटीएम मशीन जब्त की गई एवं एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद दल 'बी' द्वारा कृष्णा विहार, श्रीराम की नांगल, सांगानेर में कार्रवाई करते हुए 77 गैस सिलेंडर, 1 पिकअप वाहन, 1 मोबाइल एवं सीसीटीवी डीवीआर जब्त किया गया। इसी क्रम में दल 'सी' द्वारा जयपुर शहर के अति संवेदनशील क्षेत्र गंगानिवारा मैरिज गार्डन, एयरपोर्ट की दीवार के पास, प्रताप नगर में दबिश दी गई, जहां से कुल 296 गैस सिलेंडर (घरेलू एवं वाणिज्यिक दोनों), 4 पिकअप वाहन, 1 रिफिलिंग मशीन, 3 इलेक्ट्रॉनिक कांटे तथा सीसीटीवी डीवीआर सेट जब्त किए गए तथा 8 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान लक्ष्य इंडेन रामपुरिया जगतपुरा की गाड़ियों का मौके पर पाया जाना एजेंसी की संभावित संलिप्तता को दर्शाता है, जिसके संबंध में विस्तृत जांच कार्यालय स्तर पर जारी है। तीनों कार्रवाइयों में कुल 480 गैस सिलेंडर, 6 पिकअप वाहन, 5 रिफिलिंग मशीनें, 4 इलेक्ट्रॉनिक कांटे जब्त किए गए तथा कुल 9 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। तीन अवैध गैस रिफिलिंग माफियाओं के विरुद्ध द्रवित पेट्रोलियम गैस (रेग्यूलेशन ऑफ सप्लाई एंड डिस्ट्रीब्यूशन) ऑर्डर, 2000 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत नामजद एफआईआर दर्ज करवाई गई है। जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम ने बताया कि ऐसे अवैध रिफिलिंग केंद्र बिना सुरक्षा मानकों के संचालित होते हैं, जिससे आवासीय क्षेत्रों में बड़े हादसों की आशंका बनी रहती है। भारी मात्रा में गैस सिलेंडरों के खुले भंडारण से कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है, इसलिए इन गतिविधियों को रोकने हेतु सख्त अभियान चलाया जा रहा है।

## जयपुर जिल में बेहतर प्रदर्शन के लिए बीएलओ का किया जा रहा सम्मान

### जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर हो रहा सम्मान

### सभी विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी कर रहे सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत जयपुर जिले में परिगणना कार्य प्रगति पर है। जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्रों में परिगणना प्रपत्रों का वितरण, संग्रहण एवं डिजिटलीकरण कार्य किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी पूरे कार्य की स्वयं समीक्षा कर रहे हैं तथा नियमित अंतराल पर प्रगति रिपोर्ट लेकर कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित कर रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने निर्देशों की अनुपालना में विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एक अभिनव पहल के तहत बेहतर कार्य करने वाले बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) को पहचान कर उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने सभी विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि जो बीएलओ समय पर, गुणवत्तापूर्ण एवं त्रुटिरहित कार्य कर रहे हैं, उन्हें तत्परता से सम्मानित किया जाए, ताकि मैदानी कार्यकर्ताओं में मनोबल बना रहे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेघराज मीणा ने बताया कि इस पहल का अत्यंत सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है। सम्मानित बीएलओ एक प्रेरणास्रोत के रूप में उभर रहे हैं और उनके काम को देखकर अन्य बीएलओ भी अपने कार्यों में अधिक गंभीरता, पारदर्शिता और दक्षता ला रहे हैं। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे मतदाता सूची को अद्यतन, सटीक और त्रुटिरहित बनाने की नींव हैं। सम्मान से उनमें जिम्मेदारी का भाव और अधिक प्रबल हुआ है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जयपुर जिले में मतदाता सूची को अधिकतम सटीकता के साथ तैयार करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए फील्ड में कार्यरत हर बीएलओ को आवश्यक सहयोग, प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

## गहलोत एसआईआर को दे रहे है राजनीतिक रंगः मदन राठौड़

### गहलोत बिहार पराजय से बौखला गए, जानबूझकर जनता के बीच अराजकता फैलाने का कर रहे है प्रयास

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर लगाए गए गंभीर और आधारहीन आरोप निंदनीय हैं। लोकतांत्रिक संस्थाओं पर इस प्रकार का हमला केवल राजनीतिक भ्रम फैलाने और जनता को गुमराह करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग देश की सबसे विश्वसनीय और संवैधानिक संस्था है। उस पर बेवकूफी मिलीभगत और खराब नीयत जैसे शब्दों का प्रयोग करना अशोक गहलोत की हताशा और निराधार राजनीति को दर्शाता है। जब राजनीतिक जमीन खिसकने लगती है तब ऐसे बयान कांग्रेस के नेताओं की आदत बन जाते हैं। एसआईआर तो वोटर लिस्ट को अधिक पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने की प्रक्रिया है। पहले भी एसआईआर होता रहा है। कांग्रेस जानबूझकर भ्रम फैला कर चुनावी व्यवस्था पर संदेह पैदा करना चाहती है ताकि आने वाले चुनावों में अपनी संभावित हार का बहाना पहले से तैयार कर सके। राठौड़ ने कहा कि गहलोत द्वारा एसआईआर को आत्महत्याओं और बंगाल की घटनाओं से जोड़ना संवेदनशील मामलों को राजनीतिक रंग देने जैसा है। बिना किसी प्रमाण के इस तरह के दावे करना अत्यंत गैर-जिम्मेदाराना है। जनता ऐसे बयानों को गंभीरता से नहीं लेती। गहलोत बार-बार जनता को सड़कों पर आने की बात कर रहे हैं जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया को चुनौती देने जैसा है। यह साफ दिखाता है कि गहलोत बिहार चुनावी पराजय से डरे हुए है और वह जानबूझकर अराजकता फैलाने का प्रयास कर रहे है। बिहार में एसआईआर के दौरान वोटर लिस्ट से 65 लाख ऐसे नामों को हटाया गया जिसकी मृत्यु या पलायन या फिर नाम के दोहराव जैसे कारण सामने आए। ऐसे में इन लोगों का नाम डिटेक्ट और डिलीट करना गलत नहीं है। राठौड़ ने कहा कि भाजपा पूरी तरह पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के पक्ष में है। चुनाव आयोग हर दल को समान अवसर देता है। आयोग पर इस तरह का हमला देश की संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता को चोट पहुँचाने के बराबर है। उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत का बयान राजनीतिक दिवालियापन और बौखलाहट का चरम है। संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करना कांग्रेस की आदत बन चुकी है। चुनाव आयोग पर उंगली उठाने से पहले गहलोत को अपने गिरते जनाधार और कांग्रेस की चरमराती हालत पर नजर डालनी चाहिए।

## विदेशी भाषा में हैं ढेर सारे जॉब्सः जी. एन. सैनी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)** विदेशी भाषा शिक्षण संस्थान फॉरेन लैंग्वेज एंड प्लसमेंट स्टूडियो (जी एन एस ) के संस्थापक जी एन सैनी ने हाल ही में जर्मनी सहित 10 यूरोपियन देशों की यात्रा की है। सैनी की यह जर्मनी की ज़ाह जॉब्स एंड भाषा आधारित चतुर्थ यात्रा थी, जिसके दौरान उन्होंने युवाओं के रोजगार के लिए हॉस्पिटैलिटी, गैस्ट्रोनॉमी, कंप्यूटर, ऑटोमोबाइल, स्वास्थ्य और नर्सिंग क्षेत्रों की कंपनियों से एमओयू निष्पादित किए। जी एन सैनी ने प्रेस वार्ता में बताया कि उन्होंने जर्मनी के 20 से भी ज्यादा शहरों एवं 25 से ज्यादा यूरोपियन शहरों की 60 दिवसीय यात्रा की. यात्रा के दौरान सैनी ने 250 से भी ज्यादा भारतीय प्रोफेसनल्स मुलाकात की जो सैनी जी से जर्मन सीख चुके हैं एवं वहाँ पहले से काम कर रहे हैं, साथ ही अलग अलग देशो के विभिन्न क्षेत्रों के प्रोफेशनल्स से मुलाकात की। फॉरेन लैंग्वेज एंड प्लसमेंट स्टूडियो (जी एन एस ) अब तक देश विदश के हजारो लोगो को जर्मन भाषा सीखा चुके हैं, साथ ही राजस्थान के विभिन्न विष्वविद्यालयों, कॉलेजों एवं स्कूलों में भी विदेशी भाषाओं के इंटरनेशनल कोर्सेज चला चुके हैं। हाल ही उन्होंने राजस्थान नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड ( आर के सी एल ) के माध्यम से भी विदेशी भाषाओं के इंटरनेशनल कोर्सेज चला चुके हैं।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत यातायात पुलिस और महिला बाल सुरक्षा एवं संरक्षण समिति के संयुक्त तत्वावधान में चलाया अभियान

जयपुर टाइम्स




**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ़ में समिति की चेयरपर्सन सुनीता वर्मा के संयुक्त नेतृत्व में, यातायात नियमों की पालना करने के लिए सड़क सुरक्षा नियमों को घूमचक्कर रोड़ सर्किल (रोड़ साईड) पर आमजन को जागरूक किया गया। घूमचक्कर पर आने-जाने वाले वाहन चालकों और आमजन को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। सुरक्षा मानकों, सीट बेल्ट, और हेलमेट लगाने की समझाइश की गई। नवलगढ़ पुलिस एस आई संतोष , हेड़ कांस्टेबल सुरेश कुमार,यातायात पुलिस प्रकाश, कांस्टेबल रामनिवास , सुरेश कुमार, कालूराम, रघुवीर सिंह व अन्य सैनी (समाज सेवी) मौजूद रहे।

## न्यूरोकेयर अस्पताल के निदेशक डॉ. एन. सी. पूनिया ने राजस्थान जाट समाज संस्थान को पाँच लाख रुपये का सामाजिक उत्तरदायित्व सहयोग दिया

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** सेवा, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व की सराहनीय मिसाल पेश करते हुए न्यूरोकेयर अस्पताल के निदेशक डॉ. एन. सी. पूनिया ने राजस्थान जाट समाज संस्थान को पाँच लाख रुपये की राशि सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत प्रदान की। यह सहयोग संस्थान द्वारा संचालित शिक्षा, छात्रवृत्ति, स्वास्थ्य सेवाओं और समाजोन्मुखी गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया गया है। डॉ. पूनिया, जो स्नायु रोग चिकित्सा के क्षेत्र में समर्पण और मानवता के लिए पहचाने जाते हैं, ने इस अवसर पर कहा कि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाना, मेधावी विद्यार्थियों को शिक्षा के अवसर देना तथा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना ही सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि न्यूरोकेयर अस्पताल केवल रोगों का उपचार करने वाला केंद्र नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपने दायित्व को समझने वाली संवेदनशील संस्था भी है। राजस्थान जाट समाज संस्थान के पदाधिकारियों ने डॉ. पूनिया के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग संस्थान के शिक्षा-संवर्धन कार्यक्रमों, जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्तियों, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों, परामर्श शिविरों तथा सामाजिक जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों में उपयोग किया जाएगा। पदाधिकारियों ने इसे केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि समाज के उज्ज्वल भविष्य में आस्था और भरोसे का प्रतीक बताया। समारोह के दौरान न्यूरोकेयर अस्पताल के प्रबंधकगण, चिकित्सकवृंद, चिकित्साकर्मी तथा राजस्थान जाट समाज संस्थान के प्रमुख सदस्य और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि निजी संस्थाओं द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में योगदान बढ़ाना समय की आवश्यकता है, ताकि समाज के वंचित एवं अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक भी सुविधाएँ पहुँच सकें। कार्यक्रम का समापन परस्पर धन्यवाद ज्ञापन, शुभकामनाओं के आदान-प्रदान और भविष्य में भी शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सामाजिक कल्याण के क्षेत्रों में संयुक्त प्रयासों को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ हुआ। डॉ. एन. सी. पूनिया द्वारा दिया गया यह सहयोग समाज के प्रति संवेदनशील चिंतन, उत्तरदायी भागीदारी और सेवा भावना का सशक्त संदेश माना जा रहा है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# एसआईआर की प्रताड़ना, गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति व शिक्षा व्यवस्था सुधार की मांग को लेकर शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)** राजस्थान शिक्षक संघ (अंबेडकर) के प्रांतीय आह्वान पर आज ब्लॉक रतनगढ़ में ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र नायक एवं ब्लॉक मंत्री नेतराम मीणा के नेतृत्व में, जिलाध्यक्ष शिवाराम मेघवाल के सहयोग से शिक्षकों ने उपखंड अधिकारी रतनगढ़ के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं शिक्षामंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि गहन पुनरीक्षण अभियान (स्ढ्ढर) के दौरान बीएलओ ड्यूटी में शिक्षकों पर अनियमित, अव्यवहारिक एवं अत्यधिक लक्ष्य थोपे जा रहे हैं, जिससे शिक्षकों का मानसिक व शारीरिक शोषण हो



रहा है। कार्यालयों द्वारा लगातार दबाव व प्रताड़ना के कारण शिक्षक अपनी मूल भूमिका से भटक रहे हैं और विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था चरमराती जा रही है। शिक्षकों ने बताया कि इसी प्रताड़ना का खामियाज़ा जयपुर के शिक्षक मुकेश जांगिड़ को अपनी जान देकर चुकाना पड़ा, जिन्होंने के असहनीय दबाव के चलते आत्महत्या कर ली। संघ ने इस घटना को अफसरशाही की अमानवीयता का प्रतीक बताते हुए कहा कि सरकार को मृतक शिक्षक के परिवार को 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान कर न्याय देना चाहिए। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि परीक्षा अवधि में शिक्षकों को प्रतिनियुक्ति करने से स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था गंभीर रूप से बाधित हो रही है तथा परीक्षा संचालन के लिए मानव संसाधन की भारी कमी दिखाई दे रही है, जिससे विद्यार्थियों का भविष्य खतरे में पड़ रहा है। संघ ने मांग की कि बच्चों के हित और शिक्षकों की गरिमा को ध्यान में रखते हुए रुश्रध नियमों के अनुसार शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से पूर्णतः मुक्त किया जाए तथा निर्वाचन विभाग इस समस्या का स्थाई समाधान निकाले। इस दौरान अनिल कंवल, पाबूसिंह, भंवरलाल सांवा, अरुणा जावा, मीना बारूपाल, रिखाराम, राजेंद्र बाकोलिया, चेतराम खारड़िया, वीरेंद्र जायसवाल, प्रेमकुमार, शैलेंद्र सिंह, नरेश गजराज, परमेश्वर नायक, सूर्यप्रकाश, वीरेंद्र, प्रभुराम सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। संघ ने चेतावनी दी कि यदि सरकार व विभाग ने शिक्षकों की समस्याओं पर गंभीरता नहीं दिखाई तो आंदोलन को और तीव्र रूप दिया जाएगा।

## आयुर्वेद विश्व भारती कॉलेज की टीम ने गांव में घर-घर किया सर्वे, मौसमी बिमारियों से बचने के लिए किया जागरूक



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के आयुर्वेद विश्व भारती की 40 सदस्यीय टीम ने प्रो वैद्य अजय वशिष्ठ के निर्देशन में सरदारशहर तहसील के ग्राम ढाणी पांचेरा में घर-घर जाकर सर्वे कार्य किया। वहां के राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय की कार्यप्रणाली की भी जानकारी ली। आरोग्य मित्र अभियान के तहत छात्रों ने घर-घर जाकर शारीरिक, मानसिक, सामाजिक , सांस्कृतिक तथा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी जुटाई एवं मौसमी बीमारियों से बचाव के उपाय बताएं गए। इस अवसर पर कॉलेज प्रोफेसर ने स्वस्थ जीवन शैली अपनाने पर जोर दिया तथा उचित खानपान के बारे में विस्तार से बताया गया। चिकित्सालय प्रभारी ने क्षेत्र में पाई जाने वाली जड़ी बूटियों की जानकारी दी। टीम में डॉ सरिता, टेक्नीशियन नानूराम विशाल एवं चिकित्सालय स्टाफ सहित परिचारक डूंगर सिंह रहे।पंचायत समिति सदस्य राम सारण, मनीराम नाई, रेवंत राम सुथार, हेतराम सुथार, मिलाप चंद, देवकरण, लक्ष्मी नारायण आदि ने भी सर्वे कार्य में सहयोग किया एवं टीम का आभार जताया गया।

## विधायक निवास पर मनाई इंदिरा गांधी की जयंती



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के विधायक आवास पर कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता उमर दिन सैयद ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि श्रीमती गांधी ने बैंकों के एकीकरण व पाकिस्तान के दो टुकड़े करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य देश हित में किए थे। आज हम सभी को उनके पद चिन्हों पर चलते हुए देशहित में अपना योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर कांग्रेस नेता मनफूल खान फौजी, पार्षद लाल बहादुर सेवदा, सीताराम चौहान, परमेश्वरलाल दुबे, फारुख व्यापारी, राजू खोखर, राकेश पारीक, मुंशी भाटी, ओम प्रकाश नाई, मदन सिंह निर्वाण, मस्तान जिंद्रान, ओमप्रकाश मेघवाल, पवन शर्मा, आनंद महर्षि, साकिन खान आदि कांग्रेजन उपस्थित रहे।

## एनसीसी कैडेट्स को विशेष सैन्य प्रशिक्षण



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के एसबीडी राजकीय महाविद्यालय में एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट कमलेश जोशी ने बताया कि 7 राज एनसीसी बटालियन बीकानेर की ओर से हवलदार लालचंद ने एनसीसी कैडेट्स को दो दिन का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, मैप रीडिंग व हथियार ट्रेनिंग के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास एवं नेतृत्व क्षमता का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। जोशी ने बताया कि कैडेट्स को विशेष परिस्थितियों का सामना करने का तरीका, सुरक्षा उपाय, टीमवर्क, अनुशासन और सामूहिक जिम्मेदारी के महत्व के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कविता शर्मा ने कैडेट्स को एनसीसी के उद्देश्य, कर्तव्य, अनुशासन के बारे में विशेष जानकारी दी।

## जरूरतमंद लोगों को रजाईयां वितरण की, भामाशाहों के सहयोग से हर साल सेवा का कार्य जारी

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** प्रातः स्मरणीय साहित्य संगीत नाट्यकला संत हृदय बाबू श्री शोभाचंदजी जम्मड द्वारा शरद पूर्णिमा सत्र 1925 में स्थापित श्री लोकरंजन परिषद की स्थापना के शताब्दी महोत्सव में बुधवार को शोभाचंद जम्मड़ भवन में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के वाचक दण्डी स्वामी ब्रह्मानंदजी महाराज ने रजाई वितरण कार्यक्रम में कहा कि



वंस को चलाने वाले तीन जन होते हैं। जिसमें पुत्र, गुरु का शिष्य और तीसरा व्यक्ति द्वारा किये श्रेष्ठ कार्य को करने पर आमजन है। इसी कडी में इस विशाल संस्था को आप सभी चला रहे हैं। सेठ मूलचंद मालू ने यहां विशाल श्रीईच्छा पूर्ण बालाजी मंदिर बनाकर सदियों तक याद किये जाने वाला कार्य किया है। उन्ही के पुत्र विकास मालू सरदारशहर में विकास की गंगा बहा रहे हैं। इन्होंने राजस्थान में विशाल पांच मंजिला भवन, पुलिस थाने का भवन जो हमेशा याद किया जाएगा। वहीं इन्होंने संस्कृति को बहाल रखने के लिए विशाल बडे बडे आयोजन करवायें हैं। ईश्वर इन्हें लंबी उम्र दे यही मेरा आर्शीवाद हैं। इस अवसर पर विकास मालू, हंसराज पुजारी, ओमप्रकश जोशी, जगदीश जैसनसरिया, शिवरतन सर्राफ, उम्मेदमल बुच्चा, जितेन्द्र राजवी, शोभाकांत स्वामी, शंभूदयाल पारीक, माणकचंद भाटी, महावीर माली ने जरूरत मंद लोगों को प्रथम दिन 100 रजाईयां वितरण की। कार्यक्रम का संचालन बालकृष्ण कौशिक ने किया।

## महाविद्यालय में तीन इंटरैक्टिव बोर्ड का लोकार्पण, महाविद्यालय प्राचार्य ने जताया आभार

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के एसबीडी राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां के कर कमलों से तीन इंटरैक्टिव बोर्ड्स का लोकार्पण किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कविता शर्मा ने बताया कि इंटरैक्टिव बोर्ड महाविद्यालय को प्रदीप सर्राफ कोलकाता प्रवासी निवासी रतनगढ़ द्वारा राजीव उपाध्याय की



प्रेरणा से भेंट किए गए है। महाविद्यालय को प्राप्त तीन बोर्ड वाणिज्य विभाग, भूगोल विभाग एवं हिंदी विभाग में स्थापित किए गए है। इन स्मार्ट बोर्ड द्वारा डिजिटल टीचिंग, ऑनलाइन क्लासेस, इंटरनेट के माध्यम से पढ़ाई, ऑनलाइन कॉन्फ्रेंस, सेमिनार तथा अन्य अनेक कार्य किए जा सकते है। आज के तकनीकी युग में विद्यार्थियों के यह लिए बेहद उपयोगी साबित होंगे। पूर्व मंत्री रिणवां ने कहा कि वो लगातार रतनगढ़, सरदारशहर क्षेत्र में सरकार तथा भामाशाहों के सहयोग से विद्यालयों और महाविद्यालयों के विकास के लिए प्रयास कर रहे है। उन्होंने महाविद्यालय की मांग के अनुसार विभिन्न विषयों में राजकीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारंभ करवाने के लिए सकारात्मक आश्वासन दिया। इस अवसर पर समाजसेवी श्याम पारीक, महाविद्यालय विकास समिति सदस्य मुकेश जोशी, वरिष्ठ संकाय सदस्य एमए खान, शेरसिंह, संत कुमार मीणा, डॉ गजानंद शर्मा, कमलेश जोशी, मुकेश कुमार प्रजापत, डॉ देवीलाल रोझ, लालचंद मीणा, राजकुमार झांकल, महेश कुमार, जयरत्न लखेरा, डॉ सिद्धि गुप्ता, डॉ सुनीता मीणा, डॉ अलका जांगिड़, लता गुर्जर, सुमन, सुभाषचंद्र दईया, सुनीता गोदारा, डॉ प्रभाकर दीक्षित आदि संकाय सदस्य तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन भवानीशंकर ने किया।

## रानी लक्ष्मीबाई शाखा में धूमधाम से मनाई गई रानी लक्ष्मीबाई जयंती

### एडवोकेट गायत्री पुनिया के नेतृत्व में पुष्पांजलि और देशभक्ति गीतों के साथ हुआ आयोजन



जयपुर टाइम्स

(निस.)रानी लक्ष्मीबाई शाखा में बुधवार को वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाई गई। कार्यक्रम का नेतृत्व समाजसेवी और एडवोकेट गायत्री पुनिया ने किया। इस अवसर पर शाखा की सभी बहनों ने वीरांगना की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और राष्ट्रगान एवं वंदे मातरम् गीत गाकर वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। एडवोकेट गायत्री पुनिया ने अपने संबोधन में कहा कि रानी लक्ष्मीबाई केवल एक नाम नहीं, बल्कि महिलाओं के साहस, स्वाभिमान और अटूट आत्मविश्वास का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि आज की बेटियों को रानी लक्ष्मीबाई के त्याग, पराक्रम और निर्भीकता से प्रेरणा लेकर हर क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान बहनों ने रानी लक्ष्मीबाई के जीवन, संघर्ष और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके अदम्य साहस को याद किया। शाखा परिसर देशभक्ति के नारों और उत्साहपूर्ण माहौल से गूंज उठा। शाखा की बहनों ने कहा कि ऐसे आयोजन से समाज में मातृशक्ति के उत्थान और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की भावना सुदृढ़ होती है। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने राष्ट्रहित और नारीशक्ति के सशक्तिकरण का संकल्प लिया। रानी लक्ष्मीबाई जयंती पर आयोजित यह कार्यक्रम भावनाओं, प्रेरणा और उत्साह से भरपूर रहा, जिसने सभी उपस्थित लोगों के मन में देशभक्ति की नई उमंग भर दी।

## केकेसी पीजी महाविद्यालय में फ्रेशर पार्टी का आयोजन, नव-प्रवेशित विद्यार्थियों का किया स्वागत

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के केकेसी पीजी महाविद्यालय में सीनियर छात्रों द्वारा नव-प्रवेशित जूनियर विद्यार्थियों के स्वागत हेतु फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केकेसी परिवार ने माँ सरस्वती की दिव्य कृपा का आह्वान करते हुए दीप प्रज्वलन से किया। इसी के साथ पूरे



परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल छा गया। छात्राओ ने मनमोहक गणेश वंदना से वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय कर दिया। इसके पश्चात फ्रेशर्स पार्टी के मंच पर छात्र छात्राओं ने अपनी बेहतरीन प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। खुशबू, भावना और नंदिनी ने अपनी मनमोहक पंजाबी प्रस्तुति से पूरे माहौल को ऊर्जा से भर दिया। अनुष्का जांगिड़ ने पारंपरिक राजस्थानी नृत्य के माध्यम से सबका दिल जीत लिया। वासु एवं उनकी टीम ने ड्रामा परोडी प्रस्तुत कर दर्शकों को खूब मनोरंजन किया।? दिशा एंड ग्रुप ने धमाकेदार बॉलीवुड मेशअप से सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। शीलू कंवर समूह ने अपनी उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम की शोभा और बढ़ा दी। सभी प्रस्तुतियों ने मिलकर फ्रेशर्स पार्टी को यादगार और उत्साहपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर संस्था निदेशक डॉ किशोर सिंह राठौड़ ने अपने उद्बोधन में कहा कि फ्रेशर पार्टी केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि नए विद्यार्थियों के साथ आत्मीय संबंध स्थापित करने का एक सुंदर अवसर है। आप सभी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें और अनुशासन, परिश्रम तथा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें। उप प्राचार्य महबूब अली चौहान ने सभी आगंतुकों, विद्यार्थियों एवं आयोजन समिति का हार्दिक अभिनंदन करते हुए सफल आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कर्यक्रम मे मिस्टर फ्रेशर का खिताब बीसीए के आशीष को दिया गया व मिस फ्रेशर बीसीए की छात्रा प्रीति रहीं। कार्यक्रम का संचालन भगवती, नवरंग व अमन ने किया। इस अवसर पर केकेसी परिवार के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

## गोल्ड मेडल जीतकर पुष्पा सहारण ने बढ़ाया मान, महाविद्यालय में किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस.)।** महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालयश्रबीकानेर की अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता एसजीएन खालसा महाविद्यालय में पिछले दिनों आयोजित हुई प्रतियोगिता में एसबीडी महाविद्यालय की राष्ट्रीय खिलाड़ी पुष्पा सारण ने महिला वर्ग के 10 हजार मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक एवं 4 हजार मीटर में कांस्य पदक प्राप्त किया। इस उपलक्ष में महाविद्यालय में बुधवार को पुष्पा सारण के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन कर उनका अभिनंदन किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां व प्राचार्य डॉ कविता दीक्षित ने पुष्पा सारण को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र सम्मानित प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री रिणवां ने कहा कि पुष्पा सरदारशहर की बेटियों के लिए आदर्श है। बेटियों को शिक्षा के साथ-साथ अपने शारिरीक एवं मानसिक विकास के लिए खेलकूद गतिविधियों में अधिकाधिक भाग लेना चाहिए। प्राचार्य डॉ कविता दीक्षित ने कहा कि महाविद्यालय में विगत वर्षों में नियमित खेल गतिविधियों की तैयारी करवाई जा रही है। उसी का परिणाम है कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय स्तर पर पर अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेर रहे हैं। महाविद्यालय के खेल विभाग प्रभारी डॉ प्रभाकर दीक्षित ने बताया कि पुष्पा सारण विगत तीन वर्षों से राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर रही है। इस अवसर समाजसेवी श्याम पारीक, महाविद्यालय विकास समिति सदस्य मुकेश जोशी, वरिष्ठ संकाय सदस्य एमए खान, शेर सिंह, संत कुमार मीणा, डॉ गजानंद शर्मा, कमलेश जोशी, मुकेश कुमार प्रजापत, डॉ देवीलाल रोझ, लालचंद मीणा, राजकुमार झांकल, महेश कुमार, जयरतन लखेरा, डॉ सिद्धि गुप्ता, डॉ सुनीता मीणा, डॉ अलका जांगिड़, लता गुर्जर, सुमन, सुभाष चंद्र दईया, सुनीता गोदारा, डॉ प्रभाकर दीक्षित आदि संकाय सदस्य तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन भवानीशंकर ने किया।

## एआईसीसी सचिव बनने पर रेहाना रियाज़ का किया अभिनन्दन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** चूरू जिला मुख्यालय स्थित शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस में सांसद राहुल कस्वां व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया ने नव नियुक्त एआईसीसी सचिव व महाराष्ट्र सह प्रभारी रेहाना रियाज चिस्ती का साफा, शॉल व गुलजस्ता भेंट कर अभिनन्दन किया। सांसद कस्वां ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने



आपको समय समय पर अनेक जिम्मेदारिया देकर चूरू को गौरवानित किया है। निश्चित ही इससे पार्टी में नई उर्जा का संचार होगा। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया ने कहा कि रेहाना रियाज को वर्षो से संगठन में कार्य करने का जो अनुभव है उससे पार्टी को संबल मिलेगा और हमारी एकजुटता से ही भाजपा के होसले पस्त होगें। अपने स्वागत कार्यक्रम में रिहाना रियाज ने कहा पार्टी का प्रदेश नेतृत्व हो या राष्ट्रीय नेतृत्व जो जिम्मेदारी मुझे दी जाती रही है उसको लगन और मेहनत से करने का पुरा प्रयास किया है। अब हम सब मिलकर एकजुटता के साथ प्रदेश व देश में भाजपा को बेनकाब कर आमजन को राहत दिलाने का कार्य करेगे। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान ने किया। इस अवसर पर पीसीसी सचिव रियाजत खां, पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया, देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धान्धू, शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, पं.स. प्रतिपक्ष नेता धर्मेन्द्र बुडानिया, किसान नेता आदूराम न्यौल, मोहम्मद हुसैन निर्बाण, रमजान खां, कमला पुनियां, आशाराम सैनी, सुनिता कपुरिया, योगेश ढाका, नारायण बालाण, हेमन्त सिहाग, हर्ष लाम्बा, शेर खां मलखाण, सुरेन्द्र ढण्ड, सोहनलाल मेघवाल, लालाचंद सैनी, दीपिका सोनी, ज्योती सिंह, बालीबाई, जयचंद मेघवाल, सुरेश फोगावट अजीज खां, संजय भाटी, आरिफ रिसालदार, तोफिक खान, समीउल्लाह, जाफर खां, बाबूमंत्री, सलीम पीए, सोयल डीके, तारिख नागौरी, नौमान सयैद, विनोद खटीक, गोकुल शर्मा, अनीस खान, सहित सैकडों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## इथेनॉल केमिकल से भरा ट्रक पलटा, भानीपुरा थाना के नजदीक मेगा हाईवे पर हुआ हादसा

### हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, भानीपुरा पुलिस ने संभाला मोर्चा,

### केमिकल ज्वलनशील पदार्थ होने से मौके पर पहुंची दमकल



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** भानीपुरा थाना अंतर्गत मेगा हाईवे पर बुकनसर फांटा के पास सोमवार देर रात्रि को एक बड़ा हादसा होते होते टल गया। भानीपुरा पुलिस थाने के पास स्टैंड के नजदीक इथेनॉल केमिकल से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। लेकिन ट्रक से केमिकल का रिसाव शुरू हो गया। सूचना मिलते ही भानीपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने बताया कि इथेनॉल एक ज्वलनशील रसायन है। जिसके कारण आग लगने की आशंका थी। इसे देखते हुए दमकल को भी मौके पर बुलाया गया। केमिकल रिसाव को रोकने के लिए एक बड़ी जेसीबी मशीन बुलाई गई। जेसीबी से गड्ढा खोदकर केमिकल को उसमें नियंत्रित तरीके से बहाया जा रहा है। पुलिस टीम मौके पर तैनात है और हाईवे पर वाहनों का आवागमन सावधानीपूर्वक सुनिश्चित की जा रही है। ट्रक पंजाब से किशनगढ़ की ओर जा रहा था। भानीपुरा के पास अचानक एक गाय के सामने आ जाने से चालक ने स्टीयरिंग मोड़ा जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इथेनॉल एक ज्वलनशील रासायनिक पदार्थ है। जिसे इथाइल अल्कोहल भी कहा जाता है। यह रंगहीन, तेज गंध वाला और आसानी से आग पकड़ने वाला रसायन है। इसका उपयोग मुख्य रूप से पेट्रोल में मिलाकर ईंधन इथेनॉल-मिश्रित ईंधन तैयार करने में होता है। इसके अतिरिक्त यह दवाइयों, सैनिटाइज़र, पेंट, परफ्यूम और क्लीनर के निर्माण में तथा कुछ उद्योगों में सॉल्वेंट के रूप में भी इस्तेमाल होता है।

## *जमानत आवेदन किया खारिज*

*जयपुर टाइम्स*

***सुजानगढ़(नि.सं.)।*** *स्थानीय अपर जिला एवं सत्र न्यायालय ने लाठी से हमला करने के मामले में आरोपी का जमानत आवेदन खारिज कर दिया है। अपर लोक अभियोजक श्याम सुंदर खंडेलवाल ने बताया कि आरोपी धन्नाराम उर्फ राजू पुत्र आदूराम निवासी ईंयारा का जमानत आवेदन खारिज किया गया है। प्रकरण के तहत आरोपी धन्नाराम पर 20 सितम्बर को श्रवणराम के साथ लाठी व सरियों से मारपीट का आरोप लगाया गया था और सांडवा थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोपी अभी न्यायिक अभिरक्षा में है। मामले में सरकार की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक श्याम सुन्दर खण्डेलवाल ने की।*

# फेक न्यूज़ व डीप फेक पर लगामः आईएसबी और राजस्थान पुलिस की विशेष कार्यशाला

## डीजीपी राजीव शर्मा ने कहा- भ्रामक प्रचार रोकने के लिए मीडिया फैक्ट चेक और तकनीक का प्रयोग करें

जयपुर टाइम्स



**जयपुर/झुंझुनूं(निसं.)।** इंटरनेट पर तेज़ी से बढ़ रहे डीप फेक और फ़ेक न्यूज़ की चुनौती से निपटने के लिए इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) हैदराबाद और राजस्थान पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को राजस्थान पुलिस अकादमी के नालंदा सभागार में मीडियाकर्मियों के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य मीडिया और पुलिस को एआई टूल्स की मदद से ऑनलाइन प्रसारित भ्रामक सामग्री को पहचानने और रोकने के तरीकों से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महानिदेशक पुलिस राजीव शर्मा ने कहा कि आज के दौर में पुरानी घटनाओं को नई के रूप में प्रस्तुत कर चंद सेकंडों में लाखों लोगों तक पहुँचाया जाता है। उन्होंने इनफॉर्मेशन वॉर के टूल के रूप में फ़ेक न्यूज़ के कारण क़ानून और व्यवस्था बिगड़ने, मानसिक प्रताड़ना और फ़ाइनेंशियल फ्रॉड जैसी घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। डीजीपी श्री शर्मा ने बताया कि देश में 9 मिलियन से अधिक इंटरनेट यूज़र हैं, जिनमें से 34 प्रतिशत सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं और अक्सर झूठी ख़बरों पर निर्भर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि 18 से 24 वर्ष के युवाओं को इस संबंध में जनजागरूकता की सबसे अधिक ज़रूरत है। डीजीपी ने मीडिया से ब्रेकिंग न्यूज़ देने की जल्दबाज़ी में फैक्ट चेक (तथ्य जाँच) करने की अपील की, क्योंकि एक ग़लत न्यूज से बड़ा नुक़सान हो सकता है। उन्होंने मीडिया को भी तकनीक का इस्तेमाल करने और किसी भी स्तर पर शंका होने पर पुलिस के साथ मिलकर प्रयास करने का आह्वान किया। उनका ज़ोर था कि मीडिया और पुलिस अलर्ट रहे और भ्रामक प्रचार को रोकने के लिए मिलकर प्रयास करे ताकि सच्चाई ही आम जन तक पहुंचे और आईटी का इस्तेमाल अच्छे कामों में हो सके। इस कार्यशाला का आयोजन राजस्थान पुलिस अकादमी के ऑडिटोरियम भवन में किया गया। इसमें मीडियाकर्मियों और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों ने भाग लिया। इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस की तरफ़ से वरिष्ठ फैकल्टी प्रोफेसर मनीष गंगवार, मेजर विनीत कुमार समेत लगभग 10 सदस्यों की टीम ने मीडियाकर्मियों को डीप फेक की पहचान के लिए एआई टूल्स के उपयोग पर प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर डीजी साइबर क्राइम व लॉ एंड आर्डर संजय अग्रवाल, राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक एवं अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस संजीब नार्जारी, अतिरिक्त महानिदेशक (साइबर क्राइम) पुलिस वीके सिंह, महानिरीक्षक पुलिस अजय पाल लांबा, डीआईजी कुंवर राष्ट्रदीप, एसपी राशि डोगरा, शांतनु सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# फ्रेशर पार्टी का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** मंडावा नगरपालिका के निकट पूनम बालिका महाविद्यालय में नवागंतुक छात्राओ के सम्मान में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्या नीतू ढाका थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक प्रवीण बगड़िया ने की। कार्यक्रम में नव आगंतुक छात्राओ ने मिस फ्रेशर का चयन करने के लिए कैट वाक, प्रश्न उत्तर राउंड,और खेल का आयोजन किया। इस में महाविद्यालय की काफी छात्राओ ने भाग लिया। जिसमे से खुशी खन्ना मिस फ्रेशर चुनी गई। वही पायल जांगिड़ और निकिता रनर अप चुनी गई। इस अवसर पर नवागन्तुक छात्राओ ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मिस फ्रेशर को सैश,ताज पहनाकर सम्मान किया गया। छात्राओ ने केक काटकर खुशी मनाई। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि ऐसे आयोजन करने से विद्यार्थी को सिखने को मिलता है। साथ ही नये विद्यार्थी पुराने विद्यार्थियों के साथ घुल मिल जाते है और उनको घर का सा वातावरण मिलता है। पुरानी छात्राओं ने नई छात्राओ को तिलक लगाकर स्वागत् किया। इस अवसर पर जयप्रकाश सोनी,लोकेन्द्र सिंह, संदीप कुमार, आकांक्षा शर्मा,कोमल शर्मा,भारती बुंदेला सहित स्टाफ।

# नवलगढ़ पंचायत समिति में सोलर ऊर्जा प्रणाली का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निसं.)।** आज नवलगढ़ पंचायत समिति प्रांगण में सोलर ऊर्जा सिस्टम का उद्घाटन बड़े ही उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य, नवलगढ़ क्षेत्र की सभी पंचायतों के सरपंचगण तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान पंचायत समिति के प्रधान दिनेश सुंडा ने बताया कि सोलर ऊर्जा प्रणाली के शुभारंभ से पंचायत समिति के बिजली खर्च में भारी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि इस पहल से नवलगढ़ पंचायत समिति न केवल ऊर्जा की बचत करेगी, बल्कि 'ग्रीन पंचायत समिति' के रूप में एक नई पहचान भी स्थापित करेगी। प्रधान सुंडा ने कहा कि यह सिस्टम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और आने वाले समय में पंचायत क्षेत्र को आत्मनिर्भर एवं स्वच्छ ऊर्जा की ओर अग्रसर करेगा।इस दौरान पंचायत समिति सदस्य बाबूलाल शर्मा, कमल किशोर ,सुभाष लांबा, रामनिवास डूडी ,रामनिवास सैनी, मेजर जयराम सिंह ,मोहिनी देवी, बनवारी लाल दूत, जिला परिषद सदस्य बजरंग लाल जांगिड़ ,बीरबल सिंह गोदारा ,सरपंच गण भंवर सिंह धींवा, महावीर प्रसाद भामू ,अनीता चौधरी ,तारा पूनिया, प्रकाश देवी ,राजेंद्र सिंह शेखावत ,बुधराम महला ,भंवरी देवी, संतोष देवी ,रतनलाल गोयल, सुमन देवी, महेंद्र सैनी ,राजेंद्र कुमार सैनी, रामकरण ,कांता देवी ,शोभा कंवर, सुमेर सिंह ,सुशीला देवी, मंजू देवी, संपत देवी, करनीराम ,सजना देवी, जुम्मा देवी ,रघुवीर झुरिया ,हीरामणि आदि मौजूद रहे।

# नवलगढ़ में इंदिरा गांधी की जयंती धूमधाम से मनाई गई



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ़ भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती सोमवार को नवलगढ़ पंचायत समिति प्रांगण में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत समिति के प्रधान दिनेश सुंडा ने की। इस अवसर पर सभी सरपंचगणों ने इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में पंचायत समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे और सभी ने देश के विकास में इंदिरा गांधी के योगदान को याद किया। प्रधान दिनेश सुंडा ने कहा कि इंदिरा गांधी देश की प्रेरणास्रोत थीं, जिन्होंने भारत को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने उनके आदर्शों और नीतियों को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य बाबूलाल शर्मा ,कमल किशोर, सुभाष लांबा, रामनिवास डूडी ,रामनिवास सैनी, मेजर जयराम सिंह मोहिनी देवी ,बनवारी लाल दूत जिला परिषद सदस्य, बजरंग लाल जांगिड़, बीरबल सिंह गोदारा, सरपंच गण भंवर सिंह धींवा, महावीर प्रसाद भामू ,अनीता चौधरी, तारा पूनिया ,प्रकाश देवी, राजेंद्र सिंह शेखावत, बुधराम महला ,भंवरी देवी ,संतोष देवी, रतनलाल गोयल ,सुमन देवी ,महेंद्र सैनी, राजेंद्र कुमार सैनी, रामकरण, कांता देवी, शोभा कंवर ,सुमेर सिंह, सुशीला देवी ,मंजू देवी ,संपत देवी ,करनीराम ,सजना देवी ,जुम्मा देवी ,रघुवीर झुरिया, हीरामणि आदि मौजूद रहे।

# मोबिना बानो को मिला पट्टा

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** 69 ए के तहत स्थानीय निवासी मोबिना बानो को नगरपरिषद की सभापति निलोफर गौरी ने पट्टा प्रदान किया है। सामाजिक कार्यकर्ता सोहिल गोपालपुरिया ने बताया कि इस कार्य में नगरपरिषद के एटीपी उदयसिंह, दिनेश गुर्जर, सोहन महरिया आदि की विशेष भूमिका रही। सोहिल ने बताया कि यह महिला आत्मनिर्भर है और बूंदी बंधेज से अपने परिवार का पालन पोषण करती है। वहीं महिला मोबिना बानो पट्टा पाकर खुश नजर आई।

# इस सरकारी स्कूल में 1 बच्ची-1 टीचर, मासूम पर सरकार हर साल खर्च करती है 10 लाख रुपए

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निसं.)** नवलड़ी ग्राम पंचायत की खीचड़ों की ढाणी में एक ऐसा सरकारी स्कूल है, जो राज्य की शिक्षा व्यवस्था की एक अनोखी तस्वीर पेश करता है। यहां पढ़ने वाली एकमात्र छात्रा 7 वर्षीय खुशी खीचड़ है। विद्यालय में अध्यापिका मनीषा नियुक्त हैं, जबकि पोषाहार बनाने के लिए एक महिला कार्यरत है। पूरा विद्यालय इसी एक बच्ची और एक ही अध्यापिका के भरोसे चलता है। अध्यापिका अकेली होने के कारण जिस दिन वे बीमार हो जातीं या किसी अन्य वजह से छुट्टी पर रहती हैं, उस दिन स्कूल का ताला तक नहीं खुलता। वहीं जिस दिन बच्ची किसी कारण से नहीं आ पाती, उस दिन अध्यापिका के पास पढ़ाने के लिए कोई विद्यार्थी नहीं होता। डेंगू होने के कारण अध्यापिका मनीषा इस महीने करीब 10 दिन अवकाश पर रहीं और खुशी को घर पर ही रहना पड़ा। शिक्षिका का वेतन, पोषाहार बनाने वाली महिला का मानदेय और विद्यालय का स्थाई खर्च, इन सबका योग करें तो इस विद्यालय में एकमात्र छात्रा की शिक्षा पर सालाना करीब 10 लाख रुपए खर्च हो रहा है। पिछले सत्र में विद्यालय में दो विद्यार्थी और दो अध्यापिकाएं कार्यरत थीं। एक अध्यापिका सेवानिवृत्त हो गई और एक बच्चा पांचवीं कक्षा पास कर दूसरे विद्यालय में चला गया। खुशी का घर विद्यालय से करीब 200 मीटर दूर है और साधारण किसान परिवार से होने के चलते परिजनों ने नजदीक होने के कारण यहीं उसका नामांकन करवाया। दो दिन पहले उच्च माध्यमिक विद्यालय नवलड़ी के प्रधानाचार्य एवं पीईईओ ने बताया कि खुशी का नामांकन उच्च माध्यमिक विद्यालय में करवा दिया गया है और प्राथमिक विद्यालय की अध्यापिका मनीषा की ड्यूटी भी वहीं लगा दी गई है। मीडिया टीम मौके पर पहुंची तो इसी प्राथमिक विद्यालय में अध्यापिका मनीषा ड्यूटी पर थीं और खुशी को पढ़ा रही थीं। अध्यापिका ने बताया कि स्कूल शिफ्ट किए जाने का उनके पास कोई लिखित आदेश नहीं है। गौरतलब है कि प्राथमिक विद्यालय खुशी के घर से 200 मीटर दूर है, जबकि उच्च माध्यमिक विद्यालय नवलड़ी करीब 4 किलोमीटर दूर है।

### इनका कहना है

विद्यालय शिफ्ट करने का अधिकार न पीईईओ के पास है और न ही मेरे अधिकार क्षेत्र में। पीईईओ के माध्यम से प्राप्त पत्र सीबीईओ कार्यालय उच्चाधिकारियों को भेजता है। अंतिम निर्णय राज्य सरकार के सक्षम अधिकारी ही लेते हैं।

**आत्माराम, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, नवलगढ़**

# चाकूबाजी की घटना कारित करने का मुल्जिम साजन को किया गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ़ पुलिस द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई। आरोपी के खिलाफ अलग-अलग थानो पर 10 से अधिक प्रकरण दर्ज है। बृजेश ज्योति उपाध्याय आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला झुंझुनूं के निर्देशन, देवेन्द्रसिंह राजावत आरपीएस अति पुलिस अधीक्षक मुख्यालय जिला झुंझुनूं के मार्गदर्शन में महावीर सिंह आरपीएस वृताधिकारी नवलगढ़ के सुपरविजन एवं थानाधिकारी अजय सिंह व थाना नवलगढ के नेतृत्व में थाना नवलगढ टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये चाकूबाजी की घटना को करने वाले आरोपी साजन को गिरफ्तार किया गया। घटना सोमवार को परिवादी पर्चा बयान अजय असवाल खटीकान मोहल्ला नवलगढ ने बताया की प्रातः आठ बजें के लगभग मैं मेरी मोटरसाईकिल लेकर गुगा मण्डी जा रहा था तो रास्ते मे मेरे को साजन नायक निवासी नवलगढ मिला। उसने मेरे रोका व शराब के नशे मे उसने मेरे साथ गाली गलौच व हाथापाई से मारपीट की तथा मैने बचाव किया तो साजन ने जेब से चाकू निकाल कर मेरे पर हमला कर मेरी बांयी बगल मे चाकू से वार किया जिससे मेरी बांयी बगल मे गहरा घाव हो गया बाद में हमला कर साजन वहां से भाग गया। फिर मैंने मेरे भाई राहुल को मौके पर बुलाया जो पहले मेरे को घर पर लेकर गया मेरे घर से मुझे मेरा भाई राहुल व मोहल्ले के अन्य लोगो मेरे राजकीय जिला अस्पताल नवलगढ लेकर आये जहां पर मेरा ईलाज चल रहा है इत्यादी पर्चा बयान पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। नवलगढ पुलिस द्वारा चाकूबाजी की घटना करने वाले आरोपी साजन स्वामी पुत्र भागीरथ जाति स्वामी नायक निवासी नवलगढ को दिनांक बुधवार को नवलगढ से दस्तयाब कर बाद अनुसंधान के गिरफ्तार किया गया है। गठित टीम पुलिस थाना नवलगढ अजय सिह पु. नि थानाधिकारी थाना नवलगढ ,कृपालसिह स उ नि थाना नवलगढ,सुरेश सउनि थाना नवलगढ,बाबुलाल कानि 318 थाना नवलगढ ,श्रवण कानि 484 थाना नवलगढ, प्रेमचन्द कानि 1090 थाना नवलगढ गिरफ्तार मुलजिम साजन स्वामी पुत्र भागीरथमल जाति स्वामी नायक उम्र 29 साल निवासी वार्ड नं 24 गोगामेडी के पास नवलगढ थाना नवलगढ। आरोपी के आपराधिक रिकार्ड धारा में पूर्व में अनेकों धाराओं पर मामला दर्ज है।

# वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई गौरव यात्रा निकाली

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** झांसी की रानी लक्ष्मीबाई जयंती के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई द्वारा शहर में -वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई गौरव यात्रा.. धूमधाम से निकाली गई। यात्रा का उद्देश्य झांसी की रानी के अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और त्याग के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना रहा। यात्रा की शुरुआत सुजानगढ़ जिला संगठन मंत्री एवं सीकर विभाग छात्रा प्रमुख सुश्री रमा शेखावत, नगर मंत्री शुभम प्रजापत व मुख्य अतिथि सुभाष पारीक ने लक्ष्मीबाई प्रतिमा के दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित करते हुए वेंकटेश्वर मंदिर से यात्रा को झंडी दिखाकर किया। ढोल-नगाड़ों, पारंपरिक वेशभूषा और तिरंगे की शान से सजी यह यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए आगे बढ़ी। इस यात्रा में छात्राओं द्वारा 'खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी.. नारो का उद्घोष किए गए। यह यात्रा मुख्य बाजार से निकली और जगह-जगह पुष्पवर्षा कर लोगों ने स्वागत किया। इस दौरान विभाग प्रमुख सुश्री रमा शेखावत ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई भारतीय स्वाधीनता संग्राम की अमर प्रतीक है। उनके साहस की गाथा आज भी नई पीढ़ी को प्रेरित करती है। नगर मंत्री शुभम प्रजापत ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हर वर्ष रानी लक्ष्मीबाई जयंती को राष्ट्रीय कार्यक्रम के मनाता आया है। संगठन ने इस अवसर पर युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए शिक्षा, सेवा और सामाजिक नेतृत्व के माध्यम से रानी लक्ष्मीबाई के आदर्शों को आगे बढ़ाएँ। भाजपा युवा मोर्चा संयोजक हिमांशु भाटी ने बताया कि गौरव यात्रा का समापन गांधी चौक में रानी लक्ष्मी बाई को पुष्प श्रद्धांजलि देते हुए किया। कार्यक्रम में ए. बी. वी. पी के कार्यकर्ता एसएफएस संयोजक विशाल सोनी, राहुल सांवरिया, छतर सिंह, हर्षित शर्मा, आस्था स्वामी, रोहित जाटोलिया, देवकीनंदन, इकाई अध्यक्ष बच्चन सिंह, त्रिवेणी कंवर, रुचिका सैन, नीरज, विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026

# मंडावा में 246038 मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित, ऑनलाइन कार्य प्रगति पर

## गणना प्रपत्र ऑनलाइन भरने को दें अधिकाधिक दिया जा रहा है बढ़ावा

जयपुर टाइम्स



**मंडावा(कासं.)।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मंडावा उपखंड सहित मंडावा विधानसभा क्षेत्र में कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। निर्वाचन अधिकारी स्वयं फील्ड में सक्रिय रहते हुए बी एल ओ के कामकाज में आ रही व्यवहारिक समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।पूजा लाखलान प्रोग्रामर सुभाष चंद्र, राजेश कुमार ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा राज्य में मतदाता सूची शुद्धि को लेकर जारी एसआईआर परिगणना प्रपत्र अभियान का कार्य प्रगति पर है। बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र वितरण पश्चात घर घर से संकलित करने के बाद सुपरवाईजरो के माध्यम से ऑनलाईन टीम को उपलब्ध करवाये जा रहे है। टीम द्वारा प्राप्त गणना प्रपत्रो को उच्च अधिकारियो के निर्देशानुसार बेबसाइट पर ऑन लाईन कार्य पंचायत समिति कक्ष में गतिपुर्ण किया जा रहा है। इस अवसर पर सुभाष चन्द्र,प्रोग्रामर,राकेश कुमार सहायक प्रोग्रामर,गुजंन बीसीआई, विजेश बीसीआई, तबसुम कनिष्ट सहायक,अनिल ढ़ाका कनिष्ट सहायक सहयोग कर रहे है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) की शुरुआत के बाद से अब तक जिले की मंडावा विधानसभा क्षेत्र में दो लाख इकावन हजार चार सो एक में से 2 लाख 46 हजार 38 मतदाताओं तक गणना प्रपत्र पहुंचाए जा चुके हैं। मंडावा क्षेत्र में कुल 2,46 ,038 गणना प्रपत्रों का वितरण किया जा चुका है, जिनमें से अब तक अधिकांश प्राप्त हुए प्रपत्र ऑनलाइन अपलोड हो चुके हैं। निर्वाचन अधिकारी ने स्थानीय लोगों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्र के बी एल ओ का पूरा सहयोग करें, क्योंकि यह कार्य राष्ट्रहित से जुड़ा हुआ है और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा कि सही और अद्यतन मतदाता सूची लोकतंत्र की नींव होती है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह समय पर अपने दस्तावेज उपलब्ध कराए। प्रशासन का प्रयास है कि मंडावा विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची शत-प्रतिशत सटीक और त्रुटिरहित तैयार हो सके।

# झुंझुनूं में 50 हजार पशुओं का होगा रजिस्ट्रेशनः मोबाइल से भी कर सकेंगे पंजीकरण

**झुंझुनूं(निसं.)** मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत झुंझुनूं जिले में इस साल 50 हजार पशुओं का निशुल्क बीमा किया जाएगा। इसके लिए रजिस्ट्रेशन 21 नवंबर से शुरू होंगे, जबकि 1 दिसंबर से ग्रामीण स्तर पर विशेष बीमा शिविर लगाए जाएंगे। विभाग का दावा है कि इस बार पूरी प्रक्रिया को सरल और तेज बनाया गया है, ताकि पशुपालकों को बार-बार दौड़ना न पड़े और पॉलिसी समय पर जारी हो सके।



### प्रदेश में 21 लाख पशुओं को मिलेगा बीमा सुरक्षा

राज्य में योजना के तहत इस वर्ष भी कुल 21 लाख पशुओं को मुफ्त बीमा कवर मिलेगा। पिछले साल की बजट घोषणा को मिलाकर दो वर्षों में यह संख्या 42 लाख तक पहुंचाई जाएगी। वर्ष 2024-25 की तरह इस बार भी 5-5 लाख दुधारू गाय-भैंस, 5-5 लाख भेड़-बकरी और 1 लाख ऊंटों का बीमा किया जाएगा।2025-26 को जोड़ते हुए दो वर्षों में दुधारू पशुओं का लक्ष्य 10-10 लाख, भेड़-बकरी 10-10 लाख और ऊंट 2 लाख तक किया गया है।

### जिले में 50 हजार का लक्ष्य

झुंझुनूं जिले की 8 तहसीलों–झुंझुनूं, मलसीसर, उदयपुरवाटी, नवलगढ़, खेतड़ी, चिड़ावा, सूरजगढ़ और बुहाना–में कुल 50 हजार पशुओं का बीमा किया जाएगा।इनमें शामिल होंगेः

12 हजार 500 गाय
13 हजार 700 भैंस
9 हजार 400 भेड़
10 हजार बकरी
4 करीब 500 ऊंट

पशुपालन विभाग ने ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को लक्ष्य पूरा करने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

### मोबाइल से खुद कर सकेंगे रजिस्ट्रेशन

इस बार पशुपालक अपने एंड्रॉयड फोन से खुद रजिस्ट्रेशन कर पाएंगे। इसके लिए जनाधार कार्ड जरूरी रहेगा।रजिस्ट्रेशन के दौरान– पशुपालक और पशु की फोटो अपलोड करनी होगी पशु का ईयर टैग नंबर भरना होगा जनाधार से जुड़ा मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा रजिस्ट्रेशन की सुविधा ई-मित्र केंद्रों और शिविरों में भी उपलब्ध रहेगी। इस बार एक जनाधार कार्ड से 1 की बजाय 10 ऊंटों का बीमा कराया जा सकेगा। मोबाइल से भी कर सकेंगे पंजीकरण; जानें- क्या होंगे नियम और कैसे कर सकेंगे बीमा सर्वेयर और पशु चिकित्सक एक साथ जाएंगे, पॉलिसी 7 दिन में पिछले साल पॉलिसियों में देरी की शिकायतें थीं, क्योंकि सर्वेयर और पशु चिकित्सक अलग-अलग जाते थे।इस बार– दोनों एक साथ पशुपालक के घर जाएंगे मौके पर ही सर्वे और दस्तावेजों का सत्यापन होगा बीमा प्रस्ताव तुरंत SIPF को भेजा जाएगा इससे पॉलिसी एक सप्ताह के भीतर जारी होने की उम्मीद है। जिन पशुपालकों की लॉटरी पहले निकल चुकी है और सर्वे हो चुका है लेकिन पॉलिसी लंबित है, उन्हें भी इसी प्रक्रिया से लाभ मिलेगा।